नई दिल्ली, शनिवार, 28 मार्च 2026 ■ चैत्र मास शुक्ल पक्ष -10 ■ वर्ष : 29, अंक : 343 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 31 न्यून. 21 haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



रामलला का दिव्य सूर्य तिलक

**4 मिनट तक दमका रामलला का ललाट** | **रामनवमी पर अयोध्या में श्री रामलला का दिव्य एवं अलौकिक सूर्य तिलक**

# ओम नमोस्तु सूर्याय सहस्त्र रश्मये

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में शुक्रवार दोपहर ठीक 12 बजे अभिजीत मुहूर्त के दौरान प्रभु रामलला का भव्य सूर्य तिलक किया गया। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यह बालक राम का दूसरा सूर्य तिलक है, जिसमें करीब 4 मिनट तक सूर्य की नीली किरणें उनके ललाट पर पड़ती रहीं। इस अलौकिक दृश्य को साकार करने के लिए बेंगलुरु के वैज्ञानिकों ने विशेष उपकरणों का निर्माण किया था। रामनवमी के इस विशेष अवसर पर भगवान को पीले रंग के वस्त्र पहनाए गए और जन्मोत्सव के समय गर्भगृह में 14 विशेष पुजारी मौजूद रहे। सूर्य देव की किरणों को दर्पण और लेंस के जरिए परावर्तित कर सीधे रामलला के मस्तक तक पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रामलला के दर्शन किए। राम नवमी के अवसर पर उन्होंने भगवान राम की पूजा-अर्चना की और राम मंदिर में 'सूर्य तिलक' अनुष्ठान देखा। पीएमओ की ओर से एक तस्वीर जारी की गई है जिसमें पीएम लाइव टीवी पर राम मंदिर में हो रहे अनुष्ठान को देख रहे हैं। वहीं, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सूर्यवंश शिरोमणि प्रभु श्री रामलला के दिव्य भाल पर विराजित यह स्वर्णिम 'सूर्य तिलक' आस्था, आत्मगौरव और अध्यात्म का आलोक है।



पीएम मोदी टीवी पर लाइव देखते हुए

## पीएम मोदी ने किए लाइव दर्शन

» **इस खगोलीय घटना को देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं ने सीधे प्रसारण के जरिए देखा**

### वैज्ञानिकों की मेहनत और राम-त्व का संगम

*बेंगलुरु के वैज्ञानिकों ने सूर्य की गति का गहन अध्ययन कर ये खास उपकरण तैयार किए हैं। ट्रस्ट के अनुसार इन उपकरणों की डिजाइन ऐसी है कि अगले 19 साल तक सूर्य की गति में होने वाले बदलावों के बावजूद किसी छेड़छाड़ की जरूरत नहीं होगी।*




## खबर संक्षेप

### ओलंपिक में ट्रांसजेंडर महिला कैटेगरी में बैन



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) ने ऐलान किया है कि 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक और भविष्य में होने वाले खेलों में ट्रांसजेंडर महिलाएं महिला कैटेगरी में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। बायोलॉजिकल महिलाओं को ही अनुमति होगी। नई नीति के मुताबिक, अलिंग की पुष्टि के लिए एक बार जीन टेस्ट से गुजरना होगा।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 94.82 के निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। रुपया 86 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक बार फिर सर्वकालिक निचले स्तर 94.82 पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरे सत्र में रुपए में गिरावट है।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में टीम इंडिया की बड़ी बैठक

## पश्चिम एशिया संकट पर मुख्यमंत्रियों के साथ की ऊर्जा आपूर्ति और तैयारी की समीक्षा



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देश की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित की गई, जिसमें राज्यों से उनकी तैयारियों और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। युद्ध की परिस्थिति में टीम इंडिया एकजुट दिखे। एकसुर में बात करे। जमाखोरों के खिलाफ सख्त एक्शन हो इस रणनीति पर विभिन्न मुख्यमंत्रियों से विस्तार से विमर्श हुआ।

### राज्यों की आपातकालीन तैयारी

पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों के माध्यम से एकबार फिर सरकार की ओर से देश को भरोसा दिलाया कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त बनी हुई है और किसी तरह की घबराहट की जरूरत नहीं है।

### किन राज्यों ने नहीं लिया हिस्सा

चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं हुए, क्योंकि वहां आचार संहिता लागू है। ऐसे राज्यों के लिए अलग से बैठक आयोजित की जाएगी।

### बड़े नेताओं की मौजूदगी

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री और रक्षा मंत्री सहित कई वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार इस संकट को लेकर उच्च स्तर पर निगरानी और समन्वय कर रही है।

### क्यों महत्वपूर्ण है यह बैठक

यह पहली बार है जब पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर प्रधानमंत्री ने सीधे मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। 28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ा है। भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए यह स्थिति आर्थिक और रणनीतिक दोनों दृष्टि से अहम है।

### सरकार की व्यापक रणनीति

इस बैठक से पहले केंद्र सरकार सर्वदलीय बैठक कर चुकी है। संसद में इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री तैयारी पर चर्चा कर चुके हैं। राज्यों से मिलकर 'टीम इंडिया' अप्रोच अपनाने पर जोर दे रही है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच केंद्र सरकार कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। प्रधानमंत्री मोदी की यह बैठक इस बात का संकेत है कि भारत ऊर्जा, आपूर्ति और आंतरिक स्थिरता को लेकर पूरी तरह सतर्क है और केंद्र-राज्य मिलकर इस वैश्विक संकट से निपटने की तैयारी कर रहे हैं।

### ये था बैठक का मुख्य एजेंडा:

1. ऊर्जा सुरक्षा और पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता
2. एलपीजी और जरूरी वस्तुओं की सप्लाई चेन
3. पश्चिम एशिया संकट का भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

'एक्स' पोस्ट में बोले पुरी, लॉकडाउन लगाने को लेकर उड़ रही अफवाह, सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है

## पश्चिम-एशिया संकट पर अंतर-मंत्रालयी समूह का हुआ गठन, राजनाथ करेंगे अध्यक्षता

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में बीते 28 दिनों से अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच भीषण युद्ध चल रहा है। जिसकी वजह से वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट बढ़ने के आसार नजर आ रहे हैं। कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल इस तथ्य की तस्दीक करता है। लेकिन इसके उलट, भारत में कई जरूरी कदम उठाए गए हैं। जिनमें सबसे पहले शुक्रवार को सरकार ने एक उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया है। जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। उनके अलावा इसमें गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

समूह का मुख्य दायित्व मौजूदा संकट पर बेहद गंभीरता के साथ लगातार निगरानी बनाए रखना और देश के हितों को सुरक्षित करना है। यहां बता दें कि समूह के गठन के बारे में पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में इस विषय पर दिए गए अपने बयान के दौरान जानकारी दी थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि मामले पर सरकार का अंतर-मंत्रालयी समूह लगातार अपनी बैठकें करता है। जिसमें हालात के आकलन के साथ जरूरी समाधानों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

*युद्ध के बीच प्रभावित हुई सप्लाई, लेकिन सरकार ने नहीं बढ़ाई कीमतें, 40% तक बढ़ा एलपीजी उत्पादन: सुजाता शर्मा*



### लॉकडाउन की सिर्फ अफवाह है: पुरी

वहीं, केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से आम जनता को यह स्पष्ट कर दिया है कि क्षेत्र में युद्ध से उपजे हालातों के बीच सरकार की देश में लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है। इस संबंध में जो भी बातें कही जा रही हैं। वो सिर्फ और सिर्फ कोरी अफवाह से और ज्यादा कुछ नहीं हैं। इसलिए अफवाहों पर कतई विश्वास न करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ऊर्जा और अन्य जरूरी चीजों की आपूर्ति को बेरोकटोक जारी रखने की कवायद में जुटी हुई है। उन्होंने ▸▸ शेष पेज 5 पर

### एलपीजी का उत्पादन 40% पर पहुंचा

मामले पर हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने भी दोहराया कि हम युद्ध के हालात के बीच ही खड़े हैं। जिससे हमारी कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी की सप्लाई प्रभावित हुई है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। जबकि भारत में ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उलटा सरकार ने एक्साइज ड्यूटी घटा दी है, जिसमें पेट्रोल पर 13 से कम करके 3 रुपए और डीजल पर 10 रुपए से घटाकर शून्य की गई है। वहीं, इन सबके बीच एलपीजी को लेकर हमारी 90% आयात निर्भरता है, जिसकी पूर्ति होर्मुज की खाड़ी के इलाके से होती है। लेकिन अब एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़कर 40% पर पहुंच गया है। 28 फरवरी को युद्ध की शुरुआत के बाद से केंद्र का यह प्रयास है कि इसके ▸▸ शेष पेज 5 पर

*प्रियंका गांधी के पीए और कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल घेरे में*

## कांग्रेस नेताओं पर टिकट के बदले करोड़ों की ऐंठने के आरोप में एफआईआर दर्ज

» ***2024 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में बावल सीट से टिकट पाने के लिए 7 करोड़ रूपये देने का आरोप***

» ***हरियाणा में पूर्व महिला कांग्रेस महासचिव सुचित्रा देवी ने कांग्रेस नेताओं पर लगाये थे आरोप***



सुचित्रा देवी



वेणुगोपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ टिकट दिलवाने के बदले करोड़ों की ऐंठने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। मामला हरियाणा विधानसभा की बावल सीट से जुड़ा है। हरियाणा में पूर्व महिला कांग्रेस महासचिव सुचित्रा देवी के पति गौरव कुमार ने 2024 के विधानसभा चुनाव में बावल विधानसभा सीट से टिकट के लिए कांग्रेस नेताओं को 7 करोड़ रुपये देने का आरोप लगाया। इस संबंध में नई दिल्ली जिले के नॉर्थ एवेन्यू थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**किसके खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर ?:** नई दिल्ली के नॉर्थ एवेन्यू थाने में एफआईआर नंबर 0011/2026 दर्ज हुई है। इसमें प्रियंका गांधी के पीए साहब अहमद खान, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, केसी वेणुगोपाल के पीए अंश अली और सांसद के सुरेश का नाम शामिल है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 61(2), 318(4) और 316(2) के तहत दर्ज किया गया है।

गौरव का दावा है कि उन्होंने पत्नी को टिकट दिलाने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के. सुरेश, केसी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी वाड्रा के पीए साहब खान समेत अन्य सहयोगियों को लगभग 7 करोड़ रुपये दिए थे। उनका आरोप है कि न तो उन्हें टिकट मिला और न ही उनके पैसे वापस किए जा रहे। उन्होंने सबूत के तौर पर व्हाट्सएप चैट और अन्य दस्तावेज दिल्ली पुलिस ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ओपनिंग सेरेमनी के बिना ही आज से आईपीएल 2026 का आगाज

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा पहला मैच, बेंगलुरु- हैदराबाद के बीच होगी टक्कर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

क्रिकेट के सबसे बड़े महाकुंभ आईपीएल के 19वें सीजन का आगाज शनिवार 28 मार्च से होने जा रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बेंगलुरु में हुई भगदड़ के 11 पीड़ितों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 की ओपनिंग सेरेमनी रद कर दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2026 का पहला मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच से पहले कोई जश्न नहीं होगा। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल 31 मई को भव्य व लोजिंग सेरेमनी आयोजित करने की योजना बना रही है। आईपीएल 2025 का खिताब आरसीबी ने जीता था। ट्रॉफी के जश्न के दौरान 4 जून, 2025 को एम ▸▸ शेष पेज 5 पर



### आरसीबी के दो गोलंदाज नहीं खेलेंगे

विराट कोहली एक बार फिर आरसीबी के लिए मैच विनर साबित हो सकते हैं। चिन्नास्वामी की छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जाती है। हालांकि, मैच से ठीक पहले स्टार तेज गेंदबाजों की चोट ने आरसीबी की टीम में थोड़ी चिंता जरूर पैदा की है। यश दयाल और नुवान तुषारा जैसे नामों की कमी टीम को खल सकती है। सनराइजर्स ▸▸ शेष पेज 5 पर

### संसद ही रहेगी सुप्रीम, व्यापार सुगमता बढ़ेगी, बनी रहेगी न्यायिक प्रक्रिया: जितिन प्रसाद

## लोकसभा में पेश हुआ 'जन विश्वास संशोधन विधेयक', विरोध में विपक्ष...

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



लोकसभा में शुक्रवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री जितिन प्रसाद ने 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक-2026' पेश किया है। जिसका उद्देश्य उन्होंने देश में व्यापार सुगमता को बढ़ावा देना बताते हुए कहा कि इससे संसद के अधिकार जस के तस बने रहेंगे और उद्योगों को व्यापार करने के लिए 'रेड कार्पेट' यानी लाल कालीन वाली व्यवस्था मिलेगी। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने विधेयक का विरोध किया और इसे एक बार फिर से संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की मांग की। जिस पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने कहा कि पहले ही सरकार इस विधेयक को जेपीसी की रिपोर्ट के साथ सदन में लेकर आई है। इतिहास में भी कोई बिल केवल एक बार ही संसदीय समिति को भेजने की परंपरा रही है। ऐसे में अब दोबारा से इसकी कोई गुंजाइश नजर नहीं आती है। कांग्रेस ने 70 के दशक में संशोधन के जरिए संविधान ही बदल दिया था, हम सिर्फ विधेयक में बदलाव ला रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के कथन को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और अनुराग सिंह ठाकुर का समर्थन मिला।

**संसद के अधिकारों पर होगा कुठाराघात:** कांग्रेस सांसद एडवोकेट गोवाल पदवी ने लोकसभा के नियम-372 के तहत विधेयक ▸▸ शेष पेज 5 पर

### एस-400 मिसाइल सिस्टम सहित सशस्त्र सेनाओं के लिए खरीदे जाएंगे जरूरी विध्वंसक हथियार

## अस्थिर वैश्विक हालात में डीएसी ने दी 2.38 लाख करोड़ के रक्षा प्रस्तावों को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर पश्चिम-एशिया क्षेत्र में जारी युद्ध और घरेलू स्तर पर चीन-पाकिस्तान की सीमाओं से मिलती साझा चुनौती के बीच शुक्रवार को राजधानी में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की है।

बैठक में वायुसेना के लिए रूस से कुल करीब पांच एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की खरीद के अलावा मध्यम परिवहन विमान, बख्तरबंद वाहन, धनुष तोप सिस्टम और रनवे स्वतंत्र हवाई प्रणाली सहित कुल 2.38 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) के साथ मंजूरी दी गई है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बैठक में रक्षा मंत्री के अलावा सेना, वायुसेना, नौसेना-तटरक्षकबल के शीर्ष अधिकारी व मंत्रालय के कई अन्य वरिष्ठ सैन्य-असैन्य ▸▸ शेष पेज 5 पर

**पहले की तुलना में कई गुना बढ़ेगी सेनाओं की मारक क्षमता**



### मौजूदा वित्त वर्ष में स्वीकृत हुए 503 प्रस्ताव

वित्त वर्ष-2025-26 में डीएसी ने करीब 6.53 लाख करोड़ रुपए के 55 रक्षा खरीद प्रस्तावों पर अपनी सहमति की मुहर लगाई है। जबकि पूंजीगत खरीद वाले समझौतों की बात करें तो उनकी संख्या 503 होने के साथ ही इनके क्रियान्वयन से जुड़ी हुई धनराशि 2.28 लाख ▸▸ शेष पेज 5 पर

### धनुष तोप से बढ़ेगी सेना की क्षमता

मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने सेना के लिए जिन रक्षा प्रस्तावों को हरी झंडी प्रदान की है। उनमें हवाई रक्षा पहचान सिस्टम, बख्तरबंद भेदी टैंकों का गोला बारूद, धनुष तोप सिस्टम, उच्च क्षमता वाली रेडियो रिले, रनवे स्वतंत्र हवाई निगरानी सिस्टम मुख्य हैं। हवाई रक्षा पहचान प्रणाली सेना को वास्तविक समय में वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग क्षमता प्रदान करेगी। रेडियो रिले एक भरोसेमंद और बिना किसी गलती की गुंजाइश वाली संचार सेवा की सुविधा देगी। धनुष तोप बल के तोपखाने की क्षमता में बढ़ोतरी करेगी, रनवे स्वतंत्र प्रणाली सैन्य इकाइयों को निगरानी सुविधा प्रदान करेगी और बख्तरबंद भेदी टैंक गोलाबारूद सेना की युद्धक क्षमता में इजाफा करेगा। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### दोनों शूटरों के पैर में लगी गोली

# बवाना हत्याकांड में वांछित दो शूटर मुठभेड़ के बाद दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने बवाना में रवि भारद्वाज हत्याकांड में वांछित टिल्लू गिरोह के दो शूटरों को रोहिणी इलाके में मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। रोहिणी सेक्टर-28 में हुई इस मुठभेड़ में दोनों शूटरों के पैर में गोली लगी है। इनमें एक नाबालिग है। दूसरे आरोपी का नाम कुणाल है। इनसे पहले केस में एक और आरोपी पकड़ में आया था जिसका नाम आकाश बताया गया है। इनके पास से सात कारतूसों के साथ दो हाई-एंड सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौलें और एक चोरी की स्कूटी बरामद हुई।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार बवाना के हरेवली गांव में रवि भारद्वाज नाम के व्यक्ति की 19 मार्च को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हमले में उसके पिता समेत तीन अन्य लोग भी घायल हो गए थे। आरोप है कि यह हमला गिरोहों के बीच आपसी दुश्मनी का नतीजा था। हत्याकांड के कथित मुख्य शूटर 20 वर्षीय एक व्यक्ति को बृहस्पतिवार को बिहार के बेगूसराय से गिरफ्तार किया गया था। मूलरूप से दिल्ली के नांगल ठाकरान का रहने वाला आकाश उर्फ बिट्टू उर्फ खुड्डी, टिल्लू ताजपुरिया गिरोह का प्रमुख गुर्गा बताया जाता है। इससे मिली सूचना के बाद रोहिणी में ट्रेप लगाकर दो और शूटरों को पकड़ा गया। जांच के दौरान आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई स्कूटी भी चोरी की पाई गई। स्कूटी रानी बाग थाना एरिया से चुराई गई थी। आरोपी कुणाल की पिछली संलिप्तता मिली है। इसके खिलाफ दिल्ली और हरियाणा में सात मामले दर्ज पाये गये।

गौरतलब है कि जितेंद्र गोगी गैंग और टिल्लू ताजपुरिया गैंग के बीच हिंसक दुश्मनी एक दशक से भी ज्यादा समय से चली आ रही है, जिसकी मुख्य वजह दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में संगठित आपराधिक गतिविधियों पर अपना वर्चस्व स्थापित करना है। इस आपसी झगड़े के चलते जेल के अंदर और बाहर, दोनों जगहों पर कई बदले की हत्याएं हुई हैं, जिससे सार्वजनिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के सामने लगातार चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। 24 सितंबर 2021 को रोहिणी कोर्ट परिसर के अंदर जितेंद्र गोगी की सनसनीखेज़ हत्या के साथ ही यह संघर्ष और भी ज्यादा उग्र हो गया था। इसके बाद बदले का यह सिलसिला लगातार जारी रहा। मई 2023 में विरोधी गैंग के मुख्य सरगना टिल्लू ताजपुरिया (सुनील मान) की हत्या तिहाड़ जेल के अंदर ही गोगी गुट से जुड़े सदस्यों द्वारा कर दी गई। एक अति-सुरक्षित जेल के भीतर हुई इस हत्या ने दोनों गुटों के बीच गहरी जड़ें जमा चुकी दुश्मनी और किसी भी कीमत पर विरोधी गुट के नेतृत्व को खत्म कर देने के उनके पक्के इरादे को और भी ज्यादा स्पष्ट कर दिया। सुनील मान उर्फ टिल्लू की मौत के बाद, उसके गुट की कमान अब दीपक पक्कासमा और हिम्मत उर्फ चीकू के हाथों में है। हिम्मत टिल्लू का खास साथी था। हाल ही में न्यायालय ने उसे पैरोल दी थी, लेकिन पैरोल की अवधि समाप्त होने के बाद भी उसने आत्मसमर्पण नहीं किया। यह भी पता चला है कि दीपक पक्कासमा और हिम्मत ही रवि भारद्वाज की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता हैं, जिन्होंने अपने गुर्गों के जरिए इस वारदात को अंजाम दिया। मृतक रवि भारद्वाज कथित तौर पर जेल में बंद गैंगस्टर जितेंद्र गोगी गिरोह के दीपक उर्फ तीतर से जुड़ा हुआ था।

## त्रिनगर में घर में आग लगने से छह लोग झुलसे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के त्रिनगर इलाके में शुक्रवार सुबह चार मंजिला एक इमारत में भीषण आग लगने से तीन साल की बच्ची समेत छह लोग झुलस गए। झुलसे लोगों के नाम भरत लाल (32), अनीता (55), प्रीतम लाल (30), वंदना (24), मोनी (27) और सोमिया (3) बताये गये हैं। सभी घायलों को दीप चंद बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा बाद में महिलाओं को सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में पानी की मोटर में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार सुबह सात बजकर 10 मिनट पर त्रिनगर के गणेशपुर इलाके में एक घर में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गई। सुबह सात बजकर 45 मिनट तक आग पर काबू पा लिया गया था। वहीं पुलिस ने बताया कि घर में आग लगने और उसमें कुछ लोगों के फंसे होने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि 50 वर्ग गज के भूखंड पर बनी इमारत की सीढ़ियों के पास खड़ी एक मोटरसाइकिल, बिजली के तार और घरेलू सामान आग में जलकर खाक हो चुके थे। हालांकि, भूतल पर स्थित साड़ी की दुकान को कोई नुकसान नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि आग में झुलसे लोग इमारत की दूसरी मंजिल पर रह रहे थे, जबकि एक अन्य किरायेदार तीसरी मंजिल पर रहता था। प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि आग सीढ़ियों के पास लगे पानी वाले मोटर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी जहां सौंदर्य प्रसाधन का सामान भी रखा था। वहीं पास में खड़ी मोटरसाइकिल से आग और भड़क गयी होगी।

## नशामुक्ति केंद्र में इंजीनियर ने की साथी मरीज़ की चाकू मारकर हत्या

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी दिल्ली के हिरंकी स्थित नशामुक्ति केंद्र में इलाज करा रहे एक केमिकल इंजीनियर ने शुक्रवार को अपने साथी मरीज की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह घटना कश्मीरी कॉलोनी स्थित श्किरणदीप फाउंडेशन्श में हुई। पुलिस ने बताया कि अलीपुर थाने में चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची और परिसर में खून बिखरा हुआ पाया। एक अधिकारी ने बताया, श्जांच में पता चला कि घायल को पहले ही बुराड़ी के एक अस्पताल में ले जाया चुका था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृत व्यक्ति की पहचान बुराड़ी के सत्य विहार निवासी अरुण कुमार (22) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, कुमार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से था और उसके पिता रिक्शा चलाते हैं। परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि किशोरावस्था में उसे नशे की लत लग गई थी और इलाज के लिए उसे पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अरुण जोशी (27) को घटनास्थल पर ही पकड़ लिया और उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि त्रिनगर निवासी जोशी भी इसी नशामुक्ति केंद्र में इलाज करा रहा था। उसके पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान जोशी ने खुलासा किया कि घटना से कुछ दिन पहले कुमार के साथ उसका झगड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि यह झगड़ा तब बढ़ गया, जब कुमार ने उसे कुछ अपशब्द कहे, जिसके बाद जोशी ने बदला लेने के लिए उसपर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र में फिलहाल करीब 27 नशे के आदी लोग भर्ती हैं। अधिकारी ने बताया, श्दिल्ली स्थित एक संस्थान से केमिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने वाले आरोपी को कॉलेज के दिनों में गांजा के सेवन की लत पड़ गई थी और करीब नौ महीने पहले उसे नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था।

## रामपुरा में नकली लेवाइस जींस फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिमी जिले की डीआईयू टीम ने रामपुर में नकली लेवाइस जींस फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। ट्रेडमार्क उल्लंघन के इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। मौके से 1400 से अधिक नकली लेवाइस जींस और एक्सेसरीज बरामद की गई। इसके अलावा सिलाई मशीनें और बड़ी मात्रा में नकली सामग्री जब्त हुई। पकड़े गये लोगों के नाम प्रमोद यादव, अमर प्रसाद और मुकेश कुमार यादव है।

पुलिस के अनुसार लेवाइस ब्रांड के नकली उत्पादों के अवैध निर्माण और बिक्री के संबंध में शिकायत मिलने के बाद डीआईयू की एक टीम का गठन किया गया था। सूचना को सत्यापित करने के बाद रामपुरा गांव में एक छापा मारा गया। छापे के दौरान मौके से ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच करने पर लेवाइस ब्रांड के नकली उत्पादों की भारी मात्रा बरामद हुई, जिसमें 1125 नकली लेवाइस जींस पैंट, 300 अधूरी लेवाइस जींस, तीन सिलाई मशीनें, 579 लेवाइस ब्रांड के स्टिकर, 130 लेवाइस ब्रांड की बेल्ट और 285 लेवाइस जींस के पॉकेट के टुकड़े शामिल थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे अवैध मुनाफा कमाने के लिए स्थानीय बाजार में नकली ब्रांडेड उत्पादों के निर्माण और आपूर्ति में शामिल थे। इस संबंध में केशव पुरम थाने में ट्रेड मार्क्स अधिनियम की धारा 103/104 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

## नए प्रशिक्षित कांस्टेबलों की हुई पासिंग आउट परेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली पुलिस अकादमी झड़ौदा कलां में शुक्रवार को 100 प्रशिक्षु कांस्टेबलों (बैच संख्या 126) के लिए एक पासिंग आउट और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इन प्रशिक्षुओं ने अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया और अब वे दिल्ली पुलिस बल में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस अकादमी के उप निदेशक राजबीर सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर समारोह में पहुंचे।

ट्रेनिंग के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सिपाही अमित कुमार को ऑल राउंड बेस्ट ट्रॉफी प्रदान की गई। अमित आउटडोर विषयों में भी प्रथम स्थान पर रहे। महिला कांस्टेबल मुकेश रानी इनडोर विषयों में प्रथम रहीं। कांस्टेबल रॉकी कुमार कमांडो प्रशिक्षण में प्रथम रहे, जबकि कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह और महिला कांस्टेबल ज्योति पुलिस प्रक्रियाओं में प्रथम स्थान पर रहे। परेड कमांडर, कांस्टेबल रोहन चौधरी ने बैच की ओर से आरआरयू प्रमाणपत्र प्राप्त किया। डीपीए के अपर निदेशक रिछपाल सिंह ने प्रशिक्षुओं को बधाई दी और अनुशासन, टीम वर्क तथा जनसेवा के मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला, जो प्रशिक्षण के दौरान उनमें विकसित किए गए हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं के बीच मौजूद विविधता के बारे में भी बात की और बताया कि यह किस प्रकार पुलिस बल को और अधिक सशक्त बनाती है। कुल संख्या में से 15 दिल्ली से, 28 हरियाणा, 25 यूपी, 24 राजस्थान, पांच एमपी और एक-एक पंजाब, उत्तराखंड और केरल से हैं। उन्होंने पास आउट हो रहे पुलिस कर्मियों को शपथ भी दिलाई। उप निदेशक, डीपीए ने प्रशिक्षुओं को बधाई दी और उन्हें प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को अपने फील्ड ड्यूटी में लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान उन्हें देश की राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आने वाली कठिन और चुनौतीपूर्ण स्थितियों से निपटने में मदद करेगा। प्रशिक्षुओं के परिवार के सदस्यों, डीपीए के अधिकारियों और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) के प्रतिनिधियों डॉ. अभिषेक अवध (सहायक प्रोफेसर) और महेंद्र कुमार (प्रशासनिक अधिकारी) ने भी इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

## दिल्ली में बढ़ाई जाए किसानों की मुआवजा राशि : बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुक्रवार को संसद में किसानों की मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग उठाई। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली की 69 एफ्लुएंट कॉलोनियों को पास करने तथा जीडीए पॉलिसी व लैंड पूलिंग पॉलिसी भी शीघ्र ही लागू करने की मांग की ताकि दिल्ली का विकास नियोजित ढंग से हो सके। सांसद बिधूड़ी ने शून्य काल में यह मामला उठाते हुए कहा कि दिल्ली देहात तथा दिल्ली से जुड़े कई मामले लंबे समय से पेंडिंग चले आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की जाती है, उनकी मुआवजा राशि 2008 में तय की गई थी और तब से उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया। यह राशि 53 लाख रुपए प्रति एकड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए प्रति एकड़ की जाए। इसके अलावा लालडोरा की एक्सटेंडेट आबादी को भी नियमित किया जाए। सांसद बिधूड़ी ने उन 69 कॉलोनियों का मामला संसद में फिर उठाया जिन्हें पीएम उदय योजना के अंतर्गत शामिल नहीं किया गया। बिधूड़ी ने कहा कि सैनिक फार्म तथा छतरपुर एक्सटेंशन जैसी इन कॉलोनियों को भी नियमित किया जाए और ले आउट प्लान बनाकर वहां के लोगों को मालिकाना अधिकार दिए जाएं ताकि वे बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार अपना घर बना सकें। छह लाख से अधिक लोगों के लिए यह एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुमित कुमार, पुत्रः** संजय भाटी, **निवासीः** गांव साकीपुर, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश ने मुकदमा **FIR No. 205/2022 U/s 452/308/323/34 IPC, थानाः सरोजिनी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुमित कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुमित कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 205/2022 U/s 452/308/323/34 IPC, थानाः सरोजिनी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुमित कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।


**आदेशानुसार**
**सुश्री विजयश्री राठौर**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05**
**कमरा नं. 13, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/3967/SW/2026
(Court Matter)

## एलजी संधू से लोक निवास मिलने पहुंचे अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर

### दिल्ली के विकास पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर शुक्रवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से मिलने लोक निवास पहुंचे। एलजी संधू ने गर्मजोशी से अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का स्वागत किया। लोक निवास सचिवालय के अनुसार एलजी संधू और राजदूत के बीच अन्य के अलावा दिल्ली के विकास को लेकर पर चर्चा हुई। गोर इससे पहले संधू के उपराज्यपाल पद की शपथ ग्रहण समारोह में भी पहुंचे थे। बताया गया कि मुलाकात के दौरान संधू ने प्रवासी नेताओं से दिल्ली विकास में भागीदारी पर जोर दिया है। इस मुलाकात को लेकर एलजी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर फोटो सहित पोस्ट करते हुए लिखा है कि अपने मित्र और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मिलकर खुशी हुई। बाद में संधू ने लोक निवास में वैश्विक भारतीय प्रवासी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। चर्चा में कई क्षेत्रों को शामिल किया गया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। बता दें पूर्व राजनयिक संधू को संयुक्त राज्य अमेरिका के मामलों के कई मामलों में अनुभवी विशेषज्ञों में से एक माना जाता है। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास में कई बार अपनी सेवाएं दीं है। संधू, फरवरी 2020 से जनवरी 2024 तक संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत के राजदूत भी रहे।

## सरकार की फ्री महिला बस सेवा हो रही है धोखा साबित, बसों की कमी बड़ा कारणः यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने महिलाओं को डीटीसी के अंतर्गत चलने वाली बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा के नाम पर भी धोखा ही दिया है। यादव ने कहा कि भाजपा शासन के दौरान दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था जनता के अनुपात के अनुसार अधिक दबाव में है और डीटीसी बेड़े में बसों की संख्या सिर्फ 3213 रह गई है। जोकि गत 13 वर्षों में सबसे कम है, जनता के बीच यह जानकारी आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में सामने आई है। आम आदमी पार्टी द्वारा 2019 में डीटीसी में महिलाओं को मुफ्त यात्रा जारी करने को भाजपा ने भी बेशक जारी रखा है। लेकिन केजरीवाल सरकार की तरह रेखा गुप्ता सरकार भी दिल्ली की सड़कों से लगातार हटती डीटीसी बसों को रोक नही सकी है। जिसके कारण पिछले 5 वर्षों में डीटीसी और कलस्टर बसों की प्रतिदिन राईडरशिप में 20 प्रतिशत की कमी आई है। यादव ने कहा कि दिल्ली की 3 करोड़ जनसंख्या के अनुपात अनुसार दिल्ली में लगभग 13000 से अधिक बसें सड़कों पर होनी चाहिए। लेकिन वर्तमान में डीटीसी और कलस्टर बसों को जोड़कर सिर्फ 6966 है। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने वाली बसों की औसत संख्या में कटौती हुई है। वर्ष 2019-20 में जहां प्रतिदिन 3222 बसें सड़कों पर चलती थी वहीं 2025-26 में यह संख्या घटकर 2615 रह गई है, जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि बसों की कमी और जनता के विश्वास में कमी के कारण 2013-14 में प्रतिदिन 43.5 लाख यात्री के अनुपात में 2025-25 में यह संख्या घटकर 24.3 लाख रह गया है। पिछले 13 वर्षों में 44 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार द्वारा दिल्ली वासियों को बेहतर परिवहन व्यवस्था देने की सोच इस बात से उजागर होती है कि पिछले 2025-26 में डीटीसी का बजट 9110 करोड़ था, वहीं 2026-27 इस वर्ष डीटीसी के बजट में 736 करोड़ की कटौती करके 8374 करोड़ रखा है।

## हत्या के आरोप में चार नाबालिगों को पकड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तरपूर्वी दिल्ली में 17 वर्षीय एक लड़के की हत्या के आरोप में चार नाबालिगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। न्यू उस्मानपुर थाने को जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल के पास डीडीए पार्क में एक शव के पड़े होने की बुधवार को सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित की पहचान ज़ैद (17) के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान, टीम ने कई सुरागों का विश्लेषण किया और हत्या में शामिल लोगों की पहचान करने के लिए विभिन्न स्रोतों से जानकारी जुटाई। उन्होंने बताया कि सुरागों के आधार पर 15 से 17 वर्ष की आयु के चार नाबालिगों को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान, नाबालिगों ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और खुलासा किया कि पीड़ित के साथ उनकी दुश्मनी थी। पुलिस के मुताबिक, उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किए गए दो चाकू बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में जांच जारी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अब्दुल माजिद पुत्र** अब्दुल रईस, **निवासीः** मकान नं. 350, गली नं0–2, कदमपुरी, गोकुलपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 184/2023, U/S 135 Electricity Act, पुलिस स्टेशन जामा मस्जिद, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अब्दुल माजिद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अब्दुल माजिद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 184/2023, U/S 135 Electricity Act, पुलिस स्टेशन जामा मस्जिद, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अब्दुल माजिद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सुनील चौधरी**
**विशेष न्यायाधीश, विद्युत न्यायालय–02, सेंट्रल, कमरा नं0–408, विस्तार खण्ड, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/3987/CD/2026
(Court Matter)

## दिल्ली में फिर बदला मौसम का मिजाज, कई जगह हुई हल्की बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मार्च के महीने में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली और तेज हवाओं के साथ बारिश ने राजधानी में राहत प्रदान की। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में मौसम के करवट लेने के बाद आसमान पर बादलों का जमावड़ा बना और बाद में कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश दर्ज हुई। आईएमडी ने ताजा अनुमान में येलो अलर्ट जारी करते हुए संभावना व्यक्त की है कि रविवार को दिल्ली में तेज बारिश हो सकती है। बारिश के साथ ही 30-50 किमी की गति से हवाएं भी चलने से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं सोमवार को भी दिल्ली में कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी की संभावना बन रही है। आईएमडी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला दिखाई दिया। दोपहर के आते आते आसमान बादलों से भरने लगा और बाद में कई क्षेत्रों में हल्की बारिश देखने को मिली। हालांकि बीच बीच में सूरज भी बादलों से झांकता दिखाई दिया। आईएमडी का कहना है कि मार्च के महीने में इस बार सामान्य से अधिक बारिश देखने को मिली है जबकि महीना समाप्त होने से पहले अभी पानी और बरसने की पूरी संभावना है। मार्च के महीने की शुरुआत में दिल्ली वालों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा था। लेकिन मार्च के मध्य आते ही मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया और झमाझम बारिश के दो तीन दौर देखने को मिले। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच सफदरजंग वेधशाला ने 0.5 मिमी बारिश दर्ज की है। जबकि लोदी रोड में सबसे ज्यादा 1.2 मिमी , राजघाट में 1.0 मिमी और मयूर विहार में 0.5 मिमी पानी बरसा है। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान सामान्य रूप से 32.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस है। वहीं निजी मौसम अनुमान विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत का कहना है कि एक नया और मजबूत पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत की ओर बढ़ रहा है। यह मौसम प्रणाली 28 मार्च की रात से मौसम पर असर डालना शुरू कर देगी। इसके प्रभाव से न केवल उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में बल्कि मध्य भारत के कुछ अन्य हिस्सों में भी मौसम प्रभावित होगा। 28 मार्च की रात से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के उत्तर और उत्तर-पश्चिम हिस्सों में हल्की बारिश और गरज-चमक शुरू हो सकती है। 29 मार्च तक बारिश की तीव्रता और फैलाव बढ़ने की संभावना है, जिससे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के अधिकांश जिलों में मौसम सक्रिय होगा।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | गौंची गांव फरीदाबाद में गौंची बूस्टिंग स्टेशन से रेवेन्यू रोड (वार्ड नं. 2 में फारूक एनआईटी शॉप) तक 150 मिमी डाया. डीआई जलापूर्ति लाइन के प्रावधान व बिछाकर मौजूदा जल लाइन को बदलने हेतु आकलन + 30 कार्य। | 21.03.2026 / 01.04.2026 | 7,45,13,785/- | https://etenders.hry.nic.in | 8287198705 xen1mcf@gmail.com |
| 2 | नगर निगम फरीदाबाद | एक वर्ष हेतु (2026-27) वार्ड 23 (न्यू वार्ड), फरीदाबाद में 100 मिमी, 150 मिमी और 200 मिमी डाया की जलापूर्ति लाइन/लीकेज की मरम्मत + 12 कार्य। | 24.03.2026 / 01.04.2026 | 3,56,07,998/- | https://etenders.hry.nic.in | 8287198705 ee2mcf@gmail.com |
| 3 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड नं. 24 फरीदाबाद में म. नं. बी30 अशोका एंक्लेव-2 के निकट 1 अदद डीटीएच नलकूप बोर का प्रावधान + 5 कार्य। | 24.03.2026 / 01.04.2026 | 1,08,96,723/- | https://etenders.hry.nic.in | 9953396110 ajaypanghal84@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/44236/I/88/7 दि. 27.03.26

## दिल्ली सरकार का 2026-27 का ग्रीन बजट विधानसभा में ध्वनिमत से पारित

# अब अधूरे काम किए जाएंगे पूरे, हर रुपये का रखा जाएगा सही हिसाब : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



अब अधूरे काम पूरे किए जाएंगे, हर रुपये का सही हिसाब रखा जाएगा और हर नागरिक को उसका हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब टकराव की जगह बदलाव पर ध्यान होगा और राजनीति की बजाय परफॉर्मेंस को प्राथमिकता दी जाएगी। दिल्ली अब रुकने वाली नहीं है, बल्कि तेजी से आगे बढ़ेगी और देश के लिए एक उदाहरण बनेगी। यह बातें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को विधानसभा में बजट पर अपना वक्तव्य देते हुए कही। मुख्यमंत्री के वक्तव्य के बाद वर्ष 2026-27 का बजट ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व सरकार की आर्थिक नाकामियों का कच्चा चिट्ठा खोला। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार दिल्ली पर करोड़ों रुपये का कर्ज छोड़ गई है, जिसे मौजूदा सरकार अपने प्रयासों से संभाल रही है। उन्होंने सरकार की प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि अब दिल्ली में बहानों की नहीं, परिणामों की राजनीति होगी। यह नई सरकार और नई सोच का दौर है, जहां काम पर जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा कैपिटल एक्सपेंडिचर वाला बजट है, जो केवल मुफ्त योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली में वास्तविक विकास सुनिश्चित करने का संकल्प है। सरकार ने पिछले वर्ष भी पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता दी थी और इस वर्ष उसे और बढ़ाकर गवर्नेंस में ठोस बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उन्हें सदन में अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया गया, लेकिन उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान नहीं किया और सड़क पर बैठना उचित समझा। जब किसी को सदन की मर्यादा का अनुभव ही नहीं होता तो उस पर कुछ कहना व्यर्थ है। विपक्ष के पास जब ठोस मुद्दे नहीं थे तो उन्होंने असंगत और भ्रामक मुद्दे उठाए, यहां तक कि ऐसे लोग भी बोले जिनका सदन में कोई अधिकार नहीं था।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि लोन को लेकर अनावश्यक भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि 1999 से ही सरकारें ऋण लेती रही हैं। उस समय भी हजारों करोड़ रुपये के लोन लिए गए थे और पूर्व सरकार के कार्यकाल में भी हर वर्ष ऋण लिया गया, वह भी अधिक ब्याज दरों पर। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत वर्तमान सरकार ने वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए जीएसडीपी के निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा के मुकाबले केवल 1.17 प्रतिशत ऋण लिया है, वह भी देश में सबसे कम 7.4 प्रतिशत ब्याज दर पर।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार अपने पीछे 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज छोड़कर गई, जिसमें 27 हजार 547 करोड़ रुपये अब भी बकाया है। साथ ही कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं अधूरी छोड़ी गईं और उनकी वित्तीय देनदारियां वर्तमान सरकार को वहन करनी पड़ीं। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे परियोजनाओं में 3,700 करोड़ रुपये, मेट्रो परियोजना में 9 हजार 087 करोड़ रुपये, अस्पताल निर्माण में 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक और डीएमआरसी-पीडब्ल्यूडी इंटीग्रेटेड परियोजनाओं में 1 हजार 31 करोड़ रुपये की देनदारी थी। कई स्कूल और अस्पताल वर्षों से अधूरे पड़े थे, जिनकी लागत लगातार बढ़ती गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पिछली सरकार की कई लंबित देनदारियों का भुगतान किया है, जिनमें खिलाड़ियों, ईडब्ल्यूएस वेलफेयर, स्कॉलरशिप, अवॉर्ड और किशोरी योजना से जुड़े करोड़ों रुपये शामिल हैं। इसके अलावा एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की 114 करोड़ रुपये की ट्यूशन फीस तथा दिल्ली सरकार के अधीन कॉलेजों में 538 करोड़ रुपये की देनदारी भी चुकाई गई है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं में अनियमितताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि एक मामले में बिना काम किए 250 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जो पिछली सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डीटीसी 99,000 करोड़ रुपये के घाटे में है और दिल्ली जल बोर्ड 91,000 करोड़ रुपये के नुकसान में चल रहा है। उन्होंने जल बोर्ड की बिलिंग प्रणाली को विफल बताते हुए कहा कि इसके कारण लोगों को अत्यधिक बिलों का सामना करना पड़ा। पिछली सरकार का कार्यकाल भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और जवाबदेही की कमी से भरा था, जहां लगातार नए घोटाले सामने आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा क्षेत्र में बड़े निवेश के साथ आगे बढ़ रही है ताकि बच्चों को समय पर किताबें, ड्रेस, स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक लैब और खेल सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने छात्रों की घटती संख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि यह गंभीर सवाल है कि बच्चे स्कूल क्यों छोड़ रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार ने 4478 पदों को स्वीकृति दी है और 1194 नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कर्मियों को नियुक्ति दी है ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा सके।

### इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यावरण और प्रशासनिक सुधार

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने मुनक नहर पर 5000 करोड़ रुपये की लागत से एलिवेटेड रोड, मेट्रो विस्तार, प्रदूषण नियंत्रण के लिए ईवी ट्रांजिशन, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और वॉल-टू-वॉल रोड कारपेटिंग जैसे कदम उठाए हैं। पहली बार 4200 हेक्टेयर रिज क्षेत्र को वन घोषित किया गया है और चार वर्षों में 35 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, सरकार ने लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल बनाया, फायर एनओसी को ऑनलाइन किया और 1.5 लाख से अधिक संपत्तियों में बिजली मीटर लगाने की अनुमति दी है।

### गरीबों के लिए योजनाएं और पारदर्शी वितरण प्रणाली

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों और श्रमिकों के लिए 5 रुपये में भोजन उपलब्ध करा रही है और राशन कार्ड प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए व्यापक सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि डुप्लीकेट और अपात्र लाभार्थियों को हटाकर नए पात्र लोगों को जोड़ा जा रहा है। साथ ही, सरकार ने डीबीटी के माध्यम से 853 रुपये सीधे खातों में ट्रांसफर कर पारदर्शिता सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद दिल्ली सरकार केंद्र के साथ समन्वय बनाकर काम कर रही है और एलपीजी आपूर्ति जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान किया जा रहा है।

## जल बोर्ड पर कैग की रिपोर्ट में वर्षों से चली आ रही विफलताएं उजागर : प्रवेश



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में शुक्रवार को दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कैग द्वारा जल बोर्ड पर सदन में पेश रिपोर्ट पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि कैग की रिपोर्ट में जल प्रबंधन, सीवर इंफ्रास्ट्रक्चर और यमुना सफाई में वर्षों से चली आ रही व्यवस्थागत विफलताओं को उजागर किया है। मंत्री ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान कई विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पानी, सीवर और स्थानीय इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी समस्याएं उठाईं, जो सीधे तौर पर जनता की परेशानियों को दर्शाती हैं। हालांकि, उन्होंने इस महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान विपक्ष की अनुपस्थिति पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जिन्हें जनता की आवाज उठाने के लिए चुना गया, उन्होंने ही सदन से बाहर जाना उचित समझा। जब पानी, सीवर, यमुना और भ्रष्टाचार पर जवाब देने का समय आया, तो उन्होंने जवाबदेही की जगह चुप्पी चुनी। मंत्री प्रवेश ने कहा कि रिपोर्ट में कहा गया कि जल मांग और सीवेज ट्रीटमेंट के लिए वैज्ञानिक योजना का अभाव है, 200 एमजीडी से अधिक बिना उपचारित सीवेज सीधे यमुना में प्रवाहित हो रहा है। 1 हजार से अधिक कॉलोनियों में सीवर नेटवर्क का अभाव, कई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर्यावरण मानकों पर खरे नहीं उतरे, फीकल कंटैमिनेशन की प्रभावी निगरानी का अभाव, नॉन-रेवेन्यू वाटर लॉस 45–53 प्रतिशत तक और जनसंख्या वृद्धि के अनुसार सीवर इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार नहीं किया गया।

## सदन में विशेष उल्लेख के तहत उठाए गए मामलों पर अधिकारियों को कार्रवाई करनी होगी : अध्यक्ष

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नियम विशेष उल्लेख के तहत सदस्यों द्वारा सदन में उठाए गए अपने अपने क्षेत्रों के मामलों पर अधिकारियों की अनदेखी पर शुक्रवार को सदस्यों ने सदन में आरोप लगाया। सदस्यों ने कहा कि सदन में उनके द्वारा उठाए मामलों पर अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते। उन्होंने इस पर जवाबदेही तय करने की अध्यक्ष से मांग की। सदस्यों ने सड़कों किनारे कब्जे, चरमराती यातायात व्यवस्था को लेकर कहा कि विशेष उल्लेख के मामलों पर अधिकारी सुनते नहीं हैं। इस पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने जोर देकर कहा कि मुख्य सचिव से बैठक में यह तय हुआ है कि सभी मामलों के समाधान की सूचना विधायकों को दी जाएगी। अधिकारियों को कार्रवाई करनी होगी। अन्यथा मामले प्रश्न, संदर्भ कमेटी को भेजे जाएंगे।

## कैग रिपोर्ट पर चर्चा से बचने के लिए विपक्ष ने बजट सत्र का जानबूझकर बहिष्कार किया : डॉ. पंकज

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के समापन पर, दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए प्रमुख कार्यवाहियों के दौरान विपक्ष की अनुपस्थिति की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कैग और पीएसी की रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के महत्व से अवगत होने के बावजूद, विपक्ष ने जानबूझकर भागीदारी नहीं की। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि इस प्रकार का व्यवहार गैर-जिम्मेदाराना है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह अनुपस्थिति जानबूझकर थी, विशेष रूप से उन मुद्दों को देखते हुए जो चर्चा के दौरान सामने आने वाले थे, जिनमें 'शीशमहल' से जुड़े विषय भी शामिल हैं। उन्होंने जोर दिया कि पारदर्शिता और जवाबदेही सरकार की कार्यप्रणाली के केंद्र में हैं और सदन में प्रस्तुत तथ्य सार्वजनिक रूप से सामने आते रहेंगे।

## फांसी घर मामला में सदन की अवमानना पर केजरीवाल व अन्य के खिलाफ चेतावनी का प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा सदन में फांसी घर के मामले पर शुक्रवार को नियम 77(1)(ए) के तहत पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिरला के विरुद्ध चेतावनी प्रस्ताव पारित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यद्यपि सदन के पास कारावास जैसी कठोर सजा देने का सर्वोच्च अधिकार है, लेकिन विधायिका की गरिमा को सर्वोपरि रखते हुए सदन ने न्यायिक संयम का परिचय देते हुए दंड के प्रथम चरण के रूप में यह औपचारिक चेतावनी जारी करने का निर्णय लिया है। स्थिति की गंभीरता पर सदन को संबोधित करते हुए, अध्यक्ष ने विधानसभा परिसर के भीतर 'फांसी घर' के मनगढ़ंत नैरेटिव पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस गौरवशाली भवन को फांसी घर से जोड़ना इसके वास्तविक इतिहास के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि सदन इस मामले पर अत्यंत न्यायसंगत तरीके से विचार कर रहा है। अवमानना सिद्ध हो चुकी है। विशेषाधिकार के मामलों में भारत की कोई भी अदालत राहत नहीं दे सकती, फिर भी हम इस संस्थान की मर्यादा के अनुरूप ही कार्रवाई कर रहे हैं। अध्यक्ष गुप्ता ने बताया महात्मा गांधी भी इस सदन में आए और उन्होंने एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई। विधायक जितेंद्र महाजन ने प्रस्ताव रखा कि कड़ी चेतावनी दी जाए हालांकि कई विधायक जुर्माना लगाने के पक्ष में नजर आए। विजेंद्र गुप्ता ने इंदिरा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि कोई भी सदन सर्वोपरि है, जिन्होंने फांसी घर का यह नैरेटिव गढ़ा उन्हें जेल भेजा जा सकता है। लेकिन यह देश के सामने एक सजा है इसलिए यह सदन चेतावनी देता है।

## केवल विक्टिम कार्ड खेला गया, जबकि धरातल पर शिक्षण संस्थान रहे बदहाल : सूद

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में शुक्रवार को शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने 2018 से 2023 के बीच दिल्ली सरकार के विश्वविद्यालयों के कामकाज पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पर सदन में चर्चा करते हुए पिछली सरकार पर हमला बोला। उन्होंने सदन में कहा कि शिक्षा क्रांति के नाम पर केवल 'विक्टिम कार्ड' खेला गया, जबकि धरातल पर संस्थान बदहाली का शिकार रहे। मंत्री सूद ने रिपोर्ट की गंभीरता को देखते हुए इसे लोक लेखा समिति (पीएसी) के पास भेजने की सिफारिश की है। बाद अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रिपोर्ट को जांच के लिए पीएसी को भेजने का आदेश दिया। आशीष सूद ने



कहा पिछली सरकार से सदन में जब भी जवाब मांगा जाता था या बजट पर चर्चा होती है, तो वे ठोस बात करने के बजाय ट्वीट कर देते हैं कि उन्हें गाली दी जा रही है। जेल जाने के डर से वोट मांगना और फिर हारकर जेल जाना, यह जनता देख चुकी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने हमेशा जिम्मेदारी निभाई है, चाहे वह बोफोर्स का मुद्दा हो या वर्तमान में शिक्षा क्षेत्र की अनियमितताएं।

सीएजी रिपोर्ट के हवाले से मंत्री आशीष सूद ने बताया कि 'दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी' को बिना किसी तैयारी के घोषित कर दिया गया और आज भी यह एक स्कूल की इमारत में चल रही है। उन्होंने कहा कि तीन-तीन विश्वविद्यालयों में कुल तीन विद्यार्थी दाखिल हैं। पिछले साल यह संख्या मात्र 20 थी। यह बिना योजना के लिए गए फैसलों का जीवंत प्रमाण है। इसी तरह, दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान एक स्कूल के महज 6 कमरों में सिमटा हुआ है। वहां पढ़ रहे 200-250 बच्चों के भविष्य, पाठ्यक्रम और डिग्री की प्रामाणिकता पर आज भी प्रश्नचिह्न लगा हुआ है।

## आबकारी नीति का सच अब दबाया नहीं जा सकता : सिरसा



नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति पर दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, सीएजी रिपोर्ट ने बड़े अनियमितताओं का खुलासा किया और कहा कि सच अब दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि सीएजी रिपोर्ट और पब्लिक अकाउंट्स कमेटी की टिप्पणियां यह दिखाती हैं कि कई विभागों में गड़बड़ियां हुईं, लेकिन आबकारी नीति सबसे बड़ा उदाहरण है। मंत्री सिरसा ने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट साफ बताती है कि यह कोई गलती नहीं थी, बल्कि जानबूझकर बनाई गई नीति थी। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, बिजली, लगभग हर विभाग में गड़बड़ियों सामने आई हैं, लेकिन आबकारी नीति सबसे बड़ा घोटाला है। रिपोर्ट के अनुसार 17 नवंबर 2021 से 31 अगस्त 2022 के बीच दिल्ली को लगभग 2,000 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ। कुछ लोगों को फायदा पहुंचाया गया। मंत्री सिरसा ने कहा कि हाई कोर्ट का भी मानना है कि हजारों पन्नों की चार्जशीट को यूं ही खारिज नहीं किया जा सकता। मामला गंभीर है और सच सामने आएगा। जिन्होंने जनता का पैसा लूटा है, उन्हें जवाब देना होगा। उन्होंने अरविंद केजरीवाल और पंजाब में चल रही आम आदमी पार्टी की सरकार पर दिल्ली जैसा तथाकथित शराब घोटाला पंजाब में भी करने का आरोप लगाया।

## दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की मिली धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा को लगातार तीसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली और इसकी सूचना पुलिस आयुक्त को दे दी गई। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को सदन में यह बात कही। उन्होंने बताया कि विधानसभा में विस्फोट की धमकी देने वाले ईमेल की जांच के लिए पुलिस अधिकारी शुक्रवार को विधानसभा पहुंचे थे। ये ईमेल 24 मार्च एवं 26 मार्च के बीच प्राप्त हुए थे। पुलिस से मामले की जांच में कोई ढिलाई न बरतने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने इस बात पर सहमति जताई कि यह मुद्दा गंभीर है। अध्यक्ष ने कहा कि कुछ ईमेल अलग-अलग संगठनों ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें भेजे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। विधानसभा सचिवालय को निर्देश दिया गया है कि सीसीटीवी कैमरों से पर्याप्त निगरानी सुनिश्चित की जाए और रिकॉर्ड रखने के लिए कंप्यूटरीकृत प्रवेश व्यवस्था रखी जाए।

## संगठन सृजन के तहत दिल्ली प्रदेश कांग्रेस में 14 जिला अध्यक्षों के लिए चयन की प्रक्रिया हुई शुरू



नई दिल्ली। संगठन सृजन के तहत दिल्ली प्रदेश कांग्रेस में 14 जिला अध्यक्षों के लिए चयन की प्रक्रिया का पहला चरण शुरू हो गया है। जिसके तहत एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों ने जिलों में बैठक आदि शुरू की है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला करावल नगर अंतर्गत बुराड़ी में जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाध्यक्ष के चयन प्रक्रिया व संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सुरेंद्र शर्मा, दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री हारून यूसुफ, पूर्व एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, पूर्व विधायक प्रत्याशी पी.के. मिश्रा, लोकेंद्र सिंह, मंगेश त्यागी , डॉ एस पी सिंह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक में पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने, कांग्रेस की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण रखने तथा कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद करने के साथ-साथ आम लोगों की दैनिक परेशानियों को लेकर भाजपा की दिल्ली सरकार पर तीखे सवाल उठाए गए। अपने संबोधन में एआईसीसी सचिव सुरेंद्र शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हर कार्यकर्ता एक योद्धा है। हमें न सिर्फ संगठन को मजबूत करना है, बल्कि आम जनमानस की हर पीड़ा को अपनी पीड़ा समझकर भाजपा सरकार से जवाब माँगना है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में बूथ स्तर पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, ताकि कांग्रेस की आवाज हर घर तक पहुँचे। इस मौके पर पूर्व मंत्री हारून यूसुफ ने कहा कि कि संगठन सृजन अभियान के तहत हर बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है, ताकि पार्टी की जड़ें जनता के बीच और गहरी हो सकें। कार्यकारिणी सदस्यों ने एकमत से संकल्प लिया कि कोई भी ताकत कांग्रेस की एकता को तोड़ नहीं सकती। जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा आम आदमी की आवाज रही है और आज भी उसी राह पर अडिग चल रही है।

## डीडीए का पृथ्वी दिवस पर संजय वन में महोत्सव, आज दिल्ली वाले एक घंटे बंद रखेंगे बिजली उपकरण

नई दिल्ली। पृथ्वी दिवस (अर्थ डे) पर आज शनिवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण जहां संजय वन में एक खास कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। वहीं पूरी राजधानी में दिल्ली वाले रात 8:30 बजे से एक घंटे के लिए सभी गैर जरूरी बिजली उपकरण बंद रखेंगे। इस बारे में डीडीए के अनुसार इस बार संजय वन में अनप्लग्ड के तहत लोगों को आमंत्रण है कि आएं और जंगल के माहौल से जुड़ें। इस अर्थ आवर पर 28 मार्च 2026 को संजय वन अर्थ आवर महोत्सव में प्रकृति के बीच कदम रखें। कार्यक्रम का आयोजन विश्व प्रकृति कोष (डब्लूडब्लूएफ) के सहयोग से किया जा रहा है। लोग संजय वन आए और गाइडेड वॉक, नेचर ट्रेल्स, फोटोग्राफी, जर्नलिंग, योग और जंगल से जुड़ी रोमांचक गतिविधियों का एक अलग व यादगार अनुभव प्राप्त करें। अपनी इस अनमाले पृथ्वी को एक घंटा दें, और उसके साथ एक गहरा जुड़ाव वापस पाएं। जानकारी अनुसार संजय वन अर्थ आवर महोत्सव वन-संस्कृति का हिस्सा बनने के लिए 28 मार्च 2026 शनिवार सुबह 7:00 बजे से 10 बजे तक महोत्सव का आयोजन होगा। जिसके तहत लोग संजय वन महरौली में गाइडेड वॉक, तितली और प्रकृति पर जर्नल लिखने का सत्र होगा, रचनात्मक गतिविधियां व पत्थरों पर चित्रकारी, फोटोग्राफी प्रतियोगिता आदि का आनंद लिया जा सकता है।

## एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने महिला कला कार्यशाला का किया उद्घाटन



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री के कला, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के तहत एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को तानसेन मार्ग स्थित त्रिवेणी कला संगम में एनडीएमसी की पाँच दिवसीय महिला कला कार्यशाला "शक्तिः भारतीय संस्कृति और समाज में महिलाओं का उत्सव" का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कलाकार रामेश्वर बूटा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उपाध्यक्ष चहल ने बताया कि त्रिवेणी कला संगम के सहयोग से आयोजित यह कार्यशाला 27 मार्च 2026 से शुरू होकर 31 मार्च 2026 तक चलेगी। इस कार्यशाला में 20 प्रतिष्ठित महिला कलाकार भाग ले रही हैं, जो कैनवास पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से "शक्ति" के भाव को प्रस्तुत करेंगी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए रामेश्वर बूटा ने कहा कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों को पहचान, समानता, आत्मनिर्भरता, समुदाय और आत्म-अभिव्यक्ति जैसे विषयों पर काम करने के लिए प्रेरित करती है। उपाध्यक्ष चहल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए घोषणा की कि यह पहल अब एनडीएमसी के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा बनेगी। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी इस कार्यशाला का आयोजन हर वर्ष करेगा, जिससे कला, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण को और मजबूती मिलेगी तथा महिला कलाकारों को अपनी प्रतिभा और विचार प्रस्तुत करने के लिए एक स्थायी मंच मिलेगा।

## डेंगू और मलेरिया की रोकथाम में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : सत्या शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

डेंगू और मलेरिया की रोकथाम में शिक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और प्रशिक्षण के बाद शिक्षक स्कूलों में बच्चों को प्रतिदिन जागरूक करेंगे। दिल्ली नगर निगम के शाहदरा दक्षिणी जोन में मलेरिया विभाग द्वारा डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के उद्देश्य से शिक्षकों के लिए आयोजित एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि ये नोडल शिक्षक डेंगू के लक्षणों व बचाव के तरीकों की जानकारी देंगे, जिससे क्षेत्र में मामलों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर वार्ड समिति के अध्यक्ष राम किशोर शर्मा, जोनल उपायुक्त वैरोकपम पुंशिबा सिंह, सहायक आयुक्त आदित्य सिंह, डीएचओ डॉ अजय कुमार हांडा सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम दिल्ली नगर निगम के इष्ट लक्ष्मी मार्केट स्थित एमसीडी स्कूल में आयोजित हुआ, जिसमें जोन के निगम स्कूलों से एक-एक नोडल अध्यापक ने भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 200 अध्यापकों ने भाग लेकर डेंगू-मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी प्राप्त की। वहीं, जोन में वार्ड समिति अध्यक्ष राम किशोर शर्मा ने कहा कि बच्चे अपने शिक्षकों की बातों को गंभीरता से लेते हैं, इसलिए शिक्षकों के माध्यम से जागरूकता फैलाना अधिक प्रभावी होगा। उन्होंने "डेंगू होमवर्क कार्ड" भरवाने में भी शिक्षकों की भूमिका को अहम बताया। जबकि जोनल उपायुक्त वैरोकपम पुंशिबा सिंह ने कहा कि डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव केवल सही जानकारी और जागरूकता से ही संभव है। उन्होंने सभी से मिलकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की।



## विपक्ष ने किया जोरदार हंगामा, आरोप-प्रत्यारोप के बीच कार्यवाही बाधित

# गैस सिलेंडर की भेंट चढ़ी एमसीडी की सदन बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सदन बैठक में शुक्रवार को "गैस सिलेंडर" का मुद्दा इतना गरमाया कि पूरी बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों ने केंद्र सरकार और निगम प्रशासन पर जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ाने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की, जिसके चलते सदन की कार्यवाही बाधित हो गई। बैठक में शौक प्रस्ताव पढ़ने के बाद जैसे ही महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने चर्चा शुरू करने की बात कही तो आप पार्षद महापौर के आसन की तरफ गैस सिलेंडर के कटआउट लेकर हंगामा कर आगे बढ़ने लगे। इस दौरान महापौर ने पार्षदों से शांति से बैठने का निवेदन किया लेकिन जब हंगामा नहीं रूका तो महापौर की अध्यक्षता में नेता सदन प्रवेश वाही ने प्रस्ताव पारित कर दिए। गैस सिलेंडर मामले में आप पार्षदों ने हाथों में प्रतीकात्मक गैस सिलेंडर लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि बढ़ती गैस कीमतों ने आम आदमी की रसोई पर सीधा असर डाला है, लेकिन सरकार इस गंभीर मुद्दे पर संवेदनशील नहीं है।

### जल्दबाजी में एजेंडा पास कर निकल गए महापौर : नारंग

एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बयान जारी कर भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा के महापौर राजा इकबाल सिंह ने इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा तक नहीं होने दी और जल्दबाजी में एजेंडा पास कर सदन स्थगित कर निकल गए।

### राजनीतिक ड्रामाकरते रहते हैं आम नेता : प्रवेश वाही

सत्ता पक्ष नेता सदन प्रवेश वाही ने आप पार्षदों के इस हंगामे को "राजनीतिक ड्रामा" करार देते हुए कहा कि सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाना और कार्यवाही को बाधित करना जनता के हित में नहीं है। उनका कहना था कि एमसीडी का मुख्य कार्य स्थानीय विकास से जुड़े मुद्दों को सुलझाना है, न कि राष्ट्रीय स्तर के विषयों पर अनावश्यक विवाद करना।

## रोजगार के लिए मिल रहा है सिर्फ आश्वासन : मार्शल



■ चेताया : रोजगार को लेकर तेज होगी लड़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली सिविल डिफेंस के पूर्व बस मार्शलों ने राजघाट पावर हाउस स्थित धरना स्थल पर बड़ी संख्या में एकत्र होकर अपने रोजगार के मुद्दे पर आगे की रणनीति तय की। पूर्व मार्शलों का प्रतिनिधित्व करने वाले मुकेश पाल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गुरूवार को उन्होंने राजघाट पावर हाउस पर एकजुट होकर सरकार को जगाने के लिए अपनी मांगे रखी। उन्होंने बताया कि पिछले करीब तीन वर्षों से अपने रोजगार के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं और इस मामले में कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि वे "सर पर कफन बांधकर" अपने हक के लिए बैठे हैं और जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व बस मार्शलों का कहना है कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार के शासन में 31 अक्टूबर 2023 से वे बेरोजगार हैं और सरकार से लगातार रोजगार की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले सभी बस मार्शलों को नियमित रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन अब तक उस वादे को पूरा नहीं किया गया है। मुकेश पाल सिंह ने बताया कि धरना स्थल पर विनोद पाल, नरेंद्र कुमार राय, परमजीत मंजूर और आदित्य राय सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### टीन शेड में लगी आग लाखों का सामान जला



**फरीदाबाद।** लखानी धर्मशाला के पास बिजली दफ्तर के सामने बने टीन शेड़ में बीती रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। घटना में रामलीला के प्रयोग में आने वाला सामान, वीटा का बूथ व रिक्शा जलकर स्वाह हो गया। इस घटना में लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह टीन शेड बिजली बोर्ड कार्यालय के सामने स्थित है, जहां आसपास कई वाहन भी खड़े थे।

### ब्रांडेड कूलर के नकली बनाने की फैक्टरी सील



**गाजियाबाद।** समरकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड के ब्रांड से मिलते जुलते लोगो की नकल कर कूलर और अन्य सामान बनाने, बेचने वाली दो फैक्टरियों को कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने सील कर दिया है। शिकायत समरकूल प्रबंधन की ओर से की गई थी। फैक्टरियों पर टीम ने छापा मारकर कर माल बरामद किया है। चेयरमैन ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था।

### हत्या के प्रयास मामले में 4 को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना सूरजकुंड में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर.30 ने 4 को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मुबीन, खालिद, हनीफ व मोहब्बत के रूप में हुई है। इरफान ने आरोप लगाया कि 31 अक्टूबर 2025 को चाचा के लड़के मोसिम का फोन आया कि तौहिद ने उसके साथ मारपीट की है।

### एक देसी कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने एक आरोपी को एक देसी कट्टा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पवन कुमार ने रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में थाना आदर्श नगर में लड़ाई झगड़ा का मामला दर्ज है। आरोपी जोमैटो में काम करता है और देसी कट्टा व कारतूस को भागलपुर बिहार से 8000 रुपए में लेकर आया था। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गय।

### एपीके फाइल से फोन हैक कर 90000 की ठगी



**फरीदाबाद।** ठगों द्वारा एपीके फाईल भेज फोन हैककर 90000 रुपए की ठगी के एक मामले में 26 मार्च को साइबर थाना एनआईटी की टीम ने जितेश माली व रिंकू निवासी जहांगीरपुर जिला करौली राजस्थान को दौसा राजस्थान से गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि 1 मार्च को वह इंस्टाग्राम पर सर्फिंग कर रहा था।

### टेलीग्राम टास्क के नाम पर ठगी, 4 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ के अंतर्गत महिला से टेलीग्राम टास्क के नाम पर 7,69,308 की ठगी के मामले में 25 मार्च को थाना की टीम ने टोंक राजस्थान से 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया। जिनकी पहचान कुशल, बुधी प्रकाश, लेखराज व सुनील निवासी जिला टोंक राजस्थान के रूप में हुई है। चारों आरोपी आसपास के रहने वाले हैं तथा आपस में जानकार हैं।

## सीएम से लगाई गुहार, दो घंटे के भीतर सिलेंडर पहुंच गया घर

**5 दिनों से बाहर से खाना मंगवाकर बच्चों का पेट भर रहे थे**

ओम कुमार नामक व्यक्ति ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी समस्या सांझा करते हुए बताया था कि उनके घर में पिछले कई दिनों से रसोई गैस खत्म हो चुकी है। उन्होंने 24 मार्च को सिलेंडर बुक कराया था, जिसकी डिलीवरी 27 मार्च बताई गई थी, लेकिन जब वह एजेंसी पर पहुंचे तो उन्हें 10 अप्रैल की नई तारीख दे दी गई, जिससे परिवार के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया।

सीएमओ को संदेश भेजकर अपनी स्थिति से अवगत कराया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



मुजेसर थाना अन्तर्गत आजाद नगर की झुग्गियों में रहने वाले एक परिवार की परेशानी उस समय दूर हो गई, जब हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मदद की गुहार लगाने के महज दो घंटे के भीतर उनके घर गैस सिलेंडर पहुंचा दिया गया। इसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार ओम कुमार नामक व्यक्ति ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी समस्या सांझा करते हुए बताया था कि उनके घर में पिछले कई दिनों से रसोई गैस खत्म हो चुकी है। उन्होंने 24 मार्च को सिलेंडर बुक कराया था, जिसकी डिलीवरी 27 मार्च बताई गई थी, लेकिन जब वह एजेंसी पर पहुंचे तो उन्हें 10 अप्रैल की नई तारीख दे दी गई, जिससे परिवार के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया।

ओम कुमार ने बताया कि वह एक निजी कंपनी में ग्राइंडर मशीन चलाकर सीमित आय में अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा 6 बेटियां हैं।

### प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया

मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग ने तुरंत कार्रवाई की और महज दो घंटे के भीतर ओम कुमार के घर गैस सिलेंडर पहुंचा दिया गया। सिलेंडर मिलने के बाद ओम कुमार ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार की त्वरित कार्रवाई से उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है। यह घटना प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया का उदाहरण बनकर सामने आई है, जिससे आम लोगों में भरोसा भी बढ़ा है।

### निगम आयुक्त, महापौर के साथ मंत्री नागर ने की विकास कार्यों की समीक्षा

## अधिकारी समन्वय के साथ सभी वार्डों के लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें

तिगांव विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। राज्य मंत्री राजेश नागर ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों की निगरानी के लिए पार्षदों और अधिकारियों की एक संयुक्त कमेटी बनाई जाए, जो क्षेत्र में चल रहे कार्यों पर नियमित रूप से नजर रखेगी और कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री राजेश नागर ने आज फरीदाबाद मेयर कैंप कार्यालय में अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में तिगांव विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में पहुंचने पर मेयर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी और निगम आयुक्त ने राज्य मंत्री का बुक्का देकर स्वागत किया।

बैठक के दौरान राज्य मंत्री ने सीवर, सड़कों और गलियों के निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी वार्डों में लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए समन्वय के साथ काम करने को कहा, ताकि क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं समय पर मिल सकें।

**खास बातें**

- लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों पर होगी कार्रवाई
- विकास कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश



### निगरानी के लिए पार्षदों और अधिकारियों की एक संयुक्त कमेटी

राज्य मंत्री राजेश नागर ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों की निगरानी के लिए पार्षदों और अधिकारियों की एक संयुक्त कमेटी बनाई जाए, जो क्षेत्र में चल रहे कार्यों पर नियमित रूप से नजर रखेगी और कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर और अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही तिगांव विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में होने वाले कार्यों के टेंडर लगा दिए जाएंगे और जल्द ही विकास कार्य शुरू होंगे, जबकि कुछ चले हुए विकास कार्य को तेज गति देने का कार्य किया जाएगा।

### सीवर लाइन की सफाई कर दुरुस्त करने के निर्देश

वार्ड नंबर 26 में मेन सीवर लाइन से कॉलोनियों के कनेक्शन जोड़ने, मेन लाइन को चालू करने तथा सीवर लाइन की सफाई कर उसे दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए गए। राज्य मंत्री ने अधिकारियों को इन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में मौजूद फरीदाबाद की महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि नगर निगम की तरफ से क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। वह सभी पार्षदों से सुझाव लेती रहती है और कार्य को हमेशा तेज गति समय सीमा में करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देती रही हैं।

### एसडीएम ने सड़क सुरक्षा सुधार कार्यों की समीक्षा की

## बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में फरीदाबाद एसडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित सभागार कक्ष में रोड सेफ्टी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान, डेथ ऑडिट, रोड सेफ्टी ऑडिट तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुधारात्मक कदम उठाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

### ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की पहचान के लिए सॉफ्टवेयर

फरीदाबाद एसडीएम अमित कुमार ने निर्देश दिए हैं कि ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की पहचान के लिए एक अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर विकसित किया जाए। जोकि अनाधिकृत पार्किंग, गलत दिशा में पार्किंग, बिना हेलमेट वाहन चलाना, गलत दिशा में ड्राइविंग तथा पैदल यात्रियों द्वारा गलत तरीके से सड़क पार करने जैसी गतिविधियों की स्वतः पहचान करने में सक्षम हो।

### शहर को स्वच्छ रखने के लिए सहयोग मांगा

## प्रतिबंधित पॉलिथीनः ननि पॉल्यूशन विभाग ने लगाया 35 हजार जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद और पॉल्यूशन विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को डबुआ मंडी क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो दुकानदार का लगभग 35 हजार रुपये का चालान किया और करीब 50 किलो पॉलिथीन जब्त की।

उल्लेखनीय है कि डबुआ मंडी के अंदर प्रतिबंधित पॉलिथीन बेचने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां दुकान पर प्रतिबंधित पॉलिथीन पाई गई। इसके बाद टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दुकानदार महेश यादव का 10 हजार और दूसरे दुकानदार पर पिंटू का 25 हजार रुपए का चालान किया तथा पॉलिथीन को जब्त कर लिया।

यह कार्रवाई पॉल्यूशन विभाग के जेई साजिद खान तथा नगर निगम के सहायक सफाई इंस्पेक्टर, के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई।

आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा-निर्देशों पर नगर निगम के संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई है।

### विश्व रंगमंच दिवस पर गोष्ठी

## कलाकारों ने दिवंगत रंगकर्मियों को भावभीनीं श्रद्धांजलि अर्पित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर सेक्टर 29 स्थित ओपन एयर थिएटर में शहर के रंगकर्मियों द्वारा एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न रंगसमूहों के कलाकारों ने भाग लेकर रंगमंच की वर्तमान दिशा, दशा और चुनौतियों पर सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत रंगकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात नाट्य लेखन, आधुनिक रंगमंच में हो रहे प्रयोग, तथा दर्शकों को रंगमंच की ओर आकर्षित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। रंगकर्मियों ने रंगमंच के उत्थान के लिए अपने सुझाव भी साझा किए। इस दौरान गुरुग्राम प्रशासन, नगर निगम गुरुग्राम एवं कलाग्राम के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा ओपन थिएटर के रख-रखाव व प्रेक्षागृह बनाने का निवेदन किया।

**रंगकर्मियों ने रंगमंच के उत्थान के लिए सुझाव**

## कोको बार में छापा, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



थाना कौशाम्बी पुलिस ने सिग्नेचर मॉल सेक्टर 3 वैशाली स्थित कोको बार में अवैध रुप से चल रहे हुक्का बार पकड़ी है। मौके से चार आरोपी गिरफ्तार किये गए हैं। उनके कब्जे से 5 हुक्का मय चिलम, 5 हुक्का की पाईप, 6 फ्लेवर्ड तम्बाकू पैकेट बरामद किये हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह मुखबिर से सूचना मिली की सिग्नेचर मॉल सेक्टर 3 वैशाली स्थित कोको बार के अन्दर हुक्का बार चल रहा है। काफी संख्या मे लोग बार मे हुक्का और फ्लेवर्ड तम्बाकू उत्पादों का सेवन किया जा रहा है।


## कार्यालय पुलिस अधिक्षक रेवाड़ी

**मुकदमा न. 53 दि.20.03.2026 U/S -127(6) BNS थाना कोसली जिला रेवाड़ी।**



**गुमशुदा का पहचान**

नाम-भुपेश कुमारी पत्नी शिवदास निवासी हुमांयुपुर हाल पता नजदीक हैप्पी स्कूल रे. स्टे. कोसली थाना कोसली
जिला रेवाड़ी
उम्र-43 वर्ष
कद-5.फुट 2 ईंच
हुलिया - रंग गेहुआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, जिसने बाएं हाथ पर अंग्रेजी में BHUPESH & SUDESH नाम खुदवाया है। जिसने लाल सूट, सूती चुन्दडी व चप्पल पहने हुए है। दि. 12.03.2026 से घर से लापता है जिस संबध मे FIR NO.53 दि.20.03.2026 U/S 127(6) BNS थाना कोसली दर्ज रजिस्टर किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग पता नहीं चला है। यदि किसी थाने मे या किसी व्यक्ति को इस बारे मे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरों पर फोन करके सूचित करे।

पर्क न. -
1. अनुसधानकर्ता -9050045683
2. प्रबंधक अफसर कोसली-7056666129
3. थाना कोसलो जिला रेवाड़ी-01259-275109
4. पुलिस कट्रोल रुम रेवाड़ी-01274-225156,9306952004

पीआरडीएच-1084/11/4634/2026/44262/88/7 दि. 27.03.2026



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि<br>बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | पुराना नागरिक हस्पताल, जिला फतेहाबाद में विद्युत सेवाओं की विशेष मरम्मत (स्ट्रीट लाइट कार्य का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 25.03.2026<br>03.04.2026 | 35.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651<br>pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में जगाधरी में आवासीय एक्मॉडेशन समेत उपनिदेशक और एसडीओ कृषि कार्यालय की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 26.03.2026<br>02.04.2026 | 19.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834<br>pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में कि.मी. 17.100 से 42.000 में करनाल कैथल रोड (रोड आईडी 7264) पर 50 मिमी डीबीएम जमा 40 मिमी बीसी और 80 मिमी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक सहित मजबूतीकरण (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | 25.03.2026<br>15.04.2026 | 3109.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311<br>pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | कछवा - राईफार्म, गांव कछवा ब्लॉक करनाल में सामुदायिक हॉल के लम्बित कार्य को पूरा करना, स्कीम वीएएनजीवाई। | 26.03.2026<br>04.04.2026 | 2.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019<br>prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव जयसिंहपुरा ब्लॉक असंध, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण का विस्तृत आकलन, स्कीम-एचजीवीवाई। | 26.03.2026<br>04.04.2026 | 67.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019<br>prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | सिविल सर्जन कैथल | कैथल जिले के लिए ऑर्थो इम्प्लांट्स की खरीद। | 28.03.2026<br>14.04.2026 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699<br>drugstorektl@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज राजौंद | विश्वकर्ता सामुदायिक केन्द्र (जाखौली कमान) को पूरा करना। | 26.03.2026<br>31.03.2026 | 7.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961<br>sdoprrajound@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | दादु :- ''1 अदद एस/एस टैंक, चारदिवारी का निर्माण, सिविल स्ट्रक्चर्स, सोलर पैनल की मरम्मत, बूस्टिंग स्टेशन, यूजीआर, पीसी, चारदिवारी, पम्पिंग मशीनरी, वितरण प्रणाली का निर्माण और घरेलू कनेक्शनों की बहाली तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी।'' सीएच. हैड :- दादु:- गांव दादु जिला सिरसा में जलापूर्ति योजना का संवर्धन और पुनरोद्धार और अतिरिक्त बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण, वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण हेतु आकलन + 1 कार्य। | 25.03.2026<br>15.04.2026 | 334.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001<br>ee.mandidabwali@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | कुमथाल :- 150 मिमी आई/डी डी.आई. राइजिंग मेन बिछाना, चारदिवारी/आयरन गेट का निर्माण और 1 अदद नलकूप चेम्बर आकार 10'×12' का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 25.03.2026<br>02.04.2026 | 12.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175<br>eepsirsa@gmail.com |
| 10 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- बकेट टाइप सीवर क्लीनिंग मशीन द्वारा आकार 250 मिमी से 400 मिमी आई/डी की सीवर लाइन की गाद निकालना, सिरसा कस्बा की विभिन्न गलियों में रोप सैक द्वारा 200 मिमी आई/डी एस.डब्ल्यू. पाइप लाइन की गाद निकालना और सफाई तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 25.03.2026<br>02.04.2026 | 30.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175<br>eepsirsa@gmail.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- सिरसा कस्बा जिला सिरसा में प्रीत नगर, प्रेम नगर, चत्तरगढ़ पट्टी, नागरिक हस्पताल रोड सी-ब्लॉक, मेन गली कीर्ति नगर और ओल्ड हाउसिंग बोर्ड में सुपर सकर मशीन द्वारा 400 मिमी, 500 मिमी और 600 मिमी आई/डी आरसीसी सीवर लाइन की गाद निकालना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 25.03.2026<br>02.04.2026 | 47.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175<br>eepsirsa@gmail.com |
| 12 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | ऐलनाबाद कस्बा :- डीआई स्पेशल, स्लूइस वॉल्व, एनआरवी, आर्मर्ड केबल, रॉ वाटर में केबल ट्रे की आपूर्ति, फिक्सिंग व स्थापना, नहर आधारित जलघर ऐलनाबाद के लिए बुढ़ीमेरी में पम्पिंग स्टेशन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। सीएच. हैड :- जलापूर्ति योजना ऐलनाबाद कस्बा का संवर्धन। 'एस/एस टैंकों का निर्माण, मौजूदा जलघर संरचनाओं की मरम्मत और दक्षिणी घग्गर नहर से मौजूदा जलघर तक नई वाटर कैरियर (800 मिमी आई/डी डी.आई. राइजिंग मेन) बिछाना।' | 25.03.2026<br>02.04.2026 | 23.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175<br>eepsirsa@gmail.com |
| 13 | वन विभाग हिसार | भिवानी चिड़ियाघर में गेट एंट्री फीस के लिए अनुबंध। | 19.03.2026<br>30.03.2026 | 25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662259233<br>dwlohisar@gmail.com |
| 14 | वन विभाग हिसार | लघु चिड़ियाघर भिवानी के लिए चिकन मीट और हिरण पार्क हिसार समेत में 8 अन्य मदों की आपूर्ति। | 25.03.2026<br>30.03.2026 | 112.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662259233<br>dwlohisar@gmail.com |
| 15 | वन विभाग हिसार | हिसार वन मण्डल, हिसार में डीएफओ कार्यालय भवन के निर्माण हेतु निविदा सूचना। | 25.03.2026<br>10.04.2026 | 80.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029555<br>dfohisar.t@gmail.com |
| 16 | जिला परिषद फतेहाबाद | जिला परिषद फतेहाबाद के अधिसूचित क्षेत्रों में पड़ने वाले विभिन्न रोड की वार्षिक मरम्मत (वर्ष 2026-2027) ग्रुप-ए और ग्रुप-बी) + 8 कार्य। | 25.03.2026<br>01.04.2026 | 279.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416071464<br>zpftb@hry.nic.in |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा गोहाना | आरडी 45000 से 83000 तक भालोट सब ब्रांच की संरचनाओं के पुनर्निर्माण हेतु आकलन। | 11.03.2026<br>31.03.2026 | 1497.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996532800<br>xenghn@rediffmail.com |
| 18 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | जल सेवाएं यांत्रिकी मण्डल फरीदाबाद के लिए 50 एचपी मोटर और स्टार्टर पैनल इत्यादि सहित 4 अदद 10 सीएस. वीटी पम्प्स की आपूर्ति स्थापना और प्रचालन। | 27.03.2026<br>10.04.2026 | 93.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542<br>xenproc@gmail.com |
| 19 | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएसजीएमसी फॉर वीमन खानपुर कलां सोनीपत के लिए डीजल स्टोरेज लाइसेंस बनाने के लिए निविदा। | 27.03.2026<br>02.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 9996752925<br>purchasebranch2026@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/380/44265/I/88/7 दि. 27.03.26

विशाल भारत संस्थान एवं मुस्लिम महिला फाउंडेशन का संयुक्त प्रयास

# काशी में मुस्लिम महिलाओं ने भगवान राम की उतारी आरती, आंखों में दिखी भक्ति की चमक



एजेंसी ▶▶ वाराणसी

वाराणसी की मुस्लिम महिलाओं ने रामनवमी के अवसर पर प्रभु श्रीराम की महाआरती की। महिलाओं ने दुनिया को शांति का संदेश भेजा। महिलाओं के हाथों में सजावटी थाल, होठों पर रामनाम का मंत्र और आंखों में भक्ति की चमक दिखी। मुस्लिम महिलाओं ने कहा कि धर्म बदलने से पूर्वज नहीं बदलते। प्रभु राम का जन्म विश्व के कल्याण के लिए हुआ था। विशाल भारत संस्थान एवं मुस्लिम महिला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर सुभाष भवन में एकत्रित होकर हिंदू- मुस्लिम महिलाओं ने भगवान श्रीराम, माता जानकी की आरती उतारी। ढोल की थाप पर राम जन्म के गीत गाए गए।

### राम के रास्ते पर चले तो युद्ध करने वाले देशों में शांति आएगी

मुस्लिम महिला फाउंडेशन की नेशनल सदर नाजनीन अंसारी ने कहा कि मुस्लिम देश युद्ध, हिंसा और नफरत से जंग लड़ रहे, एक दूसरे को मार रहे हैं। अगर मुस्लिम देश भगवान राम के रास्ते पर चले तो उनके देश में शांति आएगी और युद्ध रुक जाएगा। भारत की महान संस्कृति ही एक मात्र रास्ता है शांति और प्रेम का। वह भगवान राम के आदर्शों पर चलकर ही सम्भव है। कहा कि राम हमारे पूर्वजों के पूर्वज हैं। उनकी भक्ति, आरती और उनके दर पर जाने से कोई रोक नहीं सकता। मुस्लिम महिलाओं की नेता डॉ. नजमा परवीन ने कहा कि हमारा काम समाज को जोड़ना है, धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वाले भारत का भला नहीं चाहते। विदेशियों के इशारे पर काम करने वाले लोग केवल मुसलमानों को डराकर भारत की संस्कृति और देशभक्ति से दूर करते हैं। राम नाम का मंत्र ही दुनिया भर की महिलाओं की ताकत है। नगीना बेगम ने कहा कि हम धमकियों से डरने वाले नहीं है। हम हर साल रामनवमी मनाएंगे और शांति के लिए काम करते रहेंगे। इस अवसर पर रेहाना, सुल्ताना बेगम, शमा परवीन, मुस्कान, रुकसाना बीबी, सबीना, रिजवाना, डॉ. अर्चना भारतवंशी, डॉ. मृदुला, इली, खुशी, उजाला, दक्षिता आदि मौजूद रहीं।

योगी ने किया कन्या पूजन

# पांव पखारकर मुख्यमंत्री ने कराया भोजन दक्षिणा और उपहार दिए, लिया आशीष

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कन्या पूजन किया गया। उन्होंने मां सिद्धिदात्री की पूजा की और नौ छोटी कन्याओं के पैर धोकर, उन्हें तिलक लगाकर, चुनरी ओढ़ाकर और भोजन (प्रसाद) कराकर आशीर्वाद लिया, जो नारी शक्ति के प्रति उनके सम्मान को दर्शाता है।

उन्होंने कहा, मां दुर्गा के नौ दिनों के अनुष्ठान की पूर्णाहुति आज होगी। नवरात्रि की नवमी तिथि सभी प्रकार की सिद्धियों को प्रदान करने वाली, सुख और समृद्धि को लाने वाली, खुशहाली प्रदान करने वाली तिथि मैं इस अवसर पर प्रदेशवासियों को नवरात्रि की



शुभकामनाएं देता हूं। उन सबके जीवन में मां की कृपा सदैव बनी रहे, उनके जीवन में खुशी और समृद्धि हो इसकी शुभकामनाएं मैं प्रदेशवासियों को देता हूं। नवमी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का पावन जन्म उत्सव भी रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम भारत के सनातन धर्म की परंपरा में भारतीय जीवन पद्धति के एक अत्यंत आदर्श के रूप में हर भारतीय के लिए सदैव प्रेरणा रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### लॉकडाउन की सिर्फ ...

कहा कि भविष्य में आने वाली प्रत्येक संभावित चुनौती से दो-दो हाथ करने के लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं। भारत पहले भी वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच मजबूती से खड़ा रहा है। आगे भी हम समयबद्ध, सक्रिय और समन्वित ढंग से कदम उठाते रहेंगे। पुरी ने कहा, मौजूदा समय में हमें शांत, जिम्मेदार और एकजुट रहना चाहिए। निर्मला सीतारमण ने भी पुरी के इस बयान का समर्थन किया है।

### एलपीजी का उत्पादन ...

प्रभावों का भार सीधे उपभोक्ताओं पर न डाला जाए। उसे सरकार वहन करेगी। मौजूदा कदम इस तथ्य की पुष्टि करता है। भारत के पास पेट्रोल, डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। इसलिए किसी को भी घबराहट में आकर पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक रूप से लाइन लगाने की कोई जरूरत नहीं है। इस संबंध में कहीं जा रही तमाम बातें केवल कोरी अफवाह हैं। जिन पर आम जनता ध्यान न दे। अप्रैल 2022 से पेट्रोल-डीजल की कीमत या तो कम हुई है या जो थी वही रही है। अप्रैल 2025 में 2 रुपए एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई थी। तब भी उसका भार सरकार ने ही उठाया था।

**30 हजार टन कमर्शियल एलपीजी दी :** उन्होंने कहा, एलपीजी आयात के चलते हमने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी व कमर्शियल सप्लाई काटी गई थी। लेकिन धीरे-धीरे कमर्शियल सप्लाई को बढ़ाकर पहले हमने 50 और अब 70% तक कर दिया गया है। 14 मार्च से लेकर बीते गुरुवार तक देश में कमर्शियल उपभोक्ताओं को 30 हजार टन एलपीजी की सप्लाई की गई है। जिसमें पूर्व में रेस्तरां, होटल, ढावा, इंडस्ट्रियल कैंटीन, प्रवासी मजदूरों को प्राथमिकता दी गई थी। लेकिन ताजा आदेश में स्टील, ऑटोमोबाइल, कपड़ा, डाई, केमिकल और प्लास्टिक उद्योगों को प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है। प्रवासी मजदूरों को 5 किलोग्राम के करीब 30 हजार सिलेंडर दिए गए हैं।

**रोजाना दे रहे 10 हजार+ पीएनजी कनेक्शनः** सुजाता के मुताबिक, केंद्र ने देश में पीएनजी नेटवर्क बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों व विभिन्न प्रशासनिक एजेंसियों को लिखित में सूचित किया है। अब रोजाना 10 हजार से ज्यादा पीएनजी कनेक्शन दिए जा रहे हैं। अफवाहों को रोकने के लिए राज्यों की अहम भूमिका है। कई कदम उठाए गए हैं। 26 मार्च तक कुल करीब 3 हजार छापे मारे गए हैं, 1500 सिलेंडर जब्त किए गए हैं, 710 एफआईआर हुई हैं। तेल कंपनियों ने 350 ड्रिस्टीब्यूटरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**20 जहाजों पर सुरक्षित हैं 540 नाविकः** केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, खाड़ी क्षेत्र में मौजूद 20 भारतीय ध्वज वाले जहाज और उनमें सवार 540 नाविक सुरक्षित हैं। बीते 24 घंटे में डीजी, शिपिंग के कंट्रोल रूम के पास 98 फोन कॉल और 335 ईमेल आए हैं। जिनका जवाब दिया गया है। इसी दौरान 25 नाविकों की सुरक्षित वतन वापसी हुई है। देश में मौजूद किसी भी बंदरगाह पर फिलहाल भीड़भाड़ की कोई स्थिति नहीं है।

### कांग्रेस नेताओं पर टिकट ...

कमिश्नर को सौंपे हैं। सबूतों में बैंक स्टेटमेंट से लेकर ऑडियो रिकॉर्डिंग तक शामिल होने की बात सामने आई है। गौरव कुमार सोनीपत के कारोबारी हैं, जबकि उनकी पत्नी सुचित्रा देवी हरियाणा महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव थीं। टिकट न मिलने और रुपये लौटाने की मांग करने पर कांग्रेस ने सुचित्रा देवी को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इसके बाद गौरव कुमार ने करीब दो सप्ताह पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद पुलिस ने शुरूआती जांच के बाद केस दर्ज किया।

**परिवार का कांग्रेस से पुराना नाताः** गौरव कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका परिवार 1969 से कांग्रेस से जुड़ा हुआ है। उनके पिता हरियाणा में प्रथम श्रेणी के सिविल सेवा अधिकारी रहे हैं और पत्नी सुचित्रा देवी शहीद की बेटी हैं। उनकी मां 2003 में त्रिपुरा में आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हुई थीं।

### चिन्नास्वामी स्टेडियम ...

चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 क्रिकेट प्रेमियों की जान चली गई थी। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल के किसी सीजन का आगाज ओपनिंग सेरेमनी के बिना होगा। लीग के 18 साल के इतिहास में पहले भी 4 बार ऐसा हो चुका है। सुरक्षा, दुखद घटनाओं और कोरोना के कारण बोर्ड ने यह फैसला लिया था।

**2008 में हुई थी शुरुआत :** इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत 2008 में हुई थी। लीग के अब तक 18 सीजन खेले जा चुके हैं। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने 5-5 बार खिताब अपने नाम किया है। वहीं कोलकाता नाइटराइडर्स ने 3 ट्रॉफी जीती हैं। पिछले सीजन का फाइनल मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया था। फाइनल में आरसीबी ने पंजाब का हराकर खिताब का सूखा खत्म किया था।

### आरसीबी के दो ...

हैदराबाद इस बार एक नए अवतार में नजर आएगी। स्टार ऑलराउंडर पैट कमिंस की अनुपलब्धता के कारण कप्तानी की जिम्मेदारी ईशान किशन को मिलने की संभावना है। ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और अभिषेक शर्मा जैसे पावर-हिटर्स के साथ हैदराबाद का बैटिंग लाइनअप किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने का दम रखता है।

### लोकसभा में पेश हुआ ...

का विरोध करते हुए कहा कि इसमें कई प्रशासनिक खामियां हैं। जिन्हें देखकर लगता है कि इनकी मदद से सरकार ने कई जरूरी प्रावधानों जैसे सजा से जुड़े हुए मामलों को केवल जुर्माना लगाकर छोड़ने (अपराधमुक्त) का प्रावधान किया है। जिससे संवैधानिक प्रक्रिया का उल्लंघन होगा और आम आदमी के लिए मुश्किलें खड़ी होंगी। साथ ही इससे संसद के अधिकार भी घटेंगे। इसलिए कांग्रेस की यह मांग है कि विधेयक को पुनः जेपीसी के पास भेजा जाना चाहिए। कांग्रेस की एक अन्य सांसद डॉ.के.काव्या ने कहा कि इसमें कारावास को जुर्माने से बदलने के चलते केंद्र-राज्य स्तर पर प्रशासनिक एजेंसियों को बड़े पैमाने पर अधिकार मिल जाएंगे। बिडिंग में समस्या होगी। ऐसे में सरकार को पहले जन सुरक्षा के पुख्ता उपाय करने चाहिए।

**बेहद छोटे अपराधों से है जुर्माने का संबंधः** केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने विपक्ष की आपत्तियों पर कहा, कानून बनाने के मामले में यह सदन व संसद ही सर्वोच्च है। कारावास को जुर्माने से बदलने का प्रावधान केवल छोटे मामलों से ही जुड़ा हुआ है। बड़े मामलों से इसका कोई संबंध नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा, सशस्त्र बल, अंतरराष्ट्रीय मामलों को लेकर भी पूर्व में बनी हुई न्यायिक प्रक्रिया के तहत ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, संशोधनों में केंद्र ने कुल 1 हजार प्रावधानों को अपराधमुक्त श्रेणी में शामिल किया है। जिसमें से 717 व्यापार सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) और 67 जीवन सुगमता (ईज ऑफ लिविंग बिजनेस) से जुड़े हुए हैं। बीते वक्त में सभी भागीदार पक्षों के साथ संशोधित विधेयक को लेकर हुई विस्तृत चर्चा (नीति आयोग, अंतर-मंत्रालयी चर्चा) के बाद सरकार अब इसे सदन में चर्चा के लिए लेकर आई है।

### अस्थिर वैश्विक ...

प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**रूस से होगी एस-400 की होगी खरीद :** मंत्रालय ने बताया कि 2 लाख करोड़ से अधिक की इस धनराशि की मदद से वायुसेना के लिए की जाने वाली लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने में सक्षम करीब 5 एस-400 मिसाइल सिस्टम से लेकर स्वचालित मार करने वाले विमानों की खरीद के साथ ही सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान की मरम्मत की जाएगी। जबकि बल के लिए मध्यम परिवहन विमानों की तैनाती प्रक्रिया को भी अंजाम दिया जाएगा। यह वो विमान होंगे जिन्हें एएन-32 और आईएल-76 विमानों की जगह पर शामिल किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया वायुसेना की सामरिक, सैद्धांतिक और बल की रणनीतिक एयरलिफ्ट आवश्यकताओं की पूर्ति में मददगार साबित होगी।

**इन सैन्य हथियारों से होगा यह फायदा :** एस-400 सिस्टम से दुश्मन के किसी भी दिशा से आने वाले लंबी दूरी के खतरों को तुरंत नेस्तनाबूद करने में मदद मिलेगी। जबकि स्वचालित हमलावर जंगी विमान समन्वित हवाई अभियानों के साथ आक्रामक जवाबी कार्रवाई में अहम भूमिका निभाएगा। इनकी मदद से स्टेल्थ इंटेलिजेंस, निगरानी और शत्रु के लक्ष्यों की पहचान करना आसान हो जाएगा। सुखोई विमानों के एयरो इंजन की मरम्मत से विमानों का सेवाकाल बढ़ेगा और वायुसेना की रणनीतिक जरूरतें भी पूरी होंगी।

### मौजूदा वित्त वर्ष में ...

करोड़ रुपए की है। ऐसे में वर्तमान में मंत्रालय ने रक्षा प्रस्तावों को पहले की तुलना में सवार्धिक आधार पर अनुमोदित किया है। बीते किसी वित्त वर्ष में ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला है।


### धनुष तोप...

**मजबूत होगी तटरक्षकबल की क्षमताः** डीएसी ने तटरक्षकबल के लिए अपनी बैठक में भारी एयर कुशन वाहनों की खरीद को स्वीकृति दी गई है। जिनकी मदद से बल की बहुआयामी समुद्र तटीय रणनीतिक भूमिका सशक्त होगी। साथ ही इनके जरिए उच्च-गति वाली तटीय गश्त, निगरानी, खोज एवं बचाव अभियान, जहाजों को जरूरी सहायता प्रदान करने और आवश्यकता पड़ने पर कर्मियों की त्वरित तैनाती के दौरान भी मदद मिलेगी।

निर्णय से रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता बढ़ेगी

# बिल्डरों की मनमानी पर योगी सरकार का एक्शन हजारों घर खरीदारों को मिलेगी कानूनी राहत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण ने रियल एस्टेट क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार करते हुए गैर-पंजीकृत प्रमोटरों को भी अपने दायरे में ले लिया है। रेरा अधिनियम 2016 की धारा 85 के तहत किए गए इस 10वें संशोधन के बाद, अब उन हजारों खरीदारों को न्याय मिल सकेगा जिन्होंने ऐसे प्रोजेक्ट्स में निवेश किया था जो रेरा में पंजीकृत नहीं हैं। यह नई व्यवस्था 25 मार्च 2026 से प्रभावी हो गई है।

### संशोधन के मुख्य बिंदु

- **न्याय के लिए समान मंचः** अब अपंजीकृत परियोजनाओं के आवंटी भी पोर्टल पर 'फार्म-एम' के माध्यम से प्रतिपूर्ति, कब्जा,अन्य राहतों के लिए शिकायत दर्ज कर सकेंगे।
- **पारदर्शी प्रक्रिया-** यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि यदि जांच में पाया जाता है कि किसी प्रोजेक्ट का पंजीकरण अनिवार्य था और प्रमोटर ने नहीं कराया, तो प्राधिकरण सचिव को उस पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश देगा।
- **मनमाने शुल्क पर लगाम-** प्रमोटर अब आवंटियों से मनमाना शुल्क नहीं वसूल सकेंगे। आवंटी की मृत्यु पर उत्तराधिकारी के नाम संपत्ति ट्रांसफर करने के लिए अधिकतम 1,000 रुपए और परिवार के बाहर ट्रांसफर करने पर अधिकतम 25,000 रुपए प्रोसेसिंग फीस ली जा सकेगी।
- **विधिक सुधार-** सुप्रीम कोर्ट की उस तल्ख टिप्पणी के बाद आया है। जिसमें संस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए थे। अब एक ही बेंच के बजाय सभी बेंचों में इन मामलों की सुनवाई गुण-दोष के आधार पर होगी।
- **फैसले रियल एस्टेट में बढ़ेगी पारदर्शिता-** इस निर्णय से रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता बढ़ेगी और उन प्रमोटरों की जवाबदेही तय होगी जो पंजीकरण से बचकर ग्राहकों को ठग रहे थे। हालांकि, यूपी रेरा पर काम का बोझ बढ़ेगा क्योंकि पहले से ही 50 हजार से अधिक मामले लंबित हैं, लेकिन उपभोक्ताओं के लिए यह एक 'सुरक्षा कवच' की तरह काम करेगा।





# इच्छामृत्यु पर आधारित मर्सी की पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** आदित हुसैन स्टारर फिल्म मर्सी की पहली झलक आज सामने आ गई है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस का उत्साह फिल्म को लेकर और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हर विदाई में प्यार और बिछड़ने की कहानी छिपी होती है। 'मर्सी' की पहली झलक चुनिंदा सिनेमाघरों में धुरंधर द रिवेंज के साथ दिखाई जा रही है। मर्सी जुड़ाव, देखभाल और जाने देने के लिए जरूरी शांत शक्ति की एक गहरी मानवीय कहानी दिखाती है। 'मर्सी' भारत भर में 24 अप्रैल को रिलीज हो रही है।'मर्सी निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है। फिल्म में गहरा इमोशन, दुख और दर्द देखने को मिलता है।


लाइफ Style

# आरती
## कई फिल्मों में काटे गए मेरे रोल्स

अभिनेत्री आरती छाबड़िया ने बॉलीवुड में होने वाली राजनीति को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कैसे कई फिल्मों से उनके रोल काट दिए गए। अभिनेत्री आरती छाबड़िया काफी समय से लाइमलाइट से दूर हैं। उनकी आखिरी प्रमुख भूमिका 2010 में आई फिल्म 'मिलेंगे मिलेंगे' में थी। अब वह बॉलीवुड में वापसी करने की तैयारी में हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आरती का ऐसा कहना है कि वो अपने कॅरियर में कई बार बॉलीवुड में होने वाली राजनीति का शिकार हुई हैं। जिसके चलते कभी उनका रोल कट गया, तो कभी उनका पूरा गाना ही फिल्म से हटा दिया गया। आरती छाबड़िया ने इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स के कारण अपने पेशेवर जीवन में आई बाधाओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पार्टनर, शूटआउट एट लोखंडवाला, मिलेंगे मिलेंगे और अन्य फिल्मों में उनके कई सीन काट दिए गए थे। टाइटल रोल निभाने के बावजूद, ऐसा लगता था जैसे मैं फिल्म में दिख ही नहीं रही। कई फिल्में ऐसी थीं, जिनमें मेरे सीन काट दिए गए और गाने शूट होने के बाद हटा दिए गए। मिलेंगे मिलेंगे में शाहिद कपूर के साथ मेरा पूरा गाना था, लेकिन उसे काट दिया गया। बोनी उस फिल्म के प्रोड्यूसर थे और सतीश कौशिक ने डायरेक्ट किया था। आपको पता नहीं होता कि ये फैसले क्यों लिए जाते हैं। हम कलाकार हमेशा प्रोड्यूसर के फैसले का सम्मान करते हैं और हमें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि सिर्फ एक ही फिल्म में नहीं, बल्कि कई फिल्मों में मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। ऐसी कई फिल्में थीं, जिनमें अलग-अलग कारणों से मेरे रोल काट दिए गए थे। जैसे कि सलमान खान और गोविंदा की 'पार्टनर' में मेरी भूमिका वैसी नहीं थी जैसी तय की गई थी।




हॉलीवुड मसाला




# स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे का धमाका

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही इंटरनेट पर छा गया और अब इसने एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना लिया है। स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और अब इस फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, टॉम हॉलैंड स्टारर इस फिल्म के ट्रेलर ने कुछ ही दिनों में 1 बिलियन (100 करोड़) व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। यह ऐसा करने वाला पहला फिल्म ट्रेलर बन गया है, जिसने इतनी बड़ा मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। पहले 24 घंटों में ही करोड़ों व्यूज मिल गए थे और सिर्फ कुछ दिनों में यह 1 बिलियन के पार पहुंच गया।




# 2029 से लॉस एंजिल्स में होगा ऑस्कर का आयोजन

नई दिल्ली। हॉलीवुड की सबसे बड़ी शाम ऑस्कर्स अपनी जगह बदलने वाली है। ऑस्कर डॉल्बी थिएटर से ट्रांसफर होकर लॉस एंजिल्स लाइव के पीकॉक थिएटर में जारी रहेगा और ये सिलसिला 2029 से शुरू होकर 2039 तक चलेगा। इसके तहत एईजी के साथ 10 साल की साझेदारी हुई है। एक अलग अधिकार समझौते के माध्यम से 2033 तक चलने वाले इस समारोह का ग्लोबल लेवल पर यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नई वाली लोकेशन पर कोई भी शॉपिंग सेंटर नहीं है। अकादमी ने कहा कि पीकॉक थिएटर, जो 2008 से प्राइमटाइम एमी अवार्ड्स का भी आयोजन स्थल रहा है, खेल और मनोरंजन जगत की दिग्गज कंपनी एईजी (जो लॉस एंजिल्स लाइव की मालिक है) के साथ हुए नए समझौते के तहत इस अंदर व्यापक सुधार होने हैं। प्रेस रिलीज में बताया गया है कि एल.ए. लाइव प्लाजा जहां वर्तमान में स्पोर्ट्स बार रेस्टोरेंट चेन यार्ड हाउस सहित डाइनिंग के कई ऑपशन उपलब्ध हैं। अब यह प्रतिष्ठित ऑस्कर रेड कार्पेट का स्थल होगा। साल 2002 से ऑस्कर समारोह हॉलीवुड बुलेवार्ड पर स्थित डॉल्बी थिएटर (पूर्व में कोडक थिएटर) में आयोजित किया जाता रहा है।



# खचाखच भरे थिएटर में छुपकर देखी धुरंधर 2

**मुंबई।** निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने चुपके से खचाखच भरे सिनेमाघर में 'धुरंधर 2' देखी। उन्हें अपना चेहरा छुपाते हुए और अपनी बहन सुरीली को चुप रहने का इशारा भी किया, ताकि दर्शक उन्हें देख न सकें। उनका यह वीडियो अब फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। यामी की बहन सुरीली गौतम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें यामी थिएटर में खचाखच भरे दर्शकों के बीच फिल्म देख रही थीं। यामी ने भी इस वीडियो को अपने अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। जिस पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। इस वीडियो में यामी फिल्म 'धुरंधर 2' के स्क्रीन पर अपनी छोटी कैमियो भूमिका (नर्स का रोल) देखकर शर्मा रही थीं। उन्होंने अपना चेहरा छुपाया और सुरीली को चुप रहने का इशारा किया, ताकि आसपास बैठे लोग उन्हें पहचान न सकें।



# शेयर किया मस्ती भरा है ये समा का वीडियो

**मुंबई।** कुमार सानू बॉलीवुड के बेहतरीन गायकों में से एक हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने कई फिल्मों को शानदार गाने दिए। उनके पास इससे जुड़ी कई यादें हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया और इससे जुड़ा एक किस्सा सुनाया है। इंस्टाग्राम पर कुमार सानू ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 90 के दशक के एक डुएट सॉन्ग 'मस्ती भरा है ये समा' की रिकॉर्डिंग की झलक पेश की। गायक ने आगे लिखा, 'इस खूबसूरत डुएट गाने को सुनते ही मैं सीधे फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' की रिकॉर्डिंग सत्रों में खो जाता हूं। वह समय संगीत, जुनून और शानदार लोगों से भरा हुआ था। रिकॉर्डिंग के दौरान का माहौल बहुत मस्ती भरा और यादगार था।' कुमार सानू ने लिखा, 'मुझे सबसे ज्यादा गुलशन कुमार जी याद आते हैं।

टीवी मसाला




# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 नहीं हो रहा है बंद

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को लेकर कुछ दिनों से खबर आ रही है कि शो बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि शो को क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, ये सब खबरें गलत हैं। स्टार प्लस ने एक स्टेटमेंट जारी कर अब पूरा सच बताया है। इसके अलावा शो की लीड एक्ट्रेस स्मृति ईरानी का भी इन खबरों पर रिएक्शन आ गया है। मेकर्स ने दरअसल, शो के बंद होने की खबर के वायरल होने के बाद स्पेशयली स्टेटमेंट जारी किया। उन्होंने दर्शकों को क्लीयर किया, 'हमने नोटिस किया कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी का सीजन 2 बंद होने वाला है और इसे क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, हम क्लीयर करना चाहेंगे कि ये रिपोर्ट्स फालतू की हैं। हम ना तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को बंद कर रहे हैं और ना अभी तक शो की एंड डेट कोई आई है।'इस स्टेटमेंट को शेयर कर कैप्शन में लिखा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी रोज रात को 10.30 बजे सिर्फ स्टार प्लस में और कभी भी जियो हॉटस्टार पर। बता दें कि हाल ही में ऐसी अफवाह थी कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबर थी कि नया शो प्लान किया जा रहा है क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं टाइटल के साथ। इसमें अंगद और वृंदा की लाइफ पर फोकस किया जाएगा।

## ट्रेन में हुई थी सीरियल की शूटिंग

नई दिल्ली। दूरदर्शन पर कई ऐसे शोज आए जो आज के वक्त में भी याद किए जाते हैं। ऐसा ही दूरदर्शन का एक शो था जिसका ज्यादातर हिस्सा भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक में



शूट हुआ था। हम जिस शो की बात कर रहे हैं उस शो का नाम है यात्रा। यात्रा दूरदर्शन पर साल 1986 में प्रसारित हुआ था। इस सीरियल में कुल 15 एपिसोड्स थे। जिस वक्त ये सीरियल रिलीज हुआ था इसे काफी पसंद किया गया था। दूरदर्शन के इस सीरियल को श्याम बेनेगल ने डायरेक्ट किया था। दूरदर्शन के शो यात्रा की शूटिंग हिमसागर एक्सप्रेस और त्रिपुरा एक्सप्रेस में हुई थी। हिमसागर एक्सप्रेस, भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक है। हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलने वाली ट्रेन है। श्याम बेनेगल के शो की कास्ट की बात करें तो इस शो में ओम पुरी, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, ईला अरुण, राजेंद्र गुप्ता, मोहन गोखले और हिमानी शिवपुरी जैसे कलाकार नजर आए थे।

# मां का सम में दिखी मोना और मिहिर की लॉजिकल कहानी

**मुंबई।** 'मां का सम' नई सीरीज का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हुआ। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। 'मां का सम' सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। 'मां का सम' के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि 'मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है।' अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉम। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों



साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है। मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है।

# इस वीकएंड रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में 'धुरंधर 2' का हल्ला है। आज नवमी पूजन के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन हो गया है। यह फेस्टिव वीकएंड मनोरंजन के लिहाज से काफी खास है। इस सप्ताह एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर कई सीरीज और फिल्में आ रही हैं।

### ओ रोमियो

सिनेमाघरों के बाद शाहिद कपूर की ओ रोमियो ने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। इसके निर्देशन की कमान विशाल भारद्वाज ने संभाली। ओ रोमियो एक डार्क रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि फिलहाल यह रेंट पर उपलब्ध होगी।



### डिटेक्टिव होल

अगर आपको क्राइम ड्रामा पसंद हैं तो इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। यह नॉर्वेजियन क्राइम ड्रामा एक परेशान जासूस की कहानी पर आधारित है, जिसे ओस्लो में हुई बेरहम हत्याओं की एक कड़ी की जांच करने का काम सौंपा जाता है। साथ ही वह अपने अंदर के संघर्षों से भी जूझ रहा होता है। उसकी जांच में एक भ्रष्ट सहकर्मी भी बाधा डालता है, जिसका उसे सामना करना पड़ता है। 'डिटेक्टिव होल' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

### बीटीएस द रिटर्न

डॉक्यूमेंट्री 'बीटीएस-द रिटर्न' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह डॉक्यूमेंट्री **BTS** के मिलिट्री सर्विस से लौटने के बाद उनके कमबैक के पीछे की कहानी दिखाती है। बैंड के लिए लोगों की दीवानगी इसमें देखने को मिलेगी। बता दें कि 'बीटीएस' लोकप्रिय दक्षिण कोरियाई बैंड है। के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। 'बीटीएस द रिटर्न' डॉक्यूमेंट्री 27 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### प्रजापति 2

इस वीकएंड की लिस्ट में 'प्रजापित 2' भी शामिल है। मिथुन चक्रवर्ती और देव एक बार फिर साथ नजर आएंगे। यह एक ऐसे पिता की कहानी पर आधारित है, जो अपने बेटे की दूसरी शादी कराना चाहता है। वहीं बेटा अपनी जिम्मेदारियों के बीच फंसा है। इसे दर्शक 27 मार्च से जी5 पर देख रहे हैं।

### कट्टान

यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है। इसका निर्देशन एम. मणिकंदन ने किया है। सीरीज की कहानी एक छोटे से गांव में एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। सीरीज में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं। उनके अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, वीजे पार्वती भी इसका हिस्सा हैं।

# ये हैं टॉप 10 स्टार्स, जिनकी फिल्मों ने वर्ल्डवाइड की ज्यादा कमाई

**नई दिल्ली।** कई स्टार्स की फिल्में हैं जिन्होंने ना सिर्फ भारत बल्कि वर्ल्डवाइड भी खूब कमाल किया है। आज हम आपको स्टार्स की लास्ट 10 फिल्मों के हिसाब से सबसे ज्यादा ग्रॉस वर्ल्डवाइड कमाई के कलेक्शन के बारे में बताएंगे। जानें आईएमडीबी इस लिस्ट में आपके फेवरेट स्टार्स किस नंबर पर हैं।

### प्रभास

प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों की बात करें तो राजा साब : 208.6 करोड़, कल्कि 2898 एडी : 1052.4 करोड़, सालार पार्ट 1 : 618.2 करोड़, आदिपुरुष :356.2 करोड़, राधे श्याम : 148.8 करोड़, साहो 432.4 करोड़, बाहुबली 2 : 1782.4 करोड़, बाहुबली : 600.6 करोड़, मिर्ची : 83.4 करोड़,रेबेल : 45.8 करोड़। इसकी के साथ उनका लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़ है।


### आमिर खान

आमिर खान की फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर : 267.5 करोड़, लाल सिंह चड्ढा 133.2 करोड़, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान 318.2 करोड़, दंगल 1924 करोड़ पीके 760.3 करोड़, धूम 3 545.8 करोड़, तलाश 175.8 करोड़, 3 इडियट्स 397.3 करोड़, गजनी 194.2 करोड़, तारे जमीन पर 98.5 करोड़। इसी के साथ आमिर का टोटल लास्ट 10 फिल्मों का कलेक्शन 4815.5 करोड़ है।

## प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़

### शाहरुख खान

शाहरुख खान की बात करें तो उनकी फिल्म डंकी के 453.8 करोड़, जवान 1150.7 करोड़, पठान 1042.2 करोड़,जीरो 182.8 करोड़, जब हैरी मेट सेजल 147.8 करोड़, रईस 281.2 करोड़, डियर जिंदगी 135.2 करोड़, फैन 182.3 करोड़, दिलवाले 376.8 करोड़, हैप्पी न्यू ईयर 382.8 करोड़। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 4335.6 करोड़ है।



### सलमान खान

सलमान खान की बात करें तो टाइगर 3 : 466.7 करोड़, किसी का भाई किसी की जान 182.5 करोड़, दबंग 3 230.9 करोड़, भारत 325.5 करोड़, रेस 3 294.8 करोड़, टाइगर जिंदा है 565.5 करोड़, ट्यूबलाइट 211.2 करोड़, सुल्तान 618.8 करोड़, प्रेम रतन धन पायो 367.2 करोड़, बजरंगी भाई जान 918.2 करोड़ है। इसी के साथ सलमान का टोटल कलेक्शन 4181.3 करोड़ है।

### रणवीर सिंह

रणवीर सिंह की बात करें तो उनकी फिल्म धुरंधर 1307, रॉकी और रानी की प्रेम करानी 352, सर्कस 59.2 करोड़, जयशभाई जोरदार 14.8, गली बॉय 229.2 करोड़, सिम्बा 387.6 करोड़, पद्मावत 546.2 करोड़, बेफिक्रे 96.8 करोड़, बाजीराव मस्तानी 354.2 करोड़ है। इसी के साथ रणवीर का टोटल कलेक्शन 3529.6 करोड़ है।

### रजनीकांत

रजनीकांत की फिल्मों की बात करें तो कुली 516.8 करोड़, वेट्टैयन 240.8 करोड़, जेलर 605.8 करोड़, अन्नाते 146.2 करोड़, दरबार 198.3 करोड़, पेट्टा 216.2 करोड़, रोबॉट 2.0 693.2 करोड़, काला 153.9 करोड़, कबाली 294.2 करोड़, लिंगा 136.2 करोड़। इसी के साथ रजनीकांत का टोटल कलेक्शन 3201.6 करोड़ है।

**विजय :** विजय की मूवीज की बात करें तो द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम 452.8 करोड़, लियो 615.6 करोड़, वरिसु 292.8 करोड़, बीस्ट 216.4 करोड़, मास्टर 225.3 करोड़,बिगिल 295.2 करोड़, सरकार 243.5 करोड़, मर्साल 244.8 करोड़, बैरावा 110.8 करोड़, तहरी 143.6 करोड़ है। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 2840.8 करोड़ है।

**रणबीर कपूर:** रणबीर कपूर की लास्ट मूवीज की में एनिमल 910.4 करोड़, तू झूठी मैं मक्कार 192.8 करोड़, ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा 418.6 करोड़, शमशेरा 60.8 करोड़, संजू 565.5 करोड़, ऐ दिल है मुश्किल 228.4 करोड़, तमाशा 131.6 करोड़, बॉम्बे वेलवेट 42.8 करोड़, रॉय 55.2 करोड़ है। टोटल कलेक्शन 2689.3 करोड़ है।

**ऋतिक रोशन:** ऋतिक रोशन की बात करें तो उनकी मूवीज वॉर 2 ने 348.6 करोड़, फाइटर 338.4 करोड़, विक्रम वेधा 134.2 करोड़, वॉर 442.6 करोड़, सुपर 30 204.2 करोड़,काबिल 154.6 करोड़, मोहनजो दारो 103.2 करोड़, बैंग बैंग 254.2 करोड़, कृष 3 291.4 करोड़, अग्निपथ 190.2 करोड़। फिल्म का टोटल कलेक्शन 2461.6 करोड़ है।

**जूनियर एनटीआर:** जूनियर एनटीआर की मूवीज की बात करें तो देवरा 423.2 करोड़, आरआरआर 1291.2 करोड़, अरविंद समेता वीरा राघवा 143.2 करोड़, जय लावा कुसा 124.8 करोड़, जनाता गराज 131.2 करोड़, नन्नाकु प्रेमातो 85.2 करोड़, टेम्पर 74.2 करोड़, रहस्य 40.6 करोड़, रमैया वस्तावैया 51.4 करोड़, बादशाह 75.8 करोड़ है। इसी के साथ मूवी का टोटल कलेक्शन 2440.8 करोड़ है।

## दो दिवसीय भारतीय सड़क कांग्रेस शुरूः मुख्यमंत्री बोले- सुरक्षित यात्रा के लिए सड़क नेटवर्क को मजबूत बना रही सरकार

# 11 साल में 1719 किमी. लंबे हाईवे का निर्माण हुआ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 2432 किमी. लंबी सड़कें बनाई गईं

■ सेमिनार में देश के 350 से अधिक विशेषज्ञ, अभियंता और शोधकर्ता हिस्सा ले रहे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। ब्लैक स्पॉट की पहचान और सुधार, ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का आधुनिकीकरण, जागरूकता अभियान और नई तकनीकों का उपयोग के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चंडीगढ़ में भारतीय सड़क कांग्रेस एवं लोक निर्माण विभाग हरियाणा द्वारा सड़क सुरक्षा समाधान विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन करने के पश्चात अपना संबोधन दे रहे थे। सेमिनार में भारतीय सड़क कांग्रेस के प्रतिष्ठित सदस्यगण के अलावा 350 से अधिक विशेषज्ञ, अभियंता. शोधकर्ता, नीति-निर्माता तथा शिक्षाविद शिरकत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले 11 वर्षों में 28 हजार 582 करोड़ रुपये की लागत से 1 हजार 719 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है। वहीं 28 हजार 651 करोड़ रुपये की लागत से 43 हजार 703 किलोमीटर लंबी सड़कों का सुधार किया है। इसके साथ ही, 2 हजार 534 करोड़ रुपये की लागत से 2 हजार 417 किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण आधुनिक तकनीक से किया गया है।



### ओवरस्पीड पर 4.80 लाख वाहनों के ई-चालान

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने करनाल के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर कुंडली, सोनीपत से शंभु, अंबाला तक 128 हाईटेक कैमरे लगाए हैं। इसके परिणामस्वरूप पिछले 1 वर्ष में ओवर स्पीड वाहनों के 4 लाख 80 हजार ई-चालान किए गए हैं। सरकार ने आईआईटी मद्रास के सहयोग से संजया ऐप शुरू किया है। यह ऐप सड़क दुर्घटनाओं के प्रबंधन और आंकड़ों का विश्लेषण कर हादसों को कम करने में मदद कर रहा है।

## मुख्यमंत्री नायब से डेरा ब्यास प्रमुख ने शिष्टाचार भेंट की



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शुक्रवार को राधा स्वामी सत्संग ब्यास के डेरा प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने शुक्रवार को शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच विभिन्न सामाजिक विषयों पर बातचीत हुई।

### 2.20 लाख रुपए की ठगी करने वाला गिरोह बेनकाब

**चांदनी बिहारपुर ।** सूरजपुर जिले के चांदनी-बिहारपुर थाना क्षेत्र में सोना बेचने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 लाख 24 हजार रुपए बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में राजेंद्र यादव, किशोरी लाल यादव, अर्जुन देवांगन और मोहन कुमार उर्फ सोनू शामिल हैं। जानकारी के अनुसार दरीपारा निवासी बालरूप गुप्ता (45) को होली से पहले मोहन कुमार उर्फ सोनू ने बताया कि कुछ लोग सोना बेच रहे हैं। इसके बाद 6 मार्च को वह आरोपियों से मिला, जहां आरोपियों ने सोने का छोटा सैंपल दिया। इसैंपल की जांच सोनार से कराई गई, जो असली निकला। आरोपियों ने पीतल सोने के बिस्किट के रूप में देकर बालरूप गुप्ता से 2 लाख 20 हजार रुपए ले लिए।

---

**श्रमिकों के खातों में संबल योजना के 157 करोड़ अंतरित**

**किसानों को सालभर में 12 हजार की सम्मान निधि दे रहे**

## छिंदवाड़ा को दी 500 करोड़ के 105 विकास कार्यों की सौगात

# किसानों की समृद्धि में ही प्रदेश की खुशहालीः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे लिए सीमा पर जवान और खेतों में किसान, दोनों बराबर हैं। प्रदेश के किसानों को सालभर में 12 हजार रुपए की सम्मान निधि और लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात मिल रही है। अन्नदाता की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है।

किसानों की समृद्धि में ही प्रदेश की खुशहाली है। इसी ध्येय से किसानों को फसल उत्पादन के साथ-साथ पशुपालन, दूध उत्पादन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण से आय दोगुनी करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डॉ. यादव छिंदवाड़ा में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी के दिन छिंदवाड़ा में दीप प्रज्ज्वलित कर एवं कन्या पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



हितग्राही को योजना राशि का चेक सौंपते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### कर्मयोगी की तरह प्रदेश को आगे बढ़ा रहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहनः सांसद साहू

छिंदवाड़ा से भाजपा सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक कर्मयोगी की तरह प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। पांढुर्णा में आज श्री हनुमान लोक का लोकार्पण होने के साथ ही दूसरे चरण के कार्यों की घोषणा की गई है। छिंदवाड़ा के जनजातीय अंचलों के लिए 84 उप-स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ-साथ बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए विद्यालय और छात्रावास की भी सौगात मिली है। तामिया-जुन्नारदेव सड़क 2 जिलों को जोड़ रही है। छिंदवाड़ा में एयरपोर्ट के विकास से क्षेत्र की एक अलग पहचान बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के कल्याण के लिए 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया है। छिंदवाड़ा कॉर्न (मक्का) सिटी है। छिंदवाड़ा जिले में 350 करोड़ से अधिक लागत के सिर्फ लोकार्पण हुए हैं। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा जिले को दीं कई सौगातें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिले को 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 105 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 133 करोड़ की लागत के तामिया-जुन्नारदेव मार्ग, नल जल योजना के कार्य, पुलिस आवास गृह, माध्यमिक विद्यालय भवन और छात्रावास सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के लिए नया भवन बनाए जाने की घोषणा की। डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश के 7008 श्रमिकों के खातों में संबल योजना की 157 करोड़ की राशि का अंतरण किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में 55 लाख से अधिक हितग्राहियों को 463 करोड़ की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा को लगभग 500 करोड़ और पांढुर्णा को 350 करोड़ से अधिक की अनुपम सौगात मिली है। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के पास जामसांवली में श्री हनुमान लोक के लोकार्पण का सौभाग्य मिला। भगवान श्री हनुमान के बिना तो रामराज्य भी अधूरा सा लगता है।

### श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में नहीं रखी जाएगी कोई कमीः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन में क्षिप्रा नदी पर निर्माणधीन घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रखी जाए। डॉ. यादव ने श्री अंगारेश्वर और श्री सिद्धवट के मध्य क्षिप्रा नदी पर बन रहे नए घाटों का अवलोकन भी किया। ये घाट आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के स्नान और अन्य सुविधाओं के लिए तैयार किए जा रहे हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। डॉ यादव ने नवनिर्मित घाटों के लगभग 200 मीटर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए वस्त्र बदलने की व्यवस्था तथा सुविधाजनक स्थानों पर टॉयलेट बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख घाटों पर लगभग 200 मीटर की दूरी पर सुविधा घर विकसित करने के निर्देश भी दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



## 'चीता बीज' को विश्व स्तरीय ब्रांड के रूप में करें विकसितः मंत्री सारंग



बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते मंत्री सारंग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने राज्य सहकारी बीज एवं विपणन संघ मर्यादित भोपाल (बीज संघ) के संचालक मंडल की बैठक में बीज उत्पादन बढ़ाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा किसानों को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बीज संघ द्वारा मक्का, नॉन-जीएम कपास एवं सब्जियों के हाइब्रिड बीजों का उत्पादन एवं विपणन किया जाएगा।

किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज बाजार मूल्य की तुलना में लगभग आधी कीमत पर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। सारंग ने कहा कि इससे किसानों की लागत कम होगी और उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलेगी। सारंग ने बीज संघ के 'चीता बीज' को विश्व स्तरीय ब्रांड के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए बीजों की गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा सोशल मीडिया, कृषि मेलों और प्रदर्शनियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में बताया गया कि बीज प्रसंस्करण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई सीड प्रोसेसिंग यूनिट एवं कलर सॉर्टेक्स मशीनें स्थापित की जाएंगी। प्रथम चरण में यह कार्य गुना एवं खरगोन में प्रारंभ किया जाएगा, जिसे पैक्स एवं सहकारी समितियों के माध्यम से प्रदेश के अन्य जिलों में विस्तारित किया जाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता-III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | ADEN/NDLS. के अंतर्गत SSE/W/ANVT अनुभाग में आनंद विहार टर्मिनल के रनिंग रूम में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक अतिरिक्त तीसरी मंजिल का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.1,86,11,147.82/- (रुपये एक करोड़ छियासी लाख ग्यारह हजार एक सौ सैंतालीस और बयासी पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,43,100.00/- (रुपये दो लाख तैंतालीस हजार एक सौ मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 16.04.2026 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 20646203 |

- ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128-डब्लू/280/ई-निविदा सूचना/55-2025-26/डब्यू-3
दिनांक : 27.03.2026

1044/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## हादसे पर राजनीति करना कांग्रेस की संवेदनहीन अवसरवादी सोच को करता है उजागरः आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ भोपाल



प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने छिंदवाड़ा बस-ट्रक हादसे पर दुख जताया है। वहीं, उन्होंने घटना को लेकर कांग्रेस के राजनीति करने पर कहा कि जीतू पटवारी, हर घटना पर भ्रम फैलाना और राजनीति करना आपकी पुरानी प्रवृत्ति बन चुकी है। छिंदवाड़ा की यह घटना दो वाहनों के मध्य हुआ एक भीषण सड़क हादसा है, न कि किसी अव्यवस्था का परिणाम। आपदा, दुर्घटना में भी राजनीति करना कांग्रेस की संवेदनहीन और अवसरवादी सोच को उजागर करता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तत्काल संज्ञान लेकर घायलों के उपचार व हर संभव सहायता की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की है। राजनीति से ऊपर उठिए और पीड़ितों के प्रति संवेदना दिखाइए। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने छिंदवाड़ा बस-ट्रक हादसे पर शोक संवेदनाएं जताते हुए सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने इसे सरकारी लापरवाही का परिणाम बताया है। वहीं, घटना की न्यायिक जांच की मांग की है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

## हेवू-बीएमएस ने कार्यालय में किया शक्ति सम्मान का आयोजन

# महिला को अब जीजाबाई बनने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में जुमड़े भवन महात्मा गांधी चौराहा हेवू बीएमएस कार्यालय में शक्ति सम्मान का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में बीएचईएल की उन मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बूते सप्ताह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी तथा छमाही सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों की श्रेणी में अपना नाम दर्ज करवाया। बीएचईएल में इंजीनियरिंग, उत्पादन, क्वालिटी इत्यादि विभागों में कार्य कर रही अनेक मातृ शक्तियों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुनंदा सिंह रघुवंशी, मेघा दुबे, आभा पांडे ने कहा कि प्रत्येक महिला को अब जीजाबाई बनने की आवश्यकता है, क्योंकि यदि जीजाबाई नहीं होगी तो शिवाजी कहां से जन्म लेंगे? विभाग प्रमुख कमलेश नागपुरे ने उपस्थित मातृ शक्ति को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमएस मेडिकल कमेटी की सदस्य सी राधा ने की। संचालन किरण धामने ने किया। आभार प्रदर्शन प्रेमलता व्यास द्वारा किया गया। सम्मानित महिलाओं में मुख्यतः प्रेमलता व्यास, कविता सोनी, सरिता राजुरकर, पूनम भोय, ओमेश्वरी बिसेन, सुनीता चौहान, नम्रता शर्मा, विजयलक्ष्मी, नीतू सोनी, प्रीति प्रजापति, स्वाति शाक्य, यास्मीन, रखी कासदे, श्वेता कैथल, पिंकी मिश्र, साथी शाह और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।



## मेटाडोर से खींचकर चोरी की थी कोशिश, यूपी के दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

थाना नंदिनी नगर क्षेत्र में एटीएम मशीन उखाड़कर चोरी करने की कोशिश करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दुर्ग पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी रेकी कर सुनसान स्थानों पर स्थित एटीएम को निशाना बनाते थे। पुलिस के मुताबिक 13 नवंबर 2025 की रात करीब दो बजे ग्राम ननकट्ठी बस स्टैंड के पास स्थित हिताची कंपनी के एटीएम को आरोपियों ने तोड़फोड़ कर उखाड़ने का प्रयास किया। प्रार्थी विनय कुमार (36) की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों ने ग्राम गनियारी से मेटाडोर वाहन चोरी कर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। तकनीकी साक्ष्य और अंतरराज्यीय समन्वय के आधार पर थाना माधवनगर, जिला कटनी (मप्र) के प्रकरण में गिरफ्तार आरीफ उर्फ बाठू और अहसान उर्फ एहसास की संलिप्तता सामने आई। न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर दोनों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया, जहां उन्होंने घटना स्वीकार की। आरोपी आरीफ उर्फ बाठू (35) निवासी मेरठ और अहसान उर्फ एहसास (35) निवासी शामली, उत्तरप्रदेश के हैं। इनके खिलाफ थानों में पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## प्रदेश भर में मौसम बदला, कल बारिश होने की संभावना

# नर्मदापुरम में 41.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा 'दिन का पारा'


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में शुक्रवार से मौसम बदलने की शुरूआत होगी। पहले प्रदेश के उत्तरी हिस्से के कुछ जिलों में शुक्रवार से शनिवार के बीच आंधी-बारिश का दौर रहेगा।

इससे पहले गुरुवार को नर्मदापुरम में दिन का पारा 2.8 डिग्री बढ़कर 41.6 डिग्री पर पहुंच गया। इससे यहां तेज गर्मी रही। नया पश्चिमी विक्षोभ 28 मार्च को सक्रिय होने से 29 से 2 अप्रैल के बीच प्रदेश के अलग अलग जिलों में बारिश, बादल और आंधी का असर रहेगा। शुक्रवार और शनिवार को ज्यादातर जिलों में दिन के तापमान में बढ़त होगी। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को भोपाल सहित प्रदेशभर में दिन के पारे में औसतन डेढ़ डिग्री की बढ़त के साथ औसत दिन का पारा 37 डिग्री रहा। प्रदेश में सबसे अधिक दिन का तापमान नर्मदापुरम में 2.8 डिग्री बढ़कर 41.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 4.6 डिग्री अधिक है। भोपाल में 1.6 डिग्री बढ़कर 37.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक रहा है।

*आज से उत्तरी हिस्से में तेज हवाओं के साथ कुछ जगह बरसात*

*दो दिन तापमान में बढ़त के बाद बारिश से गिरेगा प्रदेशभर में दिन का तापमान*



### बलौदाबाजार के गिरौदपुरी धाम में लगी भीषण आग, दुकानें जलकर हुई खाक

**बलौदाबाजार ।** गिरौदपुरी धाम में शुक्रवार सुबह भीषण आग लगने से 16 अस्थाई दुकानें जलकर खाक हो गईं। हादसे में 3 सिलेंडर ब्लास्ट हुए हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले स्थित गिरौधपुरी धाम में शुक्रवार सुबह 7 बजे एक बड़ी आगजनी की घटना सामने आई।

संत गुरु घासीदास की तपोभूमि माने जाने वाले इस धार्मिक स्थल के मंदिर परिसर के बाहर लगी झोपड़ीनुमा दुकानों में अचानक आग भड़क उठी, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने से 3 सिलेंडरों में ब्लास्ट भी हुआ। मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 7 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते मंदिर के बाहर स्थित करीब 16 अस्थाई दुकानें इसकी चपेट में आ गईं और पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। दुकानों में रखे सामान खाद्य सामग्री पूजन सामग्री और अन्य वस्तुएं भी आग में नष्ट हो गईं। इससे दुकानदारों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 हेतु दिनांक 08.04.2026 एवं सरल क्र. 2 से 4 हेतु दिनांक 15.04.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र. | नि.आ.सू. क्र. / दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 549 | नवीन थाना भवन लोरमी का विशेष मरम्मत कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग मुंगेली। मद संख्या 67-2059-3383 | 16.64 |
| 2 | 550 | जिला बिलासपुर के देवकीनंदन चौक से महामाया चौक मार्ग लं. 1.30 कि.मी. निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1 बिलासपुर । मद संख्या 24-5054-2457 | 182.84 |
| 3 | 551 | जिला न्यायालय बिलासपुर परिसर में अधिवक्ताओं हेतु नवीन सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1 बिलासपुर । मद संख्या 8443 डिपाजिट कार्य। | 88.35 |
| 4 | 552 | जिला रायगढ़ के कारीछापर पहुंच मार्ग लं. 2.80 कि.मी. का डामर नवीनीकरण कार्य एवं तड़ोला पहुंच मार्ग लं. 2.50 कि.मी. का डामर नवीनीकरण का कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ संभाग। मद संख्या 24-5054-2457 | 164.24 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

G-252607427/7

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

## चिंतन

# परिस्थितियां कठिन लेकिन भरोसा रखें

वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर भारत पर भी देखने को मिल रहा है, खासकर पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों और सप्लाई चेन पर। हालांकि, हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह सरकार पर भरोसा रखने का समय है। सबसे पहले यह स्पष्ट कर देना जरूरी है कि देश में पेट्रोल, डीजल या गैस की कोई कमी नहीं है। सरकार और संबंधित मंत्रालयों ने बार-बार यह आश्वासन दिया है कि सभी रिफाइनरी 100 प्रतिशत क्षमता से काम कर रही हैं और सप्लाई चेन को सुचारू बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। एलपीजी के उत्पादन में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार स्थिति को संभालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। हाल के दिनों में कुछ अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं, जिससे लोगों में अनावश्यक भय का माहौल बना, लेकिन यह समझना जरूरी है कि ऐसी अफवाहें ही असली समस्या को बढ़ाती हैं। जब लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन या गैस खरीदने लगते हैं तो सप्लाई पर दबाव बढ़ता है और अस्थायी संकट पैदा हो सकता है। इसलिए नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना काल के संदर्भ में दी गई टिप्पणी को भी कुछ लोगों ने गलत तरीके से प्रस्तुत किया। उनका उद्देश्य केवल यह बताना था कि उस समय लॉकडाउन एक विशेष परिस्थिति में लगाया गया था, जबकि वर्तमान हालात उससे अलग हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि देश में लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय मंत्रियों ने भी इस बात की पुष्टि की है, जिससे स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाती है। कोरोना काल में लोग एक-दूसरे के संपर्क में न आएं, इसलिए लॉकडाउन लगाया गया था। अब ऐसे हालात नहीं हैं, इसलिए लॉकडाउन नहीं होगा। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन लोग घबराएं नहीं, पैनिक न हों, सरकार पर भरोसा रखें। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। जहां पहले यह लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थी, वहीं अब 110 डॉलर के पार पहुंच चुकी है। इसका सीधा असर तेल कंपनियों पर पड़ा है, जिन्हें प्रति लीटर 30 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा था। ऐसे में कीमतें बढ़ना तय माना जा रहा था, लेकिन सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कटौती कर जनता को राहत दी है। पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये की कटौती से कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिली है। शुरुआत में कमर्शियल उपयोग के लिए सप्लाई कम की गई थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर लगभग 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है। भारत की कूटनीति भी इस कठिन समय में एक मजबूत स्तंभ के रूप में सामने आई है। रूस, अमेरिका, ईरान और अर्जेंटीना जैसे देशों के साथ संवाद स्थापित कर भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को संतुलित किया है। यह दिखाता है कि देश केवल आंतरिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी सक्रिय और सक्षम है। इन सभी प्रयासों के बावजूद यह मानना होगा कि परिस्थितियां पूरी तरह आसान नहीं हैं। वैश्विक संकट का प्रभाव किसी न किसी रूप में पड़ता ही है, लेकिन ऐसे समय में सबसे महत्वपूर्ण है जनता का धैर्य और सरकार पर विश्वास। परिस्थितियां भले ही कठिन हों, लेकिन विश्वास और संयम से हर चुनौती को पार किया जा सकता है।



मुद्दा
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# इच्छा मृत्यु की जीत से उपजे सवाल

दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।

दिल्ली में 2014 से जीवन व मृत्यु की जंग लड़ रहे हरीश हार गए और इच्छा-मृत्यु जीत गई। इस जीत ने मानवाधिकार को हरा दिया। दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देशों ने इसे मान्यता भी दी है, लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में ही मिलती है। गीता के अनुसार, जातस्य ही ध्रुवो मृत्युः ध्रुव जन्म मृतस्य च। जिसका तात्पर्य है कि जन्म के बाद मृत्यु है, मृत्यु के बाद नया जन्म ध्रुव सत्य है। इसलिए जन्म और मृत्यु के सौंदर्य को भारतीय मानस उत्सव का स्वरूप प्रदान करता है। भारतीय मानस की कल्पना है कि जीवन आनंदमय है और मृत्यु भी आनंदोत्सव के रूप में वरेण्य है। जैन, बौद्ध, हिन्दू और लगभग सभी धर्मों ने कुछ न कुछ इस प्रकार की चर्चा अपने धर्मशास्त्रों में की। किंतु फिर भी जन्म तो उत्सव के रूप में खूब स्वीकार्य रहा। मृत्यु शोक, जीवन-इच्छा से विरक्ति एवं अवसाद के रूप में ही ज्यादा समझी गई। अपनों के जाने का शोक, अपनों से बिछुड़ने का शोक और फिर कभी न मिल पाने का शोक इतना जल्दी स्वीकार नहीं हो पाता और न ही इसे कोई उत्सव के रूप में मनाता है।

बहुत पहले की बात है, मेरे नाना के पिता 140 वर्ष के हो गए थे। तीन पेंशन उन्हें मिलती थी। हर महीने आईबी के लोग यह पता करने आते थे कि यह पेंशन कोई और तो नहीं ले रहा है। लेकिन हर महीने वे जिंदा मिल जाते थे तो जांच अधिकारी कुछ भी कहे बगैर चले जाते थे। मेरे नानाजी की मृत्यु भी 115 वर्ष में हुई। उनके पिताजी की मृत्यु हो ही नहीं रही थी तो पण्डितों से पूछा गया कि उनकी मृत्यु कैसे होगी। शरीर बूढ़ा और कमजोर हो गया था, लेकिन मृत्यु नहीं हो रही थी। मुझे बताया गया कि पंडितों ने कहा कि इनकी मृत्यु यहां होगी ही नहीं। यदि इन्हें ज़िंदा बनारस ले जाया जाए तो काशी में कुछ समय बाद इनकी मृत्यु हो सकती है। कहते हैं कि उन्हें जीते जी उत्सव के साथ गाजा-बाजा के साथ हाथी के जुलूस के साथ ज़िंदा कफन सहित बड़ी तादात में लोग हज़ारों लोग काशी के लिए बिदा करके आए और वहां सवा महीने रहने के बाद उनकी मृत्यु हुई। अखबारों में उनकी मृत्यु के विषय में लिखा गया। लोग कहते हैं कि मृत्यु आए तो इतनी जल्दी से आ जाए। न आए तो वर्षों की प्रतीक्षा। कौमा में पड़े व्यक्ति के जीवन का भी क्या? जिंदा लाश, जी भी रहा है तो उससे परिवार, सगे-संबंधियों को केवल रोज मरना व जीना पड़ता है।

अपनी सुध खोया हुआ, मृत-प्राय मनुष्य को तो कुछ पता भी नहीं होता। मृत्यु के नखरे के साथ जूझते लोग और उनके परिजन और डॉक्टर ऐसी स्थितियों में अनिर्णीत स्थितियों में जीने को विवश होते हैं। निर्णय क्षमता की परीक्षा बहुत ही कठोर होती है। ऐसी ही कुछ स्थितियां तेरह वर्ष से अधिक समय से कोमा में पड़े हरीश राणा और उसके परिवार व चिकित्सकों की थी। अब हरीश नहीं हैं। प्रेक्षक यह स्वीकार कर रहे हैं कि परिजन व चिकित्सक को बहुत बड़ी राहत मिली है अब और सबसे अधिक राहत उस दिवंगत आत्मा को मिली होगी जो इतने लंबे समय से एक शरीर में कुछ कैद, कुछ उलझी हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने भारतीय



बहस, चिंतन के पुराने निर्णय को ही स्वीकार किया है। संविधान ने व्यावहारिक रूप से यह सुविधा अब दी है, जबकि शास्त्रों ने पहले से ही ऐसी स्वीकृति दी थी। जीवन की परीक्षा किसी शरीर के लिए नरक न बन जाए, और मृत्यु एक कहानी न बन जाए, इसके लिए भारत वर्ष में बहुत पहले से ही विचार होते रहे हैं।

इच्छा-मृत्यु फिर भी सहजता से स्वीकारी नहीं जा सकती। यह हरीश व उनके परिजनों का संघर्ष बताता है। नीदरलैंड ने 2002 में सबसे पहले इच्छा-मृत्यु को मान्यता दी थी। विश्व का प्रथम ऐसा प्रावधान करने वाला नीदरलैंड, जिसने दुनिया में नई बहस को छेड़ दिया था। बेल्जियम में कुछ मानसिक अवसाद में जीने वाले लोग जब इच्छा मृत्यु मांगने लगे तो बेल्जियम ने भी प्रावधान कर दिया, लेकिन उसकी शर्त यह थी कि हम इच्छा मृत्यु को लीगल रूप से प्राप्त करने के पक्ष में हैं। अगर इस तरह की गतिविधियों में यदि किसी की संलिप्तता पाई गई तो तीन साल तक कि सजा भी होगी। फिर ऐसी मान्यताएं ऑस्ट्रिया, कोलंबिया, स्विट्जरलैंड और दूसरे कई देशों में मिलीं। लक्जमबर्ग, अमेरिका व जर्मनी में भी ऐसी अनेक इच्छा मृत्यु के लिए कोशिशों ने अपनी कानूनी मान्यता प्राप्त कर लीं। यह मान्यताएं भी पूरे विश्व में अपना असर दिखाने लगी हैं। भारी संख्या में विश्व भर में इच्छा-मृत्यु के लिए मिले आवेदन हैरान कर देने वाले हैं। अब दुनिया में अवसाद बढ़ रहे हैं।

भूख और गरीबी भी है। शरणार्थियों के अपने घर नहीं हैं और न ही उनकी नागरिकता। ऐसे में वे भी अपने जीवन से तंग आकर यदि इच्छा मृत्यु की मांग करने लगे तो क्या होगा? भारत में जिन बुजुर्गों की सेवा करने वाले नहीं होते। जिन्हें अपने बच्चे किसी आश्रम में छोड़ जाते हैं या अपमानजनक स्थिति में पहुंचा देते हैं, उनके मन व मस्तिष्क में बरबस आता है, ऐसा कि हे भगवान! हमें उठा लो। सोचिए अगर वे अपने जीवन से मुक्ति की मांग आवेदन देकर करने लगेंगे तो क्या होगा? भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने जिस पैसिव यूथेनेसिया को मान्यता दी है उससे जीवन व मृत्यु से जूझते लोगों व उनके परिजनों को कितनी राहत मिली, पता नहीं लेकिन भारत भी इसके लिए राजी हो ही गया और थोड़ा अलग तरह से राजी हुआ। माना कि यह वैज्ञानिक युग है। साइंटिफिक आविष्कारों ने जीवन को दीर्घजीवी बना दिया है। कृत्रिम ढंग से जीने की भी सुविधाएं बढ़ती जा रही हैं। हमारा जीवन गरिमामय हो, अर्थपूर्ण हो। मृत्यु भी गरिमामय मनुष्य चाहता है लेकिन मृत्यु का पैमाना कहीं अनेक जीवन को खो देने से न निर्धारित होने लगे, इसके लिए इच्छा मृत्यु पर खुली छूट भी तो नहीं दी जा सकती। हम जीवन से खेलने के आदी न हो जाएं, इसके लिए भी यह छूट नहीं दी जा सकती।

जैन धर्म में भी कुछ प्रथाओं पर इस वजह से प्रश्न खड़ा किया जाता रहा है। दूसरे धर्मों में भी ऐसी चीजें जो अपना आकार ले रही थीं, उन पर समय-समय पर चिंता व्यक्त की जाती रही है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लक्षित न होने लगें, इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं सभ्यता पर ही न सवाल करने लगे।

(लेखक सीयूपी बठिंडा में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## संसाधन

बलकार सिंह पूनिया



# ऊर्जा संकट और गांवों की ओर लौटता समाधान

वर्तमान ऊर्जा संकट केवल ईंधन की उपलब्धता का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह हमारे विकास मॉडल की बुनियादी कमजोरियों को उजागर करता है। लंबे समय से अपनाया गया शहर-केंद्रित विकास ढांचा सुविधाओं और उपभोग पर आधारित रहा है, जिसने जीवन को आधुनिक तो बनाया, परंतु उसे बाहरी संसाधनों पर अत्यधिक निर्भर भी कर दिया। परिणामस्वरूप, गैस, बिजली या अन्य ऊर्जा स्रोतों में थोड़ी-सी बाधा भी शहरी जीवन को असंतुलित कर देती है। रसोई से लेकर परिवहन और दैनिक आवश्यकताओं तक सबकुछ प्रभावित हो जाता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि आधुनिक शहरी व्यवस्था जितनी आकर्षक है, उतनी ही संवेदनशील और अस्थिर भी है। इसके विपरीत, भारतीय गांवों की जीवन-शैली आज भी आत्मनिर्भरता, स्थानीय संसाधनों और सामुदायिक सहयोग पर आधारित है। गांवों में व्यक्ति केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादन प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार होता है। यही कारण है कि संकट के समय गांव अधिक लचीले और टिकाऊ साबित होते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान बड़े पैमाने पर हुआ पलायन इस सत्य का प्रमाण है कि जब शहरों की सीमाएं सामने आती हैं, तब गांव ही सुरक्षा और स्थिरता का आधार बनते हैं।

ऊर्जा के संदर्भ में यदि देखा जाए तो गांवों के पास अनेक ऐसे विकल्प हैं, जो उन्हें आत्मनिर्भर बना सकते हैं। बायोगैस इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। पशुओं के गोबर, कृषि अवशेष और जैविक कचरे से तैयार की जाने वाली यह ऊर्जा न केवल स्वच्छ और सस्ती है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से गांव अपनी ऊर्जा जरूरतों को स्थानीय स्तर पर पूरा कर सकते हैं, जिससे एलपीजी जैसी बाहरी निर्भरता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, इस प्रक्रिया से प्राप्त जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है और रासायनिक उर्वरकों पर होने वाले खर्च को कम करती है। इस प्रकार बायोगैस केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि एक समग्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बन सकती है। इसी प्रकार सौर ऊर्जा भी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण संभावना प्रस्तुत करती है। भारत की भौगोलिक स्थिति सौर ऊर्जा के लिए अत्यंत अनुकूल है। यदि गांवों में सोलर पैनल, सोलर पंप और माइक्रो-ग्रिड जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा दिया जाए तो न केवल ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि एक विकेंद्रीकृत और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र भी विकसित हो सकेगा। यह मॉडल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगा। फिर भी, समस्या केवल तकनीकी समाधान की नहीं है, बल्कि नीतिगत दृष्टिकोण की भी है। अब तक की विकास नीतियों में गांवों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिली, जिसके कारण स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान की उपेक्षा हुई है।

आवश्यकता इस बात की है कि विकास की दिशा को पुनः परिभाषित किया जाए और गांवों को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास के केंद्र के रूप में स्वीकार किया जाए। इसके लिए पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना होगा, ताकि वे ऊर्जा उत्पादन और प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं की भूमिका इस परिवर्तन में अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। वे घरेलू संसाधनों के प्रबंधन की धुरी होती हैं और यदि उन्हें बायोगैस, सौर ऊर्जा और अन्य तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए, तो वे न केवल परिवार की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकती हैं, बल्कि "ऊर्जा उद्यमी" के रूप में उभरकर अतिरिक्त आय और रोजगार के अवसर भी सृजित कर सकती हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। अंततः यह स्पष्ट है कि ऊर्जा संकट का समाधान केवल आयात बढ़ाने या सब्सिडी देने में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाने में निहित है। इसके लिए आवश्यक है कि स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए, विकेंद्रीकृत ऊर्जा मॉडल को अपनाया जाए और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ा जाए।

आज समय की मांग है कि "गांवों की ओर लौटने" की अवधारणा को केवल भावनात्मक अपील न समझा जाए, बल्कि इसे एक व्यावहारिक और दूरदर्शी रणनीति के रूप में अपनाया जाए। क्योंकि एक आत्मनिर्भर, संतुलित और संकट-प्रतिरोधी भारत का निर्माण तभी संभव है, जब गांवों की शक्ति, उनकी आत्मनिर्भरता और उनके संसाधन-आधारित जीवन मॉडल को विकास की मुख्यधारा में स्थान दिया जाए।

(लेखक इग्नू नई दिल्ली में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## संस्कार क्या है?



संकलित
प्रेरणा

एक राजा के पास सुन्दर घोड़ी थी। कई बार युद्ध में इस घोड़ी ने राजा के प्राण बचाये और घोड़ी राजा के लिए पूरी वफादार थी। कुछ दिनों के बाद इस घोड़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया, बच्चा काना पैदा हुआ, पर शरीर हष्ट पुष्ट व सुडौल था। बच्चा बड़ा हुआ, बच्चे ने माँ से पूछाः माँ मैं बहुत बलवान हूँ, पर काना हूँ, यह कैसे हो गया? इस पर घोड़ी बोलीः बेटा जब में गर्भवती थी, तू पेट में था तब राजा ने मेरे ऊपर सवारी करते समय मुझे एक कोड़ा मार दिया, जिसके कारण तू काना हो गया। यह बात सुनकर बच्चे को राजा पर गुस्सा आया और माँ से बोलाः माँ मैं इसका बदला लूंगा। माँ ने कहा राजा ने हमारा पालन-पोषण किया है, तू जो स्वस्थ है, सुन्दर है, उसी के पोषण से तो है, यदि राजा को एक बार गुस्सा आ गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम उसे क्षति पहुंचाये, पर उस बच्चे के समझ में कुछ नहीं आया, उसने मन ही मन राजा से बदला लेने की सोच ली। *एक दिन यह मौका घोड़े को मिल गया राजा उसे युद्व पर ले गया। युद्व लड़ते-लड़ते राजा एक जगह घायल हो गया, घोड़ा उसे तुरन्त उठाकर वापस महल ले आया।* इस पर घोड़े को ताज्जुब हुआ और माँ से पूछाः माँ आज राजा से बदला लेने का अच्छा मौका था, पर युद्व के मैदान में बदला लेने का ख्याल ही नहीं आया और न ही ले पाया, मन ने गवारा नहीं किया। इस पर घोडी हंस कर बोलीः बेटा तेरे खून में और तेरे संस्कार में धोखा है ही नहीं, तू जानकर तो धोखा दे ही नहीं सकता है। तुझ से नमक हरामी हो नहीं सकती, क्योंकि तेरी नस्ल में तेरी माँ का ही तो अंश है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बातचीत से सुलझाया जाए अमेरिका-ईरान युद्ध

अनिश्चित भविष्य वाला युद्ध केवल सीमाओं की लड़ाई नहीं होता, बल्कि यह राजनीति, अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मानवता, सभी को गहराई से प्रभावित करता है। अमरीका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का द्विपक्षीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक भू-राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीतिक तंत्र की विफलता का एक जटिल उदाहरण बन चुका है। युद्धविराम के प्रस्ताव पर जिस तरह दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के प्रति अविश्वास दिखाया, उससे स्पष्ट है कि संवाद की बुनियाद ही कमजोर है। अमरीका द्वारा प्रस्तुत 15 सूत्रीय प्रस्ताव को ईरान ने खारिज करते हुए अपनी शर्तें सामने रख दीं, जो यह संकेत देता है कि दोनों देशों के बीच कोई प्रभावी बैक-चैनल वार्ता नहीं चल रही है। पूरे विश्व के हित में यही है कि इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाया जाए।

- **राजेंद्र ठाकुर**, रायपुर

## ट्रेंड

### नोएडा हवाई अड्डा



28 मार्च उत्तर प्रदेश और एनसीआर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन होगा। इससे व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। नोएडा हवाई अड्डा हमारे देश की प्रमुख हरित परियोजनाओं में से एक है।

- **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### कांग्रेस की भावना



कांग्रेस की जिस प्रकार की नकारात्मक भावना है, संसद उसका संस्थान नहीं है। कांग्रेस पार्टी को स्ट्रक्चर के साथ चर्चा करना पसंद नहीं है; हो-हल्ला करना और हुड़दंग मचाना ही उसकी परंपरा रही है।

- **धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री**

### सरकार की नाकामी



वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को 4 घंटे की प्रोपोगंडा पिक्चर देखने भेजने से अच्छा था कि उन्हें पेट्रोल पंपों पर भेजते। नाकाम भाजपा सरकार ने बेचारे सिपाहियों को जनता के गुस्से का सामना करने के लिए अकेला छोड़ दिया है।

-**अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### आमजन को राहत




वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे अधिकांश देशों में आम जनता पर बोझ बढ़ा है। ऐसे समय में भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जहां सरकार ने करों में कटौती कर आम लोगों को राहत देने का कार्य किया है।

-**अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा**

## करंट अफेयर

# अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखाई देंगे ट्रंप के हस्ताक्षर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने यह निर्णय ऐसे वक्त लिया है जब अमेरिका इस वर्ष देश की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा ''अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे। ऐसा इतिहास में पहली बार होगा और यह राष्ट्रपति के नेतृत्व एवं हमारे महान राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है।



इस महीने की शुरुआत में, एक संघीय कला आयोग ने अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ पर ट्रंप की छवि वाले 24 कैरेट सोने के स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को मंजूरी दी थी। बेसेंट ने एक बयान में कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में, हम अभूतपूर्व आर्थिक विकास, डॉलर के स्थायी प्रभुत्व और राजकोषीय मजबूती एवं स्थिरता की राह पर हैं।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन अगर आप एक एथलीट हैं तब भी हमेशा 'आइस बाथ' नहीं लेना चाहिए।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## सीएम ममता बेनर्जी के आपत्तिजनक वीडियो मामले में कड़ा एक्शन

# पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, बीएनएस और आईटी अधिनियम के तहत की जा रही है जांच

शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर कई वीडियो प्रसारित हुए हैं, जिनमें सीएम के खिलाफ आपत्तिजनक और विवादित टिप्पणियां की गई हैं। आरोप है कि इन वीडियो को जानबूझकर प्रसारित किया गया, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी के खिलाफ कथित तौर पर अश्लील और अपमानजनक वीडियो प्रसारित किए जाने के मामले में कोलकाता के शेक्सपियर सरणी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई की है। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर कई वीडियो प्रसारित हुए हैं, जिनमें सीएम के खिलाफ आपत्तिजनक और विवादित टिप्पणियां की गई हैं। आरोप है कि इन वीडियो को जानबूझकर प्रसारित किया गया, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। एफआईआर में यह भी उल्लेख किया गया है कि वीडियो में की गई टिप्पणियां न केवल अश्लील और अपमानजनक हैं, बल्कि इससे सांप्रदायिक तनाव और हिंसा भड़कने की भी आशंका है। मामले में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कुल 16 धाराएं लगाई गई हैं। हालांकि, किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और वीडियो के स्रोत तथा प्रसार की कड़ी तलाश कर रही है।

वीडियो से छवि खराब करने और तनाव भड़काने का आरोप

### ममता का भाजपा पर हमला


पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी

### यह चुनाव कौरवों के साथ पांडव की लड़ाई

सीएम बेनर्जी ने बर्द्धमान के पांडवेश्वर और बीरभूम जिले के दुबराजुर में दो चुनावी सभाओं को संबोधित किया। ममता ने भाजपा और चुनाव आयोग पर जमकर शब्दवाण चलाए। उन्होंने टीएमसी को पांडव व भाजपा को कौरव बताया। सीएम ने कहा कि मेरे हाथ से सब पावर छीन लिया है, भाजपा की जो इच्छा हो रही है, वह कर रही है। इस जगह का नाम पांडवेश्वर है, जो कि पांडवों से जुड़ा हुआ स्थान है। यह चुनाव भी महाभारत की ही तरह कौरवों और पांडवों की लड़ाई है। वे लोग (भाजपा) खुद लूट करते हैं, झूठ बोलते हैं। मैं सीएम के रूप में वेतन भी नहीं लेती, किसी के पैसे की चाय नहीं पीती, फिर भी मुझे चोर कहते हैं।

### सत्ता में आने पर बांग्लादेशी समुदाय की कमर तोड़ देंगे: हिमंता



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि अगर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में वापस आता है, तो उनकी सरकार राज्य में बांग्लादेशी 'मियां' समुदाय की कमर तोड़ देगी। सरकार एक मजबूत असमिया समाज के निर्माण के लिए काम करेगी और अवैध प्रवासी मूल निवासियों को चुनौती नहीं दे सकेंगे। लखीमपुर जिले के ढाकुआखाना में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि हमने राज्य के मूल निवासियों के लिए बहुत मेहनत की है। जो लोग बांग्लादेश से आकर असम की जमीन और घरों पर अतिक्रमण कर रहे थे, हमने राजनीतिक रूप से उनके हाथ-पैर तोड़ दिए। उन्होंने कहा कि इस बार हम बांग्लादेशी मियाओं की कमर तोड़ देंगे, ताकि वे असमिया लोगों के लिए चुनौती बनने की हिम्मत न कर सकें।

चुनाव प्रशिक्षण में 'ममता' का विरोध

### निर्वाचनकर्मी वाले शिक्षक का सिर फटा

नदिया जिले के राणाघाट में एक चुनावी प्रशिक्षण शिविर एक निर्वाचन कर्मी शिक्षक को जमकर पीटा गया। प्रशिक्षण लेने आए एक शिक्षक का सिर फटने और गंभीर चोटें आने के बाद सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। घायल शिक्षक का आरोप है कि ट्रेनिंग के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर राज्य सरकार के प्रचार वीडियो और सीएम ममता बेनर्जी की तस्वीर दिखाई जा रही थी, जिसका विरोध करने पर उन्हें बेरहमी से पीटा गया।

### अन्नाद्रमुक ने 127 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

तमिलनाडु में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें कुछ विधायकों को बरकरार रखा गया है। इस सूची में कई पूर्व मंत्री और पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के पलानीस्वामी ने 127 सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।



केरल हाईकोर्ट का निर्वाचन आयोग को आदेश

### सांप्रदायिक टिप्पणी करने वाले के विरुद्ध याचिका पर करें 'विचार'

केरल उच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से सवाल किया कि जब कोई उम्मीदवार समुदाय, समाज और देश को नुकसान पहुंचाने वाली नफरती या सांप्रदायिक टिप्पणी करता है, तो क्या होता है। गुरुवायूर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार बी गोपालकृष्णन के एक चुनाव प्रचार वीडियो में कथित सांप्रदायिक टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति बी. कुरियन थॉमस ने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता के द्वारा 20 मार्च को उसे दिए गए अभ्यावेदन पर विचार करे और उपयुक्त आदेश पारित करे। अदालत ने निर्देश दिया कि आयोग द्वारा अभ्यावेदन प्राप्त होने की तिथि से दो महीने के भीतर उसका निपटारा किया जाए।

### 77 करोड़ मूल्य के सोने के आभूषण जब्त

निर्वाचन आयोग के उड़न दस्ते ने तमिलनाडु के चेन्नई शहर में वाहनों की जांच के दौरान 77.29 करोड़ रुपए मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, ये आभूषण 26 मार्च की रात टी. नगर विधानसभा क्षेत्र के अशोक नगर इलाके में जब्त किए गए। निर्वाचन आयोग के उड़न दस्ते ने वाहनों की जांच के दौरान एक वाहन से लगभग 381 किलोग्राम सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए।

### केरल में थरूर का दावा

#### भाजपा-माकपा का कोई समझौता कारगर नहीं होगा



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने दावा किया कि माकपा और भाजपा के बीच कथित तौर पर हुआ कोई भी समझौता चुनावों में काम नहीं आएगा, क्योंकि कांग्रेस का जनता के साथ समझौता है। थरूर ने कहा कि वाम दलों का लक्ष्य सत्ता में बने रहना है।

### कांग्रेस का सीएम पिनराई पर तंज

#### राहुल पर निशाना साध रहे, लेकिन पीएम मोदी पर 'चुप' बैठे



कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने केरल के सीएम पिनराई विजयन राज्य में राहुल गांधी के प्रभाव से भयभीत हैं और वह पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोल रहे। उन्होंने कहा कि केरल की जनता राहुल गांधी से कितना प्रभावित है इसलिए वह उनसे घबराए हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रॉला से भिड़ा पिकअप वाहन, 8 की मौत



**कौशांबी।** प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर सैनी क्षेत्र के डोरमा गांव के सामने पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े ट्राला में अनियंत्रित पिकअप भिड़ गया। इस हादसे में 8 की मौत हो गई। एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए।

### ईडी ने जब्त की 19.12 करोड़ की संपत्ति



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने एनएसईएल केस में बड़ी कार्रवाई की है। 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। ईडी ने 19.12 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को अस्थाई रूप से जब्त कर लिया गया है।

### सेल्फी लेते तुंगभद्रा नदी में 2 महिला सहित 4 डूबे



**कुरनूल।** आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिले के कोसिगी में शुक्रवार को तुंगभद्रा नदी में दो महिलाओं सहित चार लोग डूब गए। येम्मिगनूर के उपमंडल पुलिस अधिकारी एन बरघावी ने बताया कि चारों एक शादी में शामिल होने आए थे और नदी में चले गए जहां वे डूब गए।

## लोकसभा अध्यक्ष की सांसदों को नसीहत...

# 'सदन में आसन का धन्यवाद करने से ज्यादा प्रश्न पूछने पर ध्यान दें माननीय'

### प्रश्नकाल में भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के सवाल पूछने के दौरान बोले ओम बिरला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद के निचले सदन में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सांसदों को यह नसीहत दी है कि वह सदन में अपने सवाल पूछने से पहले आसन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने में समय बर्बाद न करें। सीधे अपना प्रश्न पूछे और संबंधित विभागीय मंत्री से उसका जवाब लें। जिससे समय की बचत होगी और सदन में सभी जनप्रतिनिधियों को सवाल पूछने का मौका मिलेगा। अध्यक्ष की इस टिप्पणी का खासतौर पर विपक्षी दलों के सदस्यों ने मेज थपथपाकर स्वागत किया। दरअसल ये पूरा घटनाक्रम सुबह 11 बजे का है, जब भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने स्वास्थ्य से जुड़ा एक सवाल पूछने से पहले लोकसभा अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद दिया। जिसे लेकर बिरला ने कहा कि आसन का धन्यवाद करने से अधिक प्रश्न पूछने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। क्योंकि वही महत्वपूर्ण है। धन्यवाद का कोई महत्व नहीं है। उधर, कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने शून्यकाल में छोटे बच्चों में तेजी से बढ़ती मोबाइल इस्तेमाल करने की लत के विषय को उठाया। जिसे लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, 27 मार्च को मामले पर आईटी मंत्रालय की एक समिति ने विषय को लेकर सरकार को जरूरी सिफारिश कर दी है।

शून्यकाल में दीपेंद्र हुड्डा ने उठाया, छोटे बच्चों में बढ़ती मोबाइल इस्तेमाल की लत का मुद्दा



### ऐसे बढ़ता उर्वरकों का स्टॉक: नड्डा

तृणमूल कांग्रेस की सांसद प्रतिमा मंडल ने पश्चिम-एशिया संकट के हालात पर यूरिया के संबंध में कोई नीति बनाने या कमी की पूर्ति के लिए अतिरिक्त रिजर्व की योजना को लेकर केंद्र से सवाल पूछा। जवाब में केंद्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री जे.पी.नड्डा ने माना कि देश में उर्वरकों के कच्चे-माल (रॉ-मटेरियल) के मामले में आयात पर निर्भरता है। हमारे पास रिजर्व सीमित है। लेकिन इसकी पूर्ति करने के लिए हमने कई देशों जैसे जॉर्डन, ओमान, सऊदी-अरब और मोरक्को के साथ दीर्घकालिक समझौता किया है। जिसका लाभ यह हुआ है कि देश में उत्पादन बढ़ाने में मदद मिली है। जो एक दशक पहले के 230 लाख मीट्रिक टन की तुलना में अब 85 लाख मीट्रिक टन तक बढ़कर 315 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा, गोरखपुर व अन्य जगहों में नए प्लांट भी लगाए गए हैं। केंद्र ने यूरिया के संतुलित इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। जिनसे आयात पर निर्भरता में कमी आई है।

### खाद्य-उर्वरकों की है पूरी व्यवस्था

उन्होंने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा, मैं सदन के जरिए देश की आम-जनता को यह भरोसा दिलाना चाहता हूं कि भारत के पास खाद्य और उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। सरकार ने इसकी पूरी व्यवस्था की है। इसलिए किसी को भी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे पास पर्याप्त भंडार मौजूद है। बीते गुरुवार को ही मेरी सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों से बातचीत हुई है। किसानों को सही समय पर जितनी मात्रा में खाद की जरूरत होगी। केंद्र उसे उपलब्ध कराएगा। खरीफ के सीजन के लिए हम चिंतामुक्त हैं। जबकि भविष्य के लिए विविधता के प्रयास जारी हैं। बाकी देशों से खरीद करने का उपाय इसमें शामिल है।

### नेहरू ने खोला मात्र 1 एम्स: सांसद नड्डा

कांग्रेस सांसद जयप्रकाश के प्रश्न के जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी.नड्डा ने मुख्य विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 1960 से 1998 तक देश में केवल एम्स खोला गया था। कांग्रेसी सांसद बोले, एम्स पंडित नेहरू की देन है। जवाब में नड्डा ने पलटवार किया और कहा, 1960 से 1998 तक सिर्फ एक ही एम्स था। उसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने 6 एम्स खोले और वर्तमान मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में देश में कुल 23 एम्स खोले हैं। यह अस्पताल भारत ही नहीं दुनिया में एक ब्रांड है। जिसकी नियुक्ति प्रक्रियाओं में मानकों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### मोबाइल की बढ़ती लत बच्चों के लिए हानिकारक: हुड्डा

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सदन में बच्चों के तेजी से मोबाइल पर बढ़ रहे स्क्रीन टाइम का गंभीर विषय उठाते हुए कहा कि इससे उन्हें मोबाइल की लत लग रही है। कम उम्र में बच्चों में चिंता, ध्यान लगाने में परेशानी, चिड़चिड़ापन जैसी दिक्कतें आ रही हैं। आज ऑनलाइन जुआ खेलने, सट्टा लगाने के लिए भी कई डिजिटल गेम मौजूद हैं। जो युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं। इसलिए सरकार को इस मामले में व्यापक नियम बनाने चाहिए। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, चीन जैसे दुनिया के बाकी देशों में इसे लेकर कदम उठाए हैं। हुड्डा का यह मुद्दा उठाने के बाद निशिकांत दुबे ने कहा, आज आईटी मंत्रालय की मामले पर गठित की गई समिति की एक बैठक हुई है। जिसने इस संबंध में सरकार से सिफारिश कर दी है।

# सरकार ने उर्वरक की जमाखोरी और कालाबाजारी मामले में 6,900 से अधिक लाइसेंस रद्द किए

### रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार ने उर्वरकों की जमाखोरी, हेराफेरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए कड़े प्रवर्तन उपाय किए हैं। रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शुक्रवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि प्रवर्तन एजेंसियों ने अप्रैल 2025 से, 4,66,415 छापे मारे हैं, 16,246 कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं, 6,802 लाइसेंस निलंबित या रद्द किए हैं और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ 821 प्राथमिकी दर्ज की हैं। विशेष रूप से फरवरी 2026 में, जमाखोरी के मामलों में 28 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, दो लाइसेंस निलंबित/ रद्द किए गए और दो प्राथमिकी दर्ज की गईं।

उन्होंने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत उर्वरकों को आवश्यक वस्तु घोषित किया गया है और उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत अधिसूचित किया गया है जो राज्य सरकारों को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार देता है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, राज्य सरकारों के परामर्श से, नियमित रूप से साप्ताहिक आधार पर प्रवर्तन कार्रवाइयों की निगरानी करता है और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करता है। वर्तमान रबी 2025-26 सीजन के दौरान देश में यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस जैसे उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है।

सरकार ने फॉस्फेट और पोटैशियम युक्त उर्वरकों के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना का क्रियान्वयन जारी

अनुप्रिया पटेल ने बताया कि किफायती दामों पर यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, यूरिया सब्सिडी योजना के तहत किसानों को वैधानिक रूप से अधिसूचित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर यूरिया उपलब्ध कराया जाता है। 45 किलो यूरिया के बैग का एमआरपी 242 रुपये प्रति बैग है (इसमें नीम कोटिंग और लागू करों का शुल्क शामिल नहीं है)।

खेत में यूरिया की आपूर्ति लागत और यूरिया इकाइयों द्वारा प्राप्त शुद्ध बाजार मूल्य के बीच का अंतर भारत सरकार द्वारा यूरिया निर्माता/ आयातकर्ता को सब्सिडी के रूप में दिया जाता है। सरकार प्रमुख उर्वरकों और कच्चे माल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर नजर रखती है और यदि कोई उतार-चढ़ाव होता है तो उसे किसानों को पी एवं के उर्वरकों की किफायती आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए वार्षिक/ द्विवार्षिक आधार पर पी एवं के उर्वरकों के लिए एनबीएस दरें निर्धारित करते समय ध्यान में रखा जाता है।

महाराष्ट्र ने कृषि यंत्रीकरण एवं ड्रिप सिंचाई के लिए अतिरिक्त निधि उपलब्ध कराने की मांग की

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से महाराष्ट्र के कृषि मंत्री दत्तात्रय भरणे ने की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शुक्रवार को नई दिल्ली में महाराष्ट्र के कृषि मंत्री दत्तात्रय विठोबा भरणे ने मुलाकात की। बैठक के दौरान महाराष्ट्र के कृषि मंत्री ने राज्य में चल रहे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से कृषि यंत्रीकरण एवं ड्रिप सिंचाई के लिए अतिरिक्त निधि उपलब्ध कराने का केंद्रीय कृषि मंत्री से अनुरोध किया।

भरणे ने राज्य के तटीय क्षेत्रों में आम एवं काजू की फसलों को असमय वर्षा से हुए नुकसान के बारे में भी केंद्रीय कृषि मंत्री को अवगत कराया। इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि नुकसान के आकलन के लिए केंद्र सरकार की टीम पहले ही राज्य का दौरा कर चुकी है।

चौहान ने राज्य में असमय वर्षा से फसलों को हुए नुकसान को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिकतम लाभ राज्य के किसानों के लिए सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए 52 टीमों का गठन किया गया है और इसकी प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। साथ ही, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की का अधिकतम लाभ उठाने के लिए राज्य को सक्रिय कदम उठाने का भी आग्रह किया। बैठक के दौरान महाराष्ट्र के कृषि मंत्री ने यह भी बताया कि इस वर्ष राज्य में प्याज का उत्पादन अधिक हुआ है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि एपीएमसी के माध्यम से किसानों से सीधे खरीद की व्यवस्था की जाए। इस पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने उचित कदम उठाने का भरोसा दिया।

### मणिपुर की उपमुख्यमंत्री ने चौहान से मुलाकात की

मणिपुर की उपमुख्यमंत्री सुश्री नेमचा किपगेन ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आधिकारिक आवास पर उनसे मुलाकात की। उन्होंने पीएमजीएसवाई-1 योजना की अवधि बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री को धन्यवाद दिया और राज्य में कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में जारी कार्यों की जानकारी भी दी। चौहान ने उनके आग्रह पर कार्रवाई करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को राज्य में छह नए कृषि विज्ञान केंद्र खोलने का निर्देश दिया। चौहान ने उपमुख्यमंत्री से राज्य में एक टिशू कल्चर प्रयोगशाला स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव भेजने का भी आग्रह किया है।

# पेट्रोल डीजल की कीमतों में राहत का दावा भ्रामक, लोगों को लाभ नहीं: खेड़ा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कथित कमी को लेकर सियासत तेज हो गई है। पवन खेड़ा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि जनता को राहत मिलने का जो दावा किया जा रहा है, वह "सिर्फ हेडलाइन तक सीमित" है, हकीकत में आम उपभोक्ताओं को कोई फायदा नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली 'स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी' में कटौती की है। लेकिन पवन खेड़ा के अनुसार, इस कटौती का असर न तो डीलर्स पर पड़ा है और न ही उपभोक्ताओं पर। बाजार में पेट्रोल-डीजल के दाम जैसे के तैसे बने हुए हैं।



### 'स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी' क्या है

खेड़ा ने अपने बयान में इस टैक्स पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि "स्पेशल" और "एडिशनल" जैसे शब्द ही बताते हैं कि यह टैक्स अतिरिक्त और अनावश्यक बोझ है। यह टैक्स तेल विपणन कंपनियों द्वारा सरकार को दिया जाता है। अब कंपनियों द्वारा दिए जाने वाले ड्यूटी या टैक्स में कहीं कोई कमी की गई तो उसका फायदा आम ग्राहकों को कहां मिल रहा? खेड़ा के मुताबिक, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बाद से तेल कंपनियां लगातार नुकसान झेल रही थीं। सरकार ने लगभग एक महीने बाद इस बोझ का छोटा सा हिस्सा साझा करने का फैसला लिया है। लेकिन इसका फायदा सीधे जनता तक नहीं पहुंचा। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया की "राहत सिर्फ कहानी में, जमीन पर नही।‍ उन्होंने ने कहा, सरकार "राहत का नैरेटिव" बना रही है, जबकि वास्तविक राहत नहीं दी गई। आम जनता को भ्रमित करने के बजाय सरकार को सीधे उपभोक्ताओं को राहत देनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 65,322 करोड़ डाले

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकिंग प्रणाली में छह दिन की वैरिएबल रेट रेपो' (वीआरआर) नीलामी के जरिये 65,322 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली। परिवर्तनीय रेपो दर नीलामी आरबीआई की बैंकों में अल्पकालिक नकदी डालने के लिए उपयोग की जाने वाली एक मौद्रिक नीति पहल है। निश्चित रेपो दर के उलट, वीआरआर में ब्याज दर नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित की जाती है, जिससे बैंकों को धनराशि के लिए बोली लगाने की अनुमति मिलती है।

### ओला इलेक्ट्रिक वाहन 50 हजार रुपये से उपलब्ध

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने 'एंड आईसीई एज' अभियान शुरू करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रसार को तेजी से बढ़ावा देना है। कंपनी ने बताया कि इस अभियान के तहत वह अपने एस1 एक्स (2 किलोवाट घंटा) और रोडस्टर एक्स (2.5 किलोवाट घंटा) मॉडल की शुरुआती कीमत 49,999 रुपये रख रही है। इसके साथ ही पूरे उत्पाद समूह पर 50,000 रुपये तक के लाभ भी दिए जा रहे हैं। जो 31 मार्च, 2026 तक मान्य होंगे।

### ईरान से कोई कच्चा तेल नहीं खरीदा: रिलायंस

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि उसने ईरान से कोई कच्चा तेल नहीं खरीदा है। रिलायंस ने बयान में ईरान से तेल खरीदने की खबरों को पूरी तरह निराधार और गलत बताया। वह 'ईरान से कच्चे तेल की खरीद से संबंधित हाल के मीडिया रिपोर्ट को पूरी तरह से खारिज करती है।' कंपनी ने अमेरिका के ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटाने के बाद से उसने ईरान से कच्चा तेल नहीं खरीदा है। ये प्रतिबंध ईरान-इजराइल युद्ध के बाद कीमतों पर पड़े दबाव को कम करने के लिए हटाये गए हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# ईरान वॉर की टीवी, एसी व वाशिंग मशीन पर दोहरी मार, 15 फीसदी तक हुआ महंगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गैस सिलेंडर की किल्लत से लेकर अब घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स तक पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के झटके आम आदमी की जिंदगी को हर मोर्चे पर झकझोर रहे हैं। दिल्ली में स्थित एशिया की सबसे पुराने इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार ओल्ड लाजपत राय मार्केट में जाकर जमीनी हकीकत टटोली। यहां टीवी से लेकर वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर तक के दाम अब अचानक से आसमान छू रहे हैं।

**युद्ध के झटके आम आदमी की जिंदगी को हर मोर्चे पर झकझोर रहें हैं, कच्चे माल की कमी से उत्पादक कंपनियां जूझ रही है**

#### आसमान छू रहे इलेक्ट्रोनिक्स की कीमत

नागपाल ने कहा, "यहां इस मार्केट में 'मेड इन इंडिया' प्रोडक्ट्स भी बिक रहे हैं, लेकिन उन प्रोडक्ट्स के रॉ मटेरियल की कमी से अब इलेक्ट्रॉनिक गुड्स में 5 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। चाहे वो एलईडी टीवी हो, ऑडियो सिस्टम, वॉशिंग मशीन, फ्रिज या फिर एसी हर चीज पर असर पड़ा है और अभी तो ये सिर्फ शुरुआत है। असली झटका 1 अप्रैल के बाद आएगा आम जनता पर।" नागपाल ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि, "मेरा माल अगर चीन, ताइवान या दुबई में पड़ा है तो उसे लाने का खर्चा पहले 2 लाख रुपए कंटेनर आता था जो अब 3 लाख रुपए में आ रहा है। इसकी प्रभावी लागत सीधे जो सामान आ रहा है उस पर पड़ रही है।



**ट्रांसपोर्टेशन चार्ज बढ़ा :** बाजार के वाइस प्रेसिडेंट सुरेंद्र आडवाणी ने कहा, 'हमारे कंटेनर अब युद्ध क्षेत्र से बड़ी मुश्किल से घूम-घूम कर आ रहे हैं। ट्रांसपोर्टेशन चार्ज बढ़ गया है। पीछे से आने वाला माल महंगा पड़ रहा है। 65 इंच का टीवी जो 28 हजार में बिकता था, अब 32 हजार का हो गया है।

#### 32 इंच टीवी 5700 से बढ़कर 6400 रुपए

इसी मुद्दे पर बात करते हुए एक दुकानदार अरुण तुली ने बताया, "हमारे पास 24 इंच से लेकर 100 इंच तक के टीवी हैं और हर साइज के टीवी के दाम अब बढ़ गए हैं। अभी तो युद्ध का असर और बढ़ेगा। प्लास्टिक के दाने और कॉपर के भाव भी आसमान छू रहे हैं, जिसकी वजह से एयर कंडीशनर तो और भी महंगे हो गए हैं। अगर युद्ध लंबा चला तो अभी 10-15 प्रतिशत की और बढ़ोतरी होने उम्मीद हैं।"

बाजार के अध्यक्ष संजय नागपाल ने बातचीत में साफ कहा कि, "युद्ध के साइड इफेक्ट्स सिर्फ युद्ध में शामिल देशों तक सीमित नहीं रह गए है। हम जैसे तटस्थ देशों पर भी असर पड़ना शुरू हो गया है। हमारी इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट में सबसे बड़ी जरूरत चिपसेट की होती है, जो अभी भी इंपोर्ट होती है। लेकिन इस युद्ध के चलते एयर और सी शिपमेंट दोनों होल्ड पर हो चुके हैं। यहां फैक्टरियां कच्चे माल की किल्लत से अब जूझ रही हैं।"

## डीजल और एफटीए पर उत्पाद शुल्क से 1,500 करोड़ की होगी आय

# ईंधन शुल्क में बदलाव : सरकारी खजाने पर 15 दिन में 5,500 करोड़ रुपये का बोझ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर की उत्पाद शुल्क कटौती और विमान ईंधन (एटीएफ) तथा डीजल के निर्यात शुल्क में बढ़ोतरी से पखवाड़े में शुद्ध रूप से 5,500 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा।

**सीबीआईसी के चेयरमैन चतुर्वेदी ने बताया**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को बताया कि उत्पाद शुल्क में कटौती से करीब 7,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा, जबकि डीजल तथा एटीएफ के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी से पखवाड़े में 1,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी।

**पेट्रोल पर कुल उत्पाद शुल्क 11.9 रुपये प्रति लीटर होगा**

#### कर 26 मार्च से प्रभावी

उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद पेट्रोल पर कुल उत्पाद शुल्क 11.9 रुपये प्रति लीटर होगा। इसमें 1.40 रुपये मूल उत्पाद शुल्क, तीन रुपये विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, 2.50 रुपये कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर और पांच रुपये सड़क अवसंरचना उपकर शामिल है। डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 26 मार्च से प्रभावी रूप से क्रमशः 21.5 रुपये प्रति लीटर और 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। इन दरों की समीक्षा हर पखवाड़े की जाएगी।




#### घरेलू उपलब्धता को प्राथमिकता देना

चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि डीजल और एटीएफ पर निर्यात शुल्क लगाने का उद्देश्य " डीजल व एटीएफ की घरेलू उपलब्धता को प्राथमिकता देना और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान से बढ़ी वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है।"

#### अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में तेज उछाल

किसी भी (राजस्व) प्रभाव का आकलन देश में आने वाली वस्तुओं की वास्तविक आपूर्ति को ध्यान में रखकर ही करना होगा। पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क में यह कटौती अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में तेज उछाल के कारण तेल कंपनियों को हुए रिकॉर्ड नुकसान के बाद की गई है।

#### उद्देश्य आम लोगों के लिए कीमतें न बढ़े

चेयरमैन ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की कम वसूली (अंडर-रिकवरी) को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि आम लोगों के लिए कीमतें न बढ़ें। चतुर्वेदी ने कहा, स्थिति गतिशील है।

#### कच्चे तेल की कीमत इस माह 50 फीसदी बढ़ी

पेट्रोल और डीजल बनाने के कच्चे माल कच्चे तेल की कीमत इस महीने लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गई है क्योंकि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले तथा तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई से वैश्विक आपूर्ति बाधित हुई है। तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने के बावजूद पेट्रोल पंप पर कीमतें स्थिर बनी हुई हैं।

#### तेल कंपनियों का रिकॉर्ड नुकसान हुआ

इससे तेल कंपनियों को रिकॉर्ड नुकसान हुआ, जिसका असर उनके कार्यशील पूंजी पर भी पड़ने लगा था। इस महीने की शुरुआत में ईरान युद्ध के तेज होने के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई।


# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11.41 अरब डॉलर घटा

## समाप्त सप्ताह में भंडार घटकर 698.346 अरब डॉलर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट की वजह से विदेशी मुद्रा भंडार घटा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा था।

विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां



2.13 अरब डॉलर बढ़कर 557.69 अरब डॉलर हो गईं।

डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 13.49 करोड़ डॉलर घटकर 117.19 अरब डॉलर रह गया।

## वेदांता के चेयरमैन ने किया भारत एवं यूएस के बीच साझेदारियों का आह्वान

**नई दिल्ली।** सेरा वीक के दौरान वेदांता ग्रुप के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल ने विश्वस्तरीय साझेदारियों, टेक्नोलॉजी एवं निर्णायक कार्यान्वयन के माध्यम से भारत की ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं को गति प्रदान करने पर जोर दिया। इस प्लेटफॉर्म के अनूठे महत्व पर रोशनी डालते हुए उन्होंने कहा, "सेरा वीक जिस तरह से लोगों को एक मंच पर लाता है, ऐसा बहुत कम फोरम कर पाते हैं। जिन चीजों को हासिल करने में कंपनियों को शायद सालों लग जाएं, यहां वे कुछ ही दिनों में उन उपलब्धियों को हासिल कर लेती हैं। सेरा में एनर्जी, प्रतिभा और 'आओ एक साथ मिलकर कर इसे अंजाम दें' की सोच ही इन उपलब्धियों में योगदान देती है, जो कहीं ओर देखने को नहीं मिलती।' उन्होंने कहा, 'भारत की भू-संरचना बेहद मजबूत है, देश के पास अपार भंडार और गहन तकनीकी प्रतिभा है। यहां ढेरों अवसर मौजूद हैं। प्राकृतिक संसाधनों के प्रति सोच में बदलाव का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, "एक समय था जब संसाधनों के विकास को नकारात्मक नजरिए से देखा जाता था।

# सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़का, निफ्टी भी गिरा

## वैश्विक अनिश्चितताओं व कच्चे तेल में तेजी के कारण गिरावट

**मुंबई (भाषा)।** स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को दो दिन की तेजी थम गयी और बीएसई सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 487 अंक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आने के संकेत के अभाव में बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने, रुपये में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25 प्रतिशत गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,739.04 अंक टूटकर 73,534.41 तक पहुंच गया। बीएसई में सूचीबद्ध कुल शेयरों में से 3,544 शेयरों में गिरावट, 822 में बढ़त और 135 शेयर स्थिर रहे। एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी 486.85 अंक यानी 2.09 प्रतिशत गिरकर 22,819.60 पर बंद हुआ। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी दिवस वाले सप्ताह में, बीएसई सेंसेक्स 949.74 अंक टूटा और निफ्टी 294.9 अंक नीचे आ गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण निवेशकों की धारणा कमजोर रही। इस संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार चली गईं। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सबसे ज्यादा 4.55 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, उसके बाद इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इटरनल और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भी गिरावट आई।

## चांदी 11,250 रुपये प्रति किलो फिसली सोने में 1,900 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को कीमती धातुओं की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की गिरावट आई। चांदी 11,250 रुपये लुढ़ककर 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही, जबकि सोना टूटकर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 11,250 रुपये यानी लगभग पांच प्रतिशत लुढ़ककर 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो बुधवार को बाजार बंद होने के समय 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम थी। राम नवमी के कारण बृहस्पतिवार को सर्राफा बाजार बंद थे। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,900 रुपये, यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 37.19 डॉलर, यानी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 4,416 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 0.23 प्रतिशत बढ़कर 68.12 डॉलर प्रति औंस पर थी। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच सस्ती कीमतों पर लिवाली के चलते सोना लगभग 4,420 डॉलर प्रति औंस तक चढ़ गया।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

संदर्भः– निविदा सूचना संख्या 93/2025–2026 दिनांक : 13.03.2026 क्रमांक 01
निविदा संख्या 12255003डी अंतिम तिथि 30.03.2026
उपरोक्त के संदर्भ में निविदा की अंतिम तिथि 30.03.2026 से बढ़ाकर 06.04.2026 को सुबह 11:00 बजे तक कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
दिनांक : 27.03.2026
1047/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल


**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।


**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पति से आय के साधन बन सकते हैं।


**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।


**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।


**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।



**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।



**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।


**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।


**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।


**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## कल्कि कोचलिन, सिद्धांत चतुर्वेदी और अलाया एफ ने लैक्मे फ़ैशन वीक में बिखेरा जलवा

**नई दिल्ली।** दो दशकों के सफ़र, लाखों वॉर्डरोब का हिस्सा बनने और अनगिनत स्टाइल पलों को रचने के बाद, मैक्स फ़ैशन ने अपनी 20वीं सालगिरह को एक यादगार उत्सव में बदल दिया। भारत के सबसे प्रतिष्ठित रनवे, लैक्मे फ़ैशन वीक'पर मैक्स ने महज़ एक शो नहीं, बल्कि एक शानदार फ़ैशन पार्टी पेश की। मंच पर तीन चमकते सितारों—कल्कि कोचलिन, सिद्धांत चतुर्वेदी और अलाया एफ—की मौजूदगी ने ऊर्जा को दोगुना कर दिया। तीन अलग अंदाज़, लेकिन संदेश एक—'फ़ैशन सबके लिए'। शो की शुरुआत बेहद रोमांचक रही, जब सिद्धांत चतुर्वेदी ने रनवे पर कदम रखा और माहौल को एक शानदार परफ़ॉर्मेंस में बदल दिया। उन्होंने मैक्स के अर्बन सेगमेंट के लिए एक दमदार आधार तैयार कर दिया। कल्कि कोचलिन 'शोस्टॉपर' के रूप में 'कोर सेगमेंट' के लिए रनवे पर उतरीं। अपने साथ एक अनोखी पहचान और शांत आत्मविश्वास लेकर आईं कल्कि ने, अपनी ग्रेसफ़ुल उपस्थिति और विशिष्ट शैली से पूरे रनवे को अपने वश में कर लिया। मैक्स फ़ैशन के सीईओ, सुमित चंदना ने इस ऐतिहासिक मौके पर अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, भारत में 20 साल का सफ़र पूरा करना मैक्स फ़ैशन के लिए एक बेहद गर्व का क्षण है। भारत हमेशा से एक जीवंत और अभिव्यक्तिपूर्ण फ़ैशन बाज़ार रहा है।

**कंपनी इन टावरों को जोड़कर मजबूत नेटवर्क तैयार करेगी**

# बीएसएनएल 50,000-60,000 नए मोबाइल टावर लगाएगी: सिंधिया



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) अगले वित्त वर्ष में 50,000 से 60,000 और मोबाइल टावर जोड़कर मजबूत नेटवर्क तैयार करेगी। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि कंपनी का परिचालन लाभ चालू वित्त वर्ष में दहाई अंक में बढ़ने की उम्मीद है। सिंधिया ने बताया कि बीएसएनएल ने 4जी नेटवर्क बनाने में एक साल में अब तक का सबसे बड़ा पूंजीगत निवेश 20,000 करोड़ रुपये का किया है, जिसे जल्द ही 5जी नेटवर्क में अद्यतन किया जाएगा। सिंधिया ने ''टाइम्स नाउ समिट'' में कहा, /''आज बीएसएनएल के एक लाख टावर काम कर रहे हैं, जो हमारी स्वदेशी और आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी से सिग्नल भेज रहे हैं। इसी आधार पर अब हम नेटवर्क का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। कुल 98,000 टावर लगभग तैयार हो चुके हैं। हम इसे 50,000 से 60,000 और टावर जोड़कर और मजबूत बनाना चाहते हैं, ताकि नेटवर्क पूरी तरह से टिकाऊ रहे और फिर इसे बहुत तेजी से 5जी में बदला जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 5जी नेटवर्क में बदलाव उतना कठिन नहीं होगा क्योंकि बीएसएनएल का नेटवर्क पूरी तरह से आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी पर आधारित है। केवल कुछ अतिरिक्त

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)/
(84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनोज कुमार प्रोपराईटर मेसर्स विद्या पेपर्स 4342, मोहल्ला अहिरान, गली बहुजी, दिल्ली–06 और 4382, कटरा लेखराम गली बहुजी, अग्रवाल स्वीट के पास, सदर बाजार, दिल्ली–06 ने सीटी संख्या 9212/2017, धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थाना बाराखंबा रोड, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मनोज कुमार** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनोज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **सीटी संख्या 9212/2017 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना बाराखंबा रोड, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त मनोज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विजयश्री राठौर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं 13,
पटियाला हाऊस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/3897/NDD/2026

### शब्द पहेली - 6178




**बाएँ से दाएँ**
1. फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4. आश्चर्य, विलक्षणता-4
7. जीत, फतेह-2
8. आकाश रेखा, छोर-3
9. तल, पैंदा-2
10. थाती, धरोहर-4
11. मोटा आटा-2
13. सलाह, मशवरा-4
14. अन्य, वो, तिन-2
16. घर, गृह-3
18. धावक (अंग्रेजी-3)
19. नाम रखना-2,3
21. परामर्शदाता-5
24. सुनसान, नीरव-3
26. वन, जंगल-3
28. मिट्टी, रेत-2
29. चेतनाहीन-4
30. पराग कण-2
32. भयभीत होना-4
33. छोटी सवारी गाड़ी-2
35. फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं, वेणी-3
36. द्वार, किवाड़-2
37. जनता की राय-4
38. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. मत, सलाह-2
2. करतब-4
3. वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4. अनश्वर, चिरयुवा-3
5. लीन, मग्न-2
6. जलाऊ लकड़ी-4
7. रनिवास 3,2
10. मूर्ख (उर्दू-4)
12. बांया-2
15. आनंदित होना-4
17. शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18. योद्धा-4
20. अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22. मुआवजा-4
23. चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25. राज वंश-2,3
26. काम, कार्य-4
27. मादा का विलोम-2
29. उपद्रव फैलाने वाला-4
31. दुनिया, जहान-3
34. क्रिकेट में बनते हैं-2
36. पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 6177 का हल





# आईपीएल आज से: आरसीबी-सीएसके केकेआर और एमआई में होंगे मुकाबले

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना खिताब बचाने के लिए प्रतिबद्ध होगा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल में अगले दो महीनों में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों पर भी नजर रहेगी, जो अच्छा प्रदर्शन करके अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगे। आरसीबी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा और उसका लक्ष्य शानदार शुरुआत करना होगा। लेकिन इस मैच से पहले माहौल थोड़ा गंभीर बना हुआ है क्योंकि पिछले साल चार जून को आरसीबी के खिताब जीतने के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

## आरसीबी को हेजलवुड और दयाल के बिना उतरना होगा मैदान में

आरसीबी और सनराइजर्स दोनों के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी है। आरसीबी को जोश हेजलवुड और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के बिना खेलना होगा। दोनों ने 2025 के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इस वर्ष वे अधिकतर मैचों में बाहर रहेंगे। हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया में चोट से उबरकर पूरी तरह फिट होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और वह बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दयाल पूरे सत्र से बाहर रहेंगे। आरसीबी को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, स्पिनर क्रुणाल पंड्या, सुयश शर्मा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा।



## सनराइजर्स के बैकअप विकल्प भरोसेमंद नहीं

*सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस भी शुरुआती चरण में टीम में नहीं होंगे। ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। लेकिन सनराइजर्स के बैकअप विकल्प ज्यादा भरोसेमंद नहीं लगते। ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और हर्ष दुबे को सपाट पिचों पर कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दोनों टीमें अपनी गेंदबाजी की कमजोरी का बल्लेबाजी से भरपाई करना चाहेंगी। आरसीबी के पास विराट कोहली, टिम डेविड, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, कप्तान रजत पाटीदार, रोमारियो शेफर्ड जैसे बल्लेबाज हैं जबकि सनराइजर्स के पास भी ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, किशन और हेनरिक क्लासेन के रूप में धाकड़ बल्लेबाज हैं।*

## एमआई, सीएसके और केकेआर के पास 13 खिताब

मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब हैं। लेकिन पिछला सत्र उनके लिए अच्छा नहीं रहा था। मुंबई की टीम पिछले सत्र में चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंची थी। पांच बार की चैंपियन यह टीम अपने इस प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेगी। केकेआर और सीएसके क्रमशः आठवें और दसवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपनी टीमों में काफी बदलाव किया है। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा मैट हेनरी और नूर अहमद को भी टीम में जोड़ा है।





## रो-को पर रहेगी नजर

इस आईपीएल में कोहली और रोहित पर नजर टिकी रहेगी। इन दोनों को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन वे हमेशा की तरह दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कोहली ने पिछले साल आरसीबी की आईपीएल में पहली खिताबी जीत के साथ अपने शानदार रिकॉर्ड में एक और ट्रॉफी जोड़ ली। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह खिलाड़ी अपने पूर्व के प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहता या नहीं।

# मियामी ओपनः सबालेंका का दबदबा लगातार दूसरी बार फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| मियामी

बेलारूस की टेनिस प्लेयर एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन के फाइनल का टिकट कटा लिया है। सबालेंका ने सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया।

इस जीत के साथ वह लगातार दूसरे साल मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका की यह डब्ल्यूटीए टूर में 17वीं प्रतियोगिता और कुल 10वीं जीत है। सबालेंका 2023 और 2024 में रायबाकिना के बाद लगातार मियामी ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी रहते हुए वह 2013 से 2015 तक सेरेना विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं।



- रायबाकिना को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया
- खिताबी मुकाबले में अब गॉफ से भिड़ंत

## सबालेंका ने रायबाकिना के खिलाफ दिखाया शानदार खेल

मैच की शुरुआत काफी रोमांचक रही। पहले सेट में दोनों खिलाड़ी बराबरी पर खेल रही थीं। 4-5 से पिछड़ने के बाद सबालेंका ने रायबाकिना के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और क्रॉस-कोर्ट बैकहैंड और ओवरहेड शॉट का उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इस ब्रेक के दम पर वह पहला सेट 6-4 से जीतने में सफल रहीं। दूसरे सेट में सबालेंका ने शुरुआत से दबाव बनाए रखा और 4-0 की बढ़त बनाई। इसके बाद भी उन्होंने अपने विरोधी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सेट के अंत में उन्होंने लव पर सर्व किया और टी-सर्व के साथ खेल खत्म किया।

## सबालेंका का विशेष मुकाम

सबालेंका इस सदी की चौथी खिलाड़ी हैं, जो अपने सीजन के पहले चार डब्ल्यूटीए इवेंट्स के फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड मार्टिना हिंगिस (2001), सेरेना विलियम्स (2003) और विक्टोरिया अजारेंका (2012) के नाम रहा है। इस तरह का प्रदर्शन उन्हें टेनिस की दुनिया में एक विशेष मुकाम दिलाता है।

## जेवरेव ने बनाई सेमीफाइनल में जगह



मियामी ओपन में जर्मनी के खिलाड़ी अलेक्जेंडर जेवरेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत के साथ 27 साल के जर्मन खिलाड़ी ने एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बना लिया है, जो उनके करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ जेवरेव ने सेरुंडोलो के खिलाफ लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस तरह उनका एटीपी में हेड-टू-हेड रिकॉर्ड अब 4-3 हो गया है। जेवरेव अब अपना पूरा ध्यान इटली के टेनिस प्लेयर जैनिक सिनर के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले पर लगाएंगे। सिनर पिछले छह मुकाबलों में लगातार जीत हासिल करके जेवरेव के खिलाफ 7-4 से आगे हैं।

## खबर संक्षेप



### ह्यूस्टन ओपन में 11वें स्थान पर थीगाला

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थीगाला शानदार शुरुआत करते हुए टेक्सास चिल्ड्रन्स ह्यूस्टन ओपन के पहले दौरे के बाद 3-अंडर 67 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर रहे। पॉल वारिंग पहले दिन के खेल के बाद बिना किसी बोगी के सात-अंडर 63 के स्कोर के साथ सबसे आगे चल रहे हैं। भारत में जन्मे कनाडाई गोल्फर सुदर्शन येलामाराजू 1-अंडर 69 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 59वें स्थान पर हैं।

### गोरखपुर में महिला रोइंग का शिविर शुरू



**नई दिल्ली।** जापान में इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए टीम की तैयारियों को और मजबूत करने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए 51 दिवसीय राष्ट्रीय रोइंग शिविर गोरखपुर में शुरू हो गया। रामगढ़ झील स्थित जल क्रीड़ा परिसर में यह शिविर भारतीय रोइंग महासंघ के अनुरोध पर भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

### बेल्लारी में कबड्डी का अनुकूलन शिविर शुरू



**बेल्लारी।** नवीन कुमार, पवन सहरावत, अर्जुन देशवाल और सोनाली विष्णु शिंगेट सहित पुरुष और महिला वर्ग के कई प्रमुख कबड्डी खिलाड़ी इस वर्ष के आखिर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों से पहले अनुकूलन शिविर में भाग ले रहे हैं। यह शिविर 2 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों के विकास, फिटनेस, अनुकूलन और प्रदर्शन में उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान दिया जाएगा।

# आईपीएल 2026: पहले मैच में भुवनेश्वर के पास इतिहास रचने का मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



टीम इंडिया के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार आईपीएल इतिहास के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक हैं। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके पास आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में नया इतिहास रचने का मौका होगा। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन सकते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें दो विकेट की जरूरत है।

**आईपीएल में 200 विकेट पूरे कर सकते हैं भुवनेश्वर**

आईपीएल 2026 के ओपनिंग मैच में सबकी नजरें अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पर रहेंगी। वह आईपीएल में एक ऐसा रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं, जो अब तक कोई भी तेज गेंदबाज ने नहीं बना पाया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में सिर्फ 2 विकेट लेते ही वह आईपीएल इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे। भुवनेश्वर कुमार ने अभी तक आईपीएल में 190 मैचों में 198 विकेट अपने नाम हैं। इस दौरान उन्होंने 2 बार पांच विकेट हॉल और 2 बार चार विकेट हॉल अपने नाम कर चुके हैं।

### आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

**युजवेंद्र चहल:** 174 मैचः 221 विकेट
**भुवनेश्वर कुमार:** 190 मैच : 198 विकेट
**सुनील नरेन:** 189 मैचः 192 विकेट
**पीयूष चावला:** 192 मैचः 192 विकेट
**आर अश्विन:** 221 मैचः 187 विकेट

# भारत ने जीते 10 पदक, कंपाउंड तीरंदाजों का रहा दबदबा

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक और महिला टीम का रजत पदक जीता और पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया।

भारत ने रिकर्व वर्ग में दो रजत पदक भी जीते। इस तरह से उसने इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारत ने कुल 10 पदक हासिल किए, जो पिछली बार के आठ पदक से अधिक है। भारत ने हालांकि पिछली बार पांच स्वर्ण पदक जीते थे। भारत को रिकर्व वर्ग में झटका लगा, जिसमें कोई भी तीरंदाज स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सका, जबकि वे पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग और मिश्रित टीम स्पर्धा में खाली हाथ लौटे।



## कंबोज ने जीता पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक

उदय कंबोज ने रोमांचक फाइनल में हमवतन प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभवी खिलाड़ी रजत चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया। चौहान ने अंतिम सेट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तीन सटीक तीर लगाकर स्थानीय खिलाड़ी पीरावत रत्तनपोंगकियात को 145-144 से हराया, जिससे भारत इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। भारत के दो 22 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में कंबोज ने अधिक अनुभवी प्रथमेश जवकर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 145-144 से जीत हासिल की। इस मैच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जवकर दूसरे सेट के बाद 59-57 से आगे थे। कंबोज ने तीसरे सेट में 87-87 के स्कोर पर बराबरी करते हुए शानदार वापसी की और फिर चौथे सेट में जवकर की थोड़ी सी चूक का फायदा उठाते हुए 116-115 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम सेट में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की।

## तेजल ने व्यक्तिगत वर्ग में जीता कांस्य पदक

अठारह वर्षीय तेजल साल्वे ने तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही रूसी तीरंदाज मारिया दिमिडियुक को 144-135 से हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम जोड़ी ने स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया को 158-156 से हराया। सटीकता और संयम से भरे इस मुकाबले में अंतर बहुत कम रहा क्योंकि भारत ने 16 तीरों में सिर्फ दो , जबकि मलेशिया ने चार अंक गंवाए। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की और बीच के चरण में कुछ मामूली चूक के बावजूद अपनी लय बरकरार रखी। तीन सेट के बाद उन्होंने 118-117 के मामूली अंतर से एक अंक की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके अपनी जीत सुनिश्चित की।

## फोर्ड चैंपियनशिप : संयुक्त 108वें स्थान पर अदिति



**चैंडलर।** भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक ने फोर्ड चैंपियनशिप के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 108वें स्थान पर बनी हुई हैं। पहले दिन कई शीर्ष खिलाड़ियों ने शानदार स्कोर बनाए।न्यूजीलैंड की लिडिया को (60) और दक्षिण कोरिया की मौजूदा चैंपियन ह्यो जू किम (61) ने पहले दिन अंडर पार दो अंक का स्कोर बनाया। सत्ताईस साल की अदिति ने दिन की शुरुआत बैक नाइन पर 11वें, 12वें और 13वें होल से लगातार तीन बर्डी के साथ की। उन्होंने पहली बोगी 18वें होल पर की। इसके बाद पहले और दूसरे होल पर लगातार बर्डी लगाई। वह तीसरे और चौथे होल पर लगातार शॉट ड्रॉप कर बैठी। छठे और सातवें होल पर लगातार बोगी से उन्होंने इवन पार का कार्ड बनाया। अदिति ने पांच बर्डी लगाईं और इतनी ही बोगी कर बैठीं।

# सूर्यवंशी टीम इंडिया में कर सकते हैं डेब्यू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी आखिरकार 15 साल के हो चुके हैं। साल 2026 इंडियन प्रीमियर लीग में वो राजस्थान रॉयल्स में है। वैभव ने पिछले साल 14 की उम्र में डेब्यू किया था और कमाल किया था। ऐसे में अब वैभव के लिए बेहद अच्छी खबर है। 15 साल के होने के साथ ही वो अब भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के योग्य हो चुके हैं। आईसीसी के आर्टिकल 4 के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को नेशनल टीम में खेलने के लिए 15 साल का होना जरूरी है। इस नियम को साल 2020 में पेश किया था। इस दौरान कहा गया था कि किसी भी खिलाड़ी को नेशनल क्रिकेट फेडरेशन का प्रतिनिधित्व करने के लिए या इंटरनेशनल मैच में खेलने के लिए उसकी उम्र 15 साल होनी चाहिए। अब जब सूर्यवंशी 15 साल के हो चुके हैं तो वो अब भारत की सीनियर टीम में खेलने के योग्य हो चुके हैं।



## आईपीएल 2026 में फिर कमाल करेंगे

वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स को 1.1 करोड़ रुपए में लिया था। आईपीएल में डेब्यू के दौरान उन्होंने पहली गेंद पर ही छक्का ठोका था। इसके बाद उन्होंने 35 गेंदों पर शतक ठोका था। ये टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज शतक था।

# फ्रांस ने ब्राजील को दी शिकस्त



**फॉक्सबोरो।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के गोल की मदद से फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल से पहले एक महत्वपूर्ण मैत्री मैच में ब्राजील को 2-1 से हराया। एमबापे इस मैच से पहले घुटने की चोट से जूझ रहे थे लेकिन उन्होंने दिखाया कि फिलहाल वह इस समस्या से परेशान नहीं हैं। उन्होंने 65वें मिनट में मैदान छोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण गोल किया। स्टेडियम में मौजूद 66215 दर्शक ब्राजील का समर्थन कर रहे थे लेकिन एमबापे (32वें मिनट) और ह्यूगो एकितिके (65वें) ने गोल करके फ्रांस को उस मैदान पर 2-0 की बढ़त दिला दी, जहां वह विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में नॉर्वे का सामना करेगा। ब्राजील की तरफ से एकमात्र गोल ब्रेमर ने 78वें मिनट में किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। ब्राजील अब मंगलवार को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगा, जो इन दोनों टीम के बीच 2022 के विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद पहला मुकाबला होगा।

# इटली ने आयरलैंड को हराया



**लंदन।** इटली ने प्लेऑफ के पहले मैच में उत्तरी आयरलैंड को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चार बार के चैंपियन इटली को अब विश्व कप के लिए लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूकने से बचने के लिए एक और मैच जीतना होगा। बर्गमो में खेले गए इस मैच में इटली की तरफ से सैंड्रो टोनाली ने दूसरे हाफ की शुरुआत में हाफ-वॉली शॉट से पहला गोल करके गतिरोध तोड़ा और फिर मोइसे कीन ने एक और गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। बोस्निया और हर्जेगोविना, स्वीडन, पोलैंड, तुर्किए, कोसोवो, डेनमार्क और चेक गणराज्य भी प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे। इटली को अब बोस्निया और हर्जेगोविना का दौरा करना होगा, जहां उसे विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

# बोलिविया ने सूरीनाम को दी मात



**मॉन्टेरी।** मोइसेस पानिगुआ और मिगुएल टेरसेरोस ने दूसरे हाफ में सात मिनट के अंतराल में गोल किए, जिससे बोलीविया ने सूरीनाम को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के क्वालीफाइंग प्लेऑफ के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना इराक से होगा। एक अन्य मैच में स्ट्राइकर बेली कैडामार्टेरी के गोल की मदद से जमैका ने न्यू कैलेडोनिया पर 1-0 से जीत हासिल की और अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाई। उसे विश्व कप में जगह बनाने के लिए अब कांगो का सामना करना होगा। लियाम वैन गेलडेरेन ने 48वें मिनट में सूरीनाम को बढ़त दिलाई, लेकिन पानिगुआ ने 72वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया और टेरसेरोस ने 79वें मिनट में पेनल्टी किक पर विजयी गोल दागा। सूरीनाम पहली बार क्वालीफाई करने की कोशिश कर रहा था।






आईआरजीसी ने अमेरिका व इजराइल के सहयोगी जहाजों को कड़े जवाब की धमकी दी

# दुश्मन देशों के जहाज को नहीं गुजरने देंगे आईआरजीसी ने बंद कर दिया 'होर्मुज स्ट्रेट'

*ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की सबसे बड़ी चेतावनी जारी की है, जिसमें आईआरजीसी ने घोषणा की है कि महत्वपूर्ण जलमार्ग बंद कर दिया गया है। चेतावनी दी गई है कि यहां से गुजरने वाले जहाजों को कड़े जवाब का सामना करना पड़ेगा*

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अब तक की सबसे बड़ी चेतावनी जारी की है। आईआरजीसी ने घोषणा की है कि इस महत्वपूर्ण रणनीतिक जलमार्ग को बंद कर दिया गया है और चेतावनी दी है कि कोई भी जहाज जो यहां से गुजरने की कोशिश करेगा, उसे कड़े जवाब का सामना करना पड़ेगा। इस धमकी से खाड़ी क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया है और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक की सुरक्षा को लेकर नई आशंकाएं पैदा हो गई हैं, जिससे होकर वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। इस चेतावनी के साथ ही, ईरान ने यह भी कहा कि वह उन देशों से जुड़े जहाजों पर प्रतिबंध का दायरा बढ़ाएगा जो अमेरिका और ईरान का समर्थन करते हैं।

## खतरनाक स्तर पर पहुंचा पश्चिम एशिया का संघर्ष

होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है, जिससे हर दिन लाखों बैरल कच्चा तेल और एलएनजी का ट्रांसपोर्टेशन होता है। इसमें कोई भी लंबे समय तक चलने वाली रुकावट अंतरराष्ट्रीय शिपिंग ऊर्जा, ऊर्जा बाजारों और एशिया तथा यूरोप के ईंधन-आयात करने वाले देशों में भारी उथल-पुथल मचा सकती है। यह ताजा धमकी पश्चिम एशिया में पहले से ही अस्थिर सुरक्षा स्थिति के बीच आई है, जहां ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच सैन्य टकराव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है।



## युद्धरत देशों में सेनाएं हांफी, नई भर्तियां करने की कवायद शुरु

### 10 हजार सैनिकों की भर्ती करेगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की जंग लगभग एक महीने बाद अब खत्म होने की ओर बढ़ रही है या अभी इसका और विकराल रूप लेना बाकी है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि एक तरफ तो दोनों देश बैकचैनल से शांति वार्ता में लगे हुए हैं लेकिन सामने से दोनों की एक-दूसरे पर जुबानी जंग जारी है। इतना ही नहीं खबर यह है कि दोनों देश अपनी सैन्य तैयारियों को तेज करने में लगे हैं, ग्राउंड पर आमने-सामने की जंग के लिए सैनिक उतारने की तैयारी में हैं। अमेरिका जल्द 10 हजार सैनिकों को मिडिल ईस्ट भेज सकता है जबकि ईरान ने इस संदेह में 10 लाख नए फाइटर जमा कर लिए हैं कि कहीं अमेरिका उसकी जमीन पर सेना न उतार दे।

### 82वीं एयरबोर्न डिवीजन ईरान पहुंचेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट में 10,000 अतिरिक्त जमीनी सैनिक भेजने पर विचार कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि पेंटागन (रक्षा विभाग का हेडक्वाटर) की तरफ से यह संभावित तैनाती ट्रंप को अधिक सैन्य विकल्प देने के लिए है, भले ही वह तेहरान के साथ शांति वार्ता पर विचार कर रहे हों। इस फोर्स में संभवतः पैदल सेना और बख्तरबंद वाहन शामिल होंगे, और यह 5,000 अमेरिकी नौसैनिकों के अलावा होगा जो पहले से ही इस क्षेत्र में तैनात किए जा चुके हैं। इसके अलावा एलीट 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के 1500 से 3000 सैनिकों के कुछ दिनों के भीतर मिडिल ईस्ट पहुंचने की उम्मीद है। यह स्पष्ट नहीं है कि सैनिकों को वास्तव में कहां तैनात किया जाएगा।

### ईरान ने भर्ती कर लिए 10 लाख नए सैनिक

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान में युवा स्वयंसेवक (वॉलंटियर्स) बड़ी संख्या में सेना भर्ती केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, क्योंकि ईरान अमेरिका के साथ संभावित जमीनी युद्ध के लिए 10 लाख से ज्यादा जमीनी लड़ाकों को तैयार कर रहा है। एक सैन्य स्रोत के हवाले से बताया कि इन बलों को जमा कर लिया गया है और वे युद्ध के लिए तैयार हैं। यह उस समय हो रहा है जब बसीज, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) और सेना द्वारा चलाए जा रहे केंद्रों पर नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ गई है।

## खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ा, वैश्विक तेल आपूर्ति पर जबरदस्त असर

ईरान ने शुरू किया 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 का 83वां चरण

### इजराइल के ठिकानों पर मिसाइलों की बारिश



**तेहरान।** पश्चिम एशिया की धरती एक बार फिर दहक उठी है। ईरान ने शुक्रवार तड़के भीषण हमले कर यह साफ कर दिया है कि वह पीछे हटने के मूड में नहीं है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत 83वां चरण शुरू कर दिया है। इस बार ईरानी सेना ने न केवल इजराइल को चोट दी है, बल्कि खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया है।


### इजराइल के अशदोद के तेल डिपो पर सटीक हमले

*मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार आईआरजीसी ने आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन्स के जरिए इजराइल के अशदोद में तेल डिपो को निशाना बनाया है। हमले के बाद वहां आग लगने की बात कही जा रही है। इसके अलावा, इजराइल के सैन्य ठिकानों पर भी सटीक हमले किए गए हैं।*

### ईरान के निशाने पर खाड़ी स्थित अमेरिकी एयरबेस

*वहीं ईरान ने सीधे अमेरिकी अड्डों को अपना निशाना बनाया है। कुवैत के अली अल-सलेम एयरबेस और बहरीन के शेख ईसा बेस पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। बताया जा रहा है कि बहरीन में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम के रिपेयर हैंगर और जेट फ्यूल टैंकों को भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत और यूएई के अल-धाफरा बेस पर भी ईरानी ड्रोन्स ने सैन्य साजो-सामान को निशाना बनाया है।*

## भारत के नाम शुक्रिया लिखकर ईरान ने इजराइल पर दागी मिसाइलें




**तेहरान/यरूशलेम।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच ईरान ने इजराइल पर अपना 83वां बड़ा मिसाइल हमला किया है। इस हमले ने पूरी दुनिया का ध्यान एक खास वजह से अपनी ओर खींचा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में देखा गया कि ईरानी सैनिकों ने इजराइल पर दागी जाने वाली मिसाइलों पर 'थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया' लिखकर भारत के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। बता दे कि ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) द्वारा किए गए इस हमले में लंबी और मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ-साथ घातक ड्रोन्स का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। केवल भारत ही नहीं, ईरान ने मिसाइलों पर स्पेन, पाकिस्तान और जर्मनी जैसे देशों के नाम भी लिखे और जंग के इस दौर में मिले समर्थन के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। ईरानी सेना के मुताबिक, यह कदम उन देशों और वहां की जनता के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए उठाया गया है जिन्होंने इस संघर्ष में ईरान के रुख का समर्थन किया है।

### ईरान ने तीन देशों के जहाजों को खदेड़ा

**नई दिल्ली।** ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स यानी आईआरजीसी ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अपने दुश्मनों के लिए बंद घोषित कर दिया है। शुक्रवार सुबह आईआरजीसी ने उन तीन जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर कर दिया, जो इस संकरे रास्ते को पार करने की कोशिश कर रहे थे। ईरान का साफ कहना है कि जो भी देश 'यहूदी-अमेरिकी दुश्मनों' का साथ देगा, उसके जहाजों को यहां से गुजरने की अनुमति नहीं मिलेगी। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दावा कर रहे थे कि बातचीत का रास्ता खुला है और ईरान नरम पड़ रहा है।

### ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों को झूठा साबित किया

दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को दावा किया था कि ईरान ने सद्भावना दिखाते हुए 10 ऑयल टैंकरों को रास्ता दिया है। उन्होंने इसे बातचीत की मेज पर ईरान की गंभीरता बताया था। लेकिन शुक्रवार को मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार ईरान ने ट्रंप को 'भ्रष्ट राष्ट्रपति' बताते हुए उनके दावों को सफेद झूठ करार दिया।

## खबर संक्षेप

### हेलिकॉप्टर दुर्घटना में 3 लोगों की मौत

**हनालेई (अमेरिका)।** अमेरिका के हवाई द्वीप पर एक सुदूर समुद्र तट पर एक हेलीकॉप्टर



दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काउई अग्निशमन विभाग ने बताया कि गुरुवार दोपहर कलालाऊ तट पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक पायलट और चार यात्री सवार थे।

### सिंध प्रांत में भूकंप के झटके, कोई हताहत नहीं

**कराची।** पाक के सिंध प्रांत के कई इलाकों में शुक्रवार को 5.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि इसमें किसी के



हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार, स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 36 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र शाहदकोट से लगभग 74 किलोमीटर पश्चिम में, 14 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोग दहशत में अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल गए। थाना प्रभारी करीम शाह ने कहा, भूकंप के झटके तेज थे।

## जी-7 की बैठक में जयशंकर ने उठाया वैश्विक-दक्षिण की चिंताओं का मुद्दा

# पश्चिम-एशिया क्षेत्र में युद्ध के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री से मिले जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- बोले विदेश मंत्री, बैठक में ऊर्जा, उर्वरक, खाद्य सुरक्षा को लेकर दुनिया के सामने रखी क्षेत्र की चिंताएं
- यूएन में जल्द सुधारों पर भी दिया जोर
- प्रेस वार्ता में बोले जायसवाल, 1971 के नरसंहार पीड़ितों के लिए न्याय की बांग्लादेश की मांग का समर्थन करता है भारत

अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य युद्ध के तनावपूर्ण हालातों में फ्रांस की राजधानी पेरिस में जी-7 और उसके अन्य भागीदार देशों एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। जिससे इतर भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के बीच भी मुलाकात हुई है। डॉ.जयशंकर ने शुक्रवार को एक तस्वीर के साथ साझा की गई 'एक्स' पोस्ट के जरिए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से हुई इस मुलाकात की जानकारी दी है।

हालांकि उन्होंने इस बारे में और कोई जानकारी अपनी पोस्ट में नहीं दी है। लेकिन तस्वीर में दोनों विदेश मंत्री आपस में बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। यहां बता दें कि पिछले महीने के अंत में यानी 28 फरवरी को हुई युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है। जब जी-7 के मंच पर भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों की प्रत्यक्ष रूप आमने-सामने की मुलाकात हुई है। पूर्व में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पश्चिम एशिया संकट के मामले पर टेलीफोन पर वार्ता की थी। जिसमें होर्मुज की खाड़ी से खुली हुई, सुरक्षित नौवहन व्यवस्था को सहमति प्रदान की गई थी।



### लचीले व्यापार गलियारों की दरकार

जी-7 के एक अन्य सत्र में जयशंकर ने कहा कि हमें और अधिक लचीले व्यापार गलियारों और सप्लाई चेन की आवश्यकता है। जो वर्तमान समय में पश्चिम-एशिया संकट की वजह से उत्पन्न हुई वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में और अधिक प्रासंगिक हो गई है। उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईमैक) पर जोर देते हुए कहा कि भारत के हाल के समय में दुनिया भर के देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की मदद से इस गलियारे के इस्तेमाल में वृद्धि होगी। भारत के विदेश मंत्री ने एफटीए के संबंध में यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ को मुख्य रूप से अपने संबोधन में शामिल किया है। कनेक्टिविटी से जुड़े इस अहम कदम को दिए गए व्यापक सहयोग और इस बाबत प्रदर्शित किए जा रहे उत्साह की अपनी पोस्ट में उन्होंने सराहना की है। वहीं, बीते गुरुवार को फ्रांस के विदेश मंत्री के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक में होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित बनाए रखने के लिए भारत और फ्रांस के लगातार एकजुटता से कार्य करने को लेकर भी सहमति जताई है।

### उठाया वैश्विक दक्षिण का मुद्दा

जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत के विदेश मंत्री ने खासतौर पर पश्चिम-एशिया तनाव के परिपेक्ष्य में सप्लाई चेन में आ रही दिक्कतों की वजह से वैश्विक दक्षिण क्षेत्र के सामने आ रही ऊर्जा, उर्वरक और खाद्य सुरक्षा जैसी चुनौतियों का उल्लेख किया। इस संवाद का विषय वैश्विक प्रशासनिक सुधारों पर केंद्रित था। जिसमें उन्होंने ये भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में सुधारों की तेज गति से आवश्यकता है। इसके अलावा यूएन शांति सेना अभियानों को और अधिक बेहतर बनाने और मानवीय सप्लाई चेन को मजबूती प्रदान की जानी चाहिए। यहां बता दें कि विदेश मंत्री समूह की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए दो दिवसीय (26-27 मार्च) फ्रांस यात्रा पर हैं। इस बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए अस्थिर माहौल की वजह से बैठक में होने वाली चर्चाओं के केंद्र में पश्चिम-एशिया संकट और वैश्विक प्रशासनिक सुधार का मुद्दा छाया हुआ है।

### 1971 के नरसंहार पर पाक को दो टूक

*उधर, नई दिल्ली में 27 मार्च को हुई प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पत्रकारों के प्रश्नों के जवाब में वर्ष 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट के तहत बांग्लादेश में किए गए नरसंहार को लेकर पाकिस्तान की अस्वीकृति को लेकर पड़ोसी दुश्मन देश को जमकर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है। पाकिस्तान हमेशा से इस मामले में अपना पल्ला झाड़ता रहा है, जिसे मैं, 'डिनायल मोड' कहता हूं। लेकिन भारत इस बाबत बांग्लादेश द्वारा नरसंहार पीड़ितों के लिए उठाई गई न्याय की मांग का पुरजोर अंदाज में समर्थन करता है। हमारा देश उन भयानक घटनाओं को भूला नहीं है। बताते चले कि रणधीर का यह बयान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की एक हालिया 'एक्स' पोस्ट के संदर्भ से जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के शहीदों और नरसंहार के अन्य सभी पीड़ितों के लिए न्याय की मांग का समर्थन किया है। भारत इसे जघन्य नरसंहार मानता है।*

### पाक ने किए सुनियोजित अत्याचार

*उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सर्चलाइट के जरिए पाकिस्तान ने बांग्लादेश में सुनियोजित ढंग से अत्याचार किए थे। जिससे भारत ही नहीं पूरी दुनिया की अंतरात्मा हिल गई थी। लाखों बेकसूर बांग्लादेशी लोगों की हत्या की गई। इतना ही नहीं महिलाओं के खिलाफ बड़े पैमाने पर यौन हिंसा हुई है। पाकिस्तान द्वारा अपने इतिहास को मानने, स्वीकारने से इंकार करने की वजह से क्षेत्रीय शांति और इतिहास के साथ न्याय के मामले के लिए भी चिंता उत्पन्न होती है।*

श्रीनगर-लेह हाईवे हुआ बंद

# लद्दाख में हिमस्खलन का कहर, सात की मौत



एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख में जोजीला पर श्रीनगर-लेह हाइवे पर शुक्रवार को एक विशाल हिमस्खलन के बाद सात लोग मारे गए। वहीं, कई अन्य लोग घायल हो गए। हिमस्खलन के चलते कई वाहन दब गए और हाइवे भी बंद हो गया।

प्रशासन ने सोनमर्ग और द्रास के जिला प्रशासन, पुलिस, सेना, सीमा सड़क संगठन और एसडीआरएफ को शामिल करते हुए एक बड़े बचाव अभियान की शुरुआत की है। वजह, दोपहर में भारी हिमस्खलन के बाद करीब 15 वाहन आंशिक या पूरी तरह से बर्फ में दब गए। बचाव कार्य के दौरान बड़ी संख्या में लोग और मशीनें रास्ता साफ कर रही थीं। इस दौरान इस बात पर गौर किया गया कि कहीं हिमस्खलन में कोई व्यक्ति फंसा हुआ तो नहीं है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट में मरने वालों को श्रद्धांजलि दी है।

### बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

*मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हिमस्खलन ने दोपहर में द्रास के जोजिला पास पर कैप्टन-टर्न हाइवे पर वाहनों को अपना निशाना बनाया। द्रास के एसडीएम विशाल अत्रि ने कहाकि इस दुखद घटना में पांच लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। मृतकों में तीन पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल हैं। अधिकारियों ने कहाकि मृतकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि कुछ वाहन पूरी तरह से बर्फ में दब गए हैं। एसडीएम अत्रि ने आगे बताया कि बचाव कार्य हाईवे के दोनों तरफ से चल रहा है। उन्होंने कहाकि कश्मीर के सोनमर्ग साइड और लद्दाख के द्रास साइड से इसे अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाईवे का एक बड़ा हिस्सा इस हिमस्खलन से प्रभावित हुआ है। लगभग 15 वाहन अभी भी बर्फ में दबे हुए हैं। हम हिमस्खलन के पीछे की तरफ नहीं जा सके।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109